3 राजधानी
सीबीआई मुख्यालय पर सुरक्षा कड़ी

6 प्रादेशिकी
अफजाल-मुख्तार के मामले में फैसले की बढ़ी तारीख

10 विदेश
भारत की वृद्धि की रफ्तार रहेगी कायम

12 स्पोर्ट्स
पंजाब ने लखनऊ को दो विकेट से हराया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 160
नई दिल्ली, रविवार, 16 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com



देश के प्राचीन ज्ञान का पता लगाएंः भागवत

राष्ट्रीय-11

माफिया अतीक-अशरफ की हत्या

● प्रयागराज में न्यायिक अभिरक्षा में मारी गयी गोली, तीनों हमलावर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

प्रयागराज में हमले से ठीक पहले पत्रकारों से बातचीत करता अतीक अहमद और उसका भाई अशरफ

प्रयागराज में अतीक और उसके भाई अशरफ पर हमले के बाद पुलिस ने घटना स्थल की चारों ओर से की घेराबंदी

गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की शनिवार रात को अज्ञात हमलावरों ने उस समय गोली मारकर हत्या कर दी जब पुलिस दोनों को यहां एक मेडिकल कॉलेज लेकर जा रही थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि घटना के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। महज दो दिन पहले ही झांसी में पुलिस मुठभेड़ में अहमद का बेटा असद मारा गया था। गोलीबारी की घटना रात करीब 10 बजे की है जो कैमरे में दर्ज हो गई क्योंकि मेडिकल जांच के लिए पुलिस द्वारा दोनों को अस्पताल ले जाते समय मीडियाकर्मी उनके साथ चल रहे थे।

सूत्रों के अनुसार, काल्विन अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा विभाग के सामने अतीक और अशरफ की तीन युवकों ने उस समय करीब से गोली मारकर हत्या कर दी, जब अतीक अहमद से पत्रकार कुछ सवाल कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार इसी दौरान तीन लड़के वहां पहुंचे और उन्होंने अतीक तथा अशरफ पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, हम लोग घटना की जांच कर रहे हैं। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। गिरफ्तार लोगों से अभी पूछताछ की जानी है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) करेली श्वेताभ पांडेय ने बताया कि अतीक और अशरफ को रुटीन जांच के लिए अस्पताल लाया गया था, तभी यह घटना हुई। उन्होंने यह भी बताया कि तीनों आरोपियों को पकड़ लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। हालांकि उन्होंने अन्य कोई ब्यौरा नहीं दिया। पुलिस के अनुसार घटनास्थल पर तीन पिस्तौल, एक मोटर साइकिल, एक वीडियो कैमरा और एक न्यूज चैनल का लोगो पड़ा मिला है। अंदेशा है कि तीनों हमलावर मीडियाकर्मी बनकर आए और घटना को अंजाम दिया। उन्होंने अपने गले में पहचान पत्र भी लटका रखे थे।

सनसनीखेज हत्या के बाद इलाके में तनाव है। अहमद एवं अशरफ के गोलियों से छलनी शवों को मौके से हटा लिया गया है। अहमद और उसके भाई अशरफ को 2005 के उमेश पाल हत्याकांड के सिलसिले में सुनवाई के लिए यहां लाया गया था। असद और गुलाम के शवों को दफनाया गया: दूसरी ओर अतीक अहमद के बेटे असद अहमद का शव शनिवार सुबह यहां कसारी मसारी कब्रिस्तान में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दफनाया गया, जबकि उसके साथी गुलाम का शव शिवकुटी स्थित कब्रिस्तान में दफन किया गया। बहुजन समाज पार्टी के विधायक राजू पाल के हत्याकांड के प्रमुख गवाह रहे उमेश पाल और उसके दो (शेष पेज 9)

केजरीवाल के साथ खड़ा हुआ विपक्ष

आबकारी नीति मामले में आज सीबीआई के सामने पेश होंगे दिल्ली के मुख्यमंत्री

● कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने लिखा पत्र, नीतीश ने कहा- वह समय पर देंगे जवाब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रविवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के समक्ष पेश होंगे। केंद्रीय जांच एजेंसी उनसे आबकारी नीति घोटाला मामले की जांच से जुड़े अहम बिंदुओं पर पूछताछ कर सकती है। उन्हें पूर्वाह्न 11 बजे बुलाया गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद भी केजरीवाल के साथ एजेंसी के मुख्यालय जाएंगे।

इसे देखते हुए सीबीआई मुख्यालय के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी की गई है। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केजरीवाल के साथ एकजुटता दर्शायी है। आबकारी नीति मामले में 26 फरवरी को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया गया था। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी मुख्यमंत्री से नीति निर्माण प्रक्रिया के बारे में पूछ सकती है, विशेष रूप से उस लापता फाइल के बारे में जिसे पहले मंत्रिपरिषद के समक्ष रखा जाना था। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ समिति की राय और उस पर जनता और कानूनी राय वाली फाइल को मंत्रिपरिषद के सामने नहीं रखा गया और वह अभी नहीं मिल पाई है।

उन्होंने कहा कि एजेंसी केजरीवाल से अन्य आरोपियों के बयानों के बारे में भी पूछताछ कर सकती है, जिन्होंने संकेत दिया था कि कुछ शराब कारोबारियों और साउथ लॉबी को फायदा पहुंचाने के लिए नीति को कथित तौर पर किस तरह प्रभावित किया गया। इसके अलावा, एजेंसी आबकारी नीति के निर्माण में केजरीवाल की भूमिका और व्यापारियों तथा साउथ लॉबी के सदस्यों द्वारा डाले गए कथित प्रभाव के बारे में उनसे पूछताछ कर सकती है। अधिकारियों ने कहा कि केजरीवाल से यह भी पूछा जा सकता है कि क्या वह नीति को मंजूरी देने से पहले इसे तैयार करने में शामिल थे। केजरीवाल ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह निर्धारित समय के अनुसार एजेंसी के सामने पेश होंगे। उन्हें (शेष पेज 9)

भाजपा ने सीएम को लाई डिटेक्टर टेस्ट की दी चुनौती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा ने शनिवार को दावा किया कि आबकारी नीति मामले में सीबीआई द्वारा तलब किए जाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल डरे हुए हैं। पार्टी ने कहा कि यदि डरने की कोई बात नहीं है तो उन्हें लाई डिटेक्टर टेस्ट कराना चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने संवाददाता सम्मेलन में जांच एजेंसी द्वारा जारी समन को लेकर केंद्र सरकार पर हमला करने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के नेता की आलोचना की और कहा कि यह बयानबाजी का नहीं, बल्कि जवाबदेही का वक्त है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विभिन्न पार्टियों के नेताओं पर केजरीवाल के पूर्व में किए गए हमलों का उल्लेख करते हुए भाटिया ने कहा कि आप सुप्रीमो को सच्चाई सामने लाने के लिए लाई डिटेक्टर टेस्ट कराना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल शराब घोटाला मामले में सरगना थे, जिसमें उनके विश्वासपात्र और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जेल में बंद हैं। भाटिया ने (शेष पेज 9)

यदि मैं भ्रष्ट, तो दुनिया में कोई ईमानदार नहींः केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सीबीआई द्वारा पूछताछ के लिए बुलाए जाने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि यदि वह भ्रष्ट हैं तो फिर दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है। केजरीवाल ने यह भी कहा कि वह अदालतों में झूठे शपथपत्र दायर करने के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दायर करेंगे। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय जांच एजेंसियों पर अदालतों में झूठे हलफनामे दायर करने का आरोप लगाया। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने कहा था कि ईडी ने अपने आरोप पत्र में कहा था कि पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने 14 फोन नष्ट किए, लेकिन सच्चाई अलग है।

जलवायु परिवर्तन के खिलाफ खड़ा हो जन आंदोलनः मोदी

पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी। नई दिल्ली/वाशिंगटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में लोगों की भागीदारी के साथ-साथ सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कोई विचार तब जन आंदोलन बन जाता है, जब वह चर्चा की मेज से घर-घर में रात्रि भोज की मेज तक पहुंच जाता है।

प्रधानमंत्री ने विश्व नेताओं से कहा कि जब लोग इस बात को लेकर सजग हो जाते हैं कि रोजाना के जीवन में की गई उनकी छोटी-छोटी कोशिशें भी बेहद कारगर साबित हो सकती हैं, तो पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने विश्व बैंक की ओर से मेकिंग इट पर्सनलः हाउ बिहेवियरल चेंज (शेष पेज 9)

कार्बन उत्सर्जन कटौती को तेज करें अमीर देशः भारत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जापान के सप्पोरो में जलवायु, ऊर्जा और पर्यावरण के मुद्दे पर जी-7 मंत्रियों की हुई बैठक में भारत ने कहा कि 2050 तक वैश्विक कार्बन उत्सर्जन नेट जीरो करने का लक्ष्य हासिल करने के लिए विकसित देशों को अपने उत्सर्जन में कटौती की दर को तेज करना होगा। जी-7 मंत्रियों के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि इससे भारत जैसे विकासशील देशों को अपने लोगों की जरूरतों को पूरा करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि साथ ही इससे जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक (शेष पेज 9)

बिहार जहरीली शराब से 14 लोगों की मौत

मोतिहारी, पटना (भाषा)। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में संदिग्ध जहरीली शराब त्रासदी में मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर 14 हो गई। पूर्वी चंपारण के जिला प्रशासन द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, जिला पुलिस को शनिवार को सूचना मिली कि तुरकौलिया, हरसिद्धि, सुगौली और पहाड़पुर में कुछ लोगों की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई है। ग्रामीणों ने पुलिस को यह भी बताया कि इन लोगों की मौत कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से हुई है। पुलिस जब शनिवार सुबह तुरकौलिया और पहाड़पुर पहुंची तो स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि पीड़ितों ने शुक्रवार और शनिवार की रात में शराब का सेवन किया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को तुरंत शहर के विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया। अंत में अधिकारियों को पता चला कि मोतिहारी निवासी दो लोगों की इलाज के दौरान मुजफ्फरपुर में और एक अन्य की मोतिहारी सदर अस्पताल में मौत हो गई। इसके अलावा, पुलिस को यह भी सूचना मिली कि संभवतः जहरीली शराब के सेवन के कारण 11 और लोगों (शेष पेज 9)

कांग्रेस में सचिन पायलट का नंबर कभी नहीं आएगाः शाह

पायनियर समाचार सेवा। भरतपुर

● राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर केंद्रीय गृहमंत्री ने साधा निशाना, कहा- भ्रष्टाचार के पैसों से पार्टी का खजाना भर रहे गहलोत

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राजस्थान में कांग्रेस में जारी कलह पर कटाक्ष किया और भ्रष्टाचार व तुष्टिकरण सहित अनेक मुद्दों को लेकर राज्य की अशोक गहलोत सरकार पर निशाना साधा।

गृहमंत्री शाह ने गहलोत सरकार को राज्य की अब तक की सबसे भ्रष्टतम सरकारों में से एक करार देते हुए आरोप लगाया कि (मुख्यमंत्री) गहलोत भ्रष्टाचार के पैसे से कांग्रेस का खजाना भर रहे हैं और (सचिन) पायलट का (कांग्रेस में) नंबर नहीं आएगा। शाह ने दावा किया कि भाजपा राज्य में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम व लोकप्रियता तथा भाजपा की विचारधारा के आधार पर चुनाव में उतरेगी। शाह शनिवार को बूथ अध्यक्ष संकल्प महासम्मेलन को संबोधित करते (शेष पेज 9)

मुंबई-पुणे राजमार्ग पर बस खाई में गिरी, 13 की मौत

भाषा। मुंबई

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में पुराने मुंबई-पुणे राजमार्ग पर शनिवार तड़के एक बस के खाई में गिर जाने से उसमें सवार कम से कम पांच नाबालिगों समेत 13 लोगों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक संगीत मंडली को लेकर पुणे से मुंबई जा रही निजी बस राजमार्ग पर शिंग्रोबा मंदिर के पास तड़के सवा चार बजे से साढ़े चार बजे के बीच 300 फुट गहरी खाई में गिर गई। यह हादसा खोपोली थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुआ। बस में 42 यात्री सवार थे। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतकों में छह वर्षीय एक बच्चे और 15 साल की एक किशोरी समेत कम से कम पांच नाबालिग शामिल हैं, जबकि घायलों में से भी कम से कम छह नाबालिग हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी हादसे पर दुख जताया है।

ट्रैक्टर-ट्राली नदी में गिरी, 12 लोग मरे

पायनियर समाचार सेवा। शाहजहांपुर

उप्र के शाहजहांपुर जिले के तिलहर थाना इलाके में शनिवार को भागवत कथा के लिए जल लेने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली के पुल के ऊपर से गर्रा नदी में गिर जाने से 12 लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हुए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह हादसा ओवरटेक करने के दौरान हुआ और मामले में ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। हादसे में मारे गए लोगों की पहचान पुष्पा (50), रूपवती (52), अंशिका (16), गोलू (12), अमित (35),काजल (14), गोलू (12), कल्लू (15) ,राजन (14), लक्ष्य (सात), शिवानी (20), शोभा (13) के (शेष पेज 9)

सड़क दुर्घटना में छह की मृत्यु, आठ घायल

श्रावस्ती(भाषा)। उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में बौद्ध परिपथ पर इकौना थानाक्षेत्र में सोनरई के निकट शनिवार सुबह एक कार के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के बाद गड्ढे में गिर जाने से छह लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हताहतों में ज्यादातर लोग एक ही परिवार के थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह बौद्ध परिपथ पर उनका वाहन अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकराया और सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। उनके अनुसार इस दुर्घटना के फलस्वरूप इनोवा में सवार हीरा लाल उर्फ शैलेंद्र गुप्ता (30), मुकेश कुमार (30), पुत्ती लाल उर्फ अर्जुन (32), वीरु उर्फ अमित (09), रामा देवी (28) तथा कार चालक हरीश कुमार (42) की मौके पर मृत्यु हो गई।

क्विक न्यूज

सूडान में संघर्ष, भारत ने अपने नागरिकों को सतर्क रहने को कहा

खार्तूम। सूडान की राजधानी खार्तूम समेत आसपास के इलाकों में शनिवार को सेना और अर्द्धसैनिक बलों के बीच बड़े पैमाने पर हुए संघर्ष में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। एक सूडानी चिकित्सक समूह ने यह जानकारी दी। गोलीबारी की आवाज राजधानी के मध्य क्षेत्रों के अलावा पड़ोसी शहर बहरी में भी सुनाई दी। सूडान डॉक्टर्स कमेटी ने एक बयान में कहा कि यहां हवाई अड्डे पर दो आम नागरिक मारे गए जबकि अन्य व्यक्ति की उत्तरी कोरडोफान शहर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। हालांकि, इस बारे में कोई स्पष्ट जानकारी साझा नहीं की गई कि हवाई अड्डे पर दो लोगों की मौत कैसे हुई? दूसरी ओर सूडान की राजधानी खार्तूम में बड़े पैमाने पर हिंसा के बाद सूडान स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और घरों में रहने की सलाह दी। दूतावास ने ट्वीट कर भारतीयों से शांत रहने और अद्यतन जानकारी का इंतजार करने का भी आग्रह किया। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, सभी भारतीयों के लिए सूचना।

जापान में बंदरगाह पर विस्फोट प्रधानमंत्री किशिदा बाल-बाल बचे

● प्रधानमंत्री मोदी ने की किसी भी तरह की हिंसा की निंदा

एपी/पीएनएस। तोक्यो, नई दिल्ली

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा शनिवार सुबह पश्चिमी जापान के एक बंदरगाह पर चुनाव प्रचार के दौरान विस्फोट में बाल-बाल बच गए। अधिकारियों ने बताया कि किसी ने उनकी तरफ एक विस्फोटक फेंका था। पुलिस ने एक संदिग्ध को मौके पर ही दबोच लिया।

विस्फोट में कोई घायल नहीं हुआ और किशिदा की शनिवार को प्रचार अभियान जारी रखने की योजना है। पूरे जापान में सुरक्षा बढ़ा दी गई है, क्योंकि रविवार को जी-7 के विदेश मंत्रियों की बैठकों के लिए दुनिया के सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र के कुछ वरिष्ठ राजनयिक यहां पहुंचे हैं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक प्रचार अभियान के दौरान हुए विस्फोट में जापान के अपने समकक्ष फुमियो किशिदा के सकुशल बचने पर राहत जताई और कहा कि भारत हिंसा के सभी कृत्यों की निंदा करता है। किशिदा अपने गृह नगर हिरोशिमा में 19 से 21 मई को जी-7 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे।

बहरहाल, इस घटना ने नौ महीने पहले किशिदा के पूर्ववर्ती शिंजो आबे की पश्चिमी शहर नारा में एक चुनाव प्रचार अभियान के दौरान हुई हत्या की यादें ताजा कर दी हैं। किशिदा स्थानीय चुनाव में अपनी सत्तारूढ़ पार्टी के एक उम्मीदवार का उत्साहवर्धन करने के लिए वाकायामा के साईकजाकी बंदरगाह पहुंचे थे। प्रधानमंत्री अपना भाषण शुरू करने ही वाले थे कि वहां विस्फोट हो गया। मुख्य कैबिनेट मंत्री हिरोकाजु मात्सुनो ने पत्रकारों को बताया कि संदिग्ध माने जा (शेष पेज 9)

सीएपीएफ कांस्टेबल के लिए हिंदी समेत 13 क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने एक ऐतिहासिक फैसला करते हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) पदों के लिए हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा आयोजित कराए जाने को मंजूरी दे दी है। आधिकारिक बयान में कहा गया कि यह ऐतिहासिक निर्णय सीएपीएफ में स्थानीय युवाओं की संख्या बढ़ाने और क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहित करने की गृह मंत्री अमित शाह की पहल पर लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस फैसले की सराहना की। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, एक ऐतिहासिक निर्णय, जो हमारे युवाओं की आकांक्षाओं को पंख देगा, यह हमारे विभिन्न प्रयासों का एक हिस्सा है, जो यह सुनिश्चित करता है कि भाषा किसी के सपनों को पूरा करने में बाधा (शेष पेज 9)

लू के थपेड़ों से राजस्थान से बिहार तक बुरा हाल

दिल्ली में पारा 41, राजस्थान में 42 तो बिहार में 43 डिग्री सेल्सियस के पार

● नया पश्चिमी विक्षोभ हो रहा सक्रिय, 18-19 को बारिश होने या बादल छाए रहने की संभावना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फाइल फोटो

सीजन की पहली लू चलने से दिल्ली से लेकर बिहार, राजस्थान समेत पूरे उत्तर भारत में बुरा हाल हो गया। शनिवार को दिल्ली का तापमान जहां सामान्य से चार डिग्री अधिक करीब 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं बिहार में पारा 43 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान के कई हिस्सों में तापमान 42 से 43 डिग्री रहा।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी भीषण गर्मी का रंग देखने को मिला। लखनऊ में तापमान 40 डिग्री रहा। नई दिल्ली में पिछले दिनों बारिश के बाद से मौसम काफी नरम था, लेकिन पिछले दो दिन अचानक गर्मी ने तेजी दिखाई और शनिवार को पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। तेज गर्म हवा के थपेड़ों ने घरों से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया। देर शाम तक यही हाल रहा। पूरे दिल्ली एनसीआर में दिन का औसत तापमान जहां सामान्य से चार अधिक 40.5 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं रात का तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। बिहार के निवासियों के लिए लू जैसी स्थिति से कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है क्योंकि राज्य में कम से कम पांच स्थानों पर पारा 43 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर गया है।

बिहार मौसम सेवा केंद्र (बीएमएसके) द्वारा जारी एक बुलेटिन के अनुसार, 24 अप्रैल तक राज्य में भीषण गर्मी की स्थिति बने रहने की संभावना है। बिहार के आपदा प्रबंधन मंत्री शाहनवाज ने शनिवार को बताया कि लोगों को सलाह दी जाती है कि वे गर्मी के प्रकोप और निर्जलीकरण से बचें। रोहतास के डेहरी प्रखंड, गया के खिजरसराय प्रखंड और नवादा जिले के वारिसलीगंज में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

नालंदा में अधिकतम तापमान 43.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अरवल में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, राजस्थान में गर्मी ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया है जहां बीते 24 घंटे में सर्वाधिक अधिकतम तापमान गंगानगर में 42.1 डिग्री दर्ज किया गया। राज्य में ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री से. के बीच बना हुआ है। आगामी 48 घंटों में तापमान में और 1 से 2 डिग्री सेल्सियस वृद्धि की संभावना है। उत्तर प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर (शेष पेज 9)

निकाय चुनाव: कल से जमा होंगे नामांकन पत्र

जिला निर्वाचन कार्यालय तैयार, जिला मुख्यालय परिसर के अन्दर प्रत्याशी के समर्थक नहीं जा सकेंगे

- जिले में 294 वार्डों के पार्षद और सदस्य पदों पर होगा चुनाव
- नामांकन की पूरी प्रक्रिया की विडियोग्राफी भी कराई जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निकाय चुनाव के लिए दूसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया सोमवार यानि 17 अप्रैल से शुरू होगी। नामांकन कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय पूरी तरह से तैयार है। नामांकन के लिए आरओए एआरओ की तैनाती कर दी गई है।

नामांकन कक्ष में प्रत्याशी के साथ दो लोग जा सकेंगे। इतना ही नहीं जिला मुख्यालय परिसर के अन्दर प्रत्याशी के समर्थक नहीं जा सकेंगे। सभी को बाहर सड़क पर ही रोक दिया जाएगा। जिला मुख्यालय में अन्य किसी का प्रवेश बंद रहेगा। इतना ही नहीं नामांकन की पूरी प्रक्रिया की विडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

नामांकन से संबंधित सभी स्टेशनरी आरओ का रविवार तक उपलब्ध करा दी जाएगी व साथ ही नामांकन कक्ष को रविवार को पूरी तरह से तैयार कर दिया जाएगा। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था का भी कड़ा इंतजाम किया जाएगा। जिले में 294 वार्डों के पार्षद, सदस्यों पदों पर चुनाव होना है, जिनमें गाजियाबाद नगर निगम में सौ वार्डों के पार्षद का चुनाव व एक मेयर पद के लिए चुनाव होगा। नगर पालिका मोदीनगर में 34, मुरादनगर में 25, लोनी में 55, खोड़ा में 34, नगर पंचायत निवाड़ी में 10, पतला में 10 और फरीदनगर में 11 और डासना में 15 वार्डों पर चुनाव होना है, जिसके लिए नामांकन प्रक्रिया 17 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। जिले में दूसरे चरण में मतदान होना है जो 11 मई को होगा।

दूसरे चरण के मतदान के लिए 17 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन के लिए अलग-अलग स्थान जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए हैं जिसमें नगर निगम महापौर के नामांकन जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष व जिला मुख्यालय में होंगे और नगर निगम पार्षद पद के नामांकन नवयुग मार्किट स्थित नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज में होगे। डासना नगर पंचायत के अध्यक्ष व सदस्य पद के नामांकन जिला मुख्यालय एडीएम सिटी कोर्ट में होंगे।

खोड़ा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष व सदस्य पद के नामांकन गाजियाबाद तहसील में होंगे। मुरादनगर नगर पंचायत, निवाड़ी नगर पंचायत, पतला नगर पंचायत व फरीदनगर नगर पंचायत के अध्यक्ष व सदस्य पद के नामांकन मोदीनगर तहसील में होंगे।

लोनी नगर पालिका के अध्यक्ष व सदस्य पद के नामांकन वर्धमान सरस्वती शिशु मंदिर लोनी में होंगे। नगर निगम में सबसे अधिक सौ वार्ड हैं जिसके चलते एक आरओ एक से लेकर पांच वार्डों पर नामांकन कराएगा। नामांकन के लिए 61 रिर्टनिंग ऑफिसर, 90 सहायक रिर्टनिंग अधिकारी तैनात किए गए हैं जिसमें नगर निगम में 21 आरओ व 43 एआरओ, मोदीनगर में आठ आरओ व 9 सहायक एआरओ, मुरादनगर में छह आरओ व 7 एआरओ, लोनी में 10 आरओ व 11 एआरओ, खोडा में 7 आरओ व 8 एआरओ, निवाड़ी में दो आरओ व 3 एआरओ, पतला में दो आरओ व 3 एआरओ, फरीदनगर में 2 आरओ व 3 एआरओ व डासना में 3 आरओ व 3 एआरओ तैनात किए गए हैं। 17 अप्रैल से नामांकन पत्र विक्रय के साथ ही नामांकन भी शुरू होंगे। गाजियाबाद नगर निगम में अनराक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए नामांकन पत्र एक हजार रुपए, एससी, एसटी, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला उम्मीदवारों के लिए 500 रुपए होगा व जमानत राशि छह हजार रुपए होगी।

सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए जमानत राशि 12 हजार रुपए होगी। बाकी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के लिए नामांकन पत्र सामान्य वर्ग के लिए 500 व जमानत राशि आठ हजार, आरक्षित वर्ग के लिए नामांकन पत्र 250 व जमानत राशि 4 हजार रुपए होगी। ज्ञात हो गाजियाबाद जिले में लाखों की तादाद में वोटर है। यहां वोट प्रतिशत तो कम रहता है लेकिन मतदाताओं की संख्या में काफी है।

बदली व्यवस्था अब टोकन से मिल रही एनओसी

गाजियाबाद। नगर निगम से पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग एनओसी ले रहे हैं। एनओसी को लेकर बढ़ती मारामारी के बीच नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने स्वयं ही कमान संभाल ली है। सुबह नगर आयुक्त अचानक से नगर निगम सभागार में पहुंचे। वहां पहले से ही एनओसी को लेकर लंबी लाइन लगी हुई थी। नगर आयुक्त ने सभी को उतावलापन न दिखाने के लिए कहा। इसके बाद उन्होंने नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों की एनओसी रिलीज करने के लिए और टीम को लगाया। साथ ही प्रवेश के स्थान पर एंट्री के लिए रजिस्टर रखवाया और टोकन की व्यवस्था लागू कर दी। अब प्रत्येक आवेदक को टोकन देकर अपनी बारी से आने के लिए कहा जा रहा है। नगरआयुक्त स्वयं ही सभागार में बैठ गए। उनका मसकद था कि एनओसी लेने के लिए आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। वहीं, नगर आयुक्त ने लोगों से भी कहा कि वह शांति के साथ एनओसी हासिल करे। दूसरी और नगर आयुक्त ने एनओसी जारी करने वाले कर्मचारियों की संख्या भी दोगुनी कर दी है। अभी तक 315 लोग एनओसी हासिल कर चुके है। साथ ही कई और अधिकारियों को भी इस कार्य में लगाया गया है।

अध्यक्ष के लिए सफेद और सदस्यों के लिए गुलाबी होगा बैलेट पेपर

गाजियाबाद। नगर निकाय चुनाव में ईवीएम व बैलेट पेपर से मतदान कराया जाएगा। नगर निगम के सौ वार्डो व लोनी नगर पालिका का चुनाव ईवीएम से होगा लेकिन जिले की चार नगर पालिका व 4 नगर पंचायत का चुनाव बैलेट पेपर से होगा। चुनाव आयोग ने अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए बैलेट पेपर के रंग निर्धारित कर दिए हैं। नगर पंचायत एवं नगर पालिका परिषद के सदस्य पद के लिए गुलाबी रंग के बैलेट से मतदान कराया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए सफेद रंग के बैलेट पेपर का इस्तेमाल होगा। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए हरे रंग के बैलेट पेपर का इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं नगर निगम के महापौर पद के लिए इस्तेमाल में लाई जाने वाली ईवीएम के लिए नीला पेपर इस्तेमाल किया जाएगा। मोदीनगर नगर पालिका के 34 वार्डो के लिए 46 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं वह 199 मतदेय स्थल होंगे। जहां बैलेट पेपर से चुनाव कराया जाएगा। इसी तरह मुरादनगर के 25 वार्डो के लिए 28 मतदान

केन्द्र व 108 मतदेय स्थल होंगे। खोडा नगर पालिका के 34 वार्डो के लिए 46 मतदान केन्द्र पर 177 मतदेय स्थल होंगे। निवाडी नगर पंचायत के 10 वार्डो के लिए 4 मतदान केन्द्र व 10 मतदेय स्थल, पतला नगर पंचायत के 10 वार्डो के लिए 3 मतदान केन्द्र व 10 मतदेय स्थल, फरीदनगर नगर पंचायत के 11 वार्ड के लिए 4 मतदान केन्द्र व 13 मतदेय स्थल और डासना नगर पंचायत के 15 वार्डो के लिए 9 मतदान केन्द्र व 36 मतदेय स्थल बनाए गए हैं जहां बैलेट पेपर से चुनाव कराया जाएगा। नगर निगम और लोनी नगर पालिका का चुनाव ईवीएम से होगा क्योंकि यहां वार्डो की संख्या सबसे अधिक है।

गाजियाबाद मेयर पद के लिए नीलम गर्ग को सपा का टिकट

- भाजपा के गढ़ में लगाया वैश्य समाज पर दांव

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद

समाजवादी पार्टी ने मेयर पद के प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी है। इस बीच सपा ने शनिवार को गाजियाबाद से नीलम गर्ग को मेयर का टिकट दिया है। बता दें कि गाजियाबाद बीजेपी का गढ़ रहा है। बीजेपी के गढ़ में सपा ने नीलग गर्ग को मैदान में उतारा है। नीलम गर्ग के पति पीएन गर्ग भी समाजवादी पार्टे के वरिष्ठ नेता हैं। पीएन गर्ग काफी लंबे समय से सपा से जुड़े हैं।

वहीं नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस में सरगर्मियां लगातार बढ़ रही हैं। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी पूर्व में ही महानगर के सभी 100 वार्डों में पार्षद प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए प्रभारी नियुक्त कर चुके हैं। महापौर पद के लिए टिकट के लिए दावेदारी करने वाली महिलाओं की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। कांग्रेस की नेत्री सविता गौतम और पूजा मेहता ने पार्टी कार्यालय पहुंचकर प्रभारी बदरुद्दीन कुरैशी और महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी के समक्ष महापौर के टिकट के लिए आवेदन किया।

गौरतलब है कि महानगर अध्यक्ष पूर्व में ही स्पष्ट कर चुके हैं कि कांग्रेस पार्टी नगर निगम का चुनाव लडने् के लिए पूरी तरह से तैयार है। सभी 100 वार्डों पर पार्षद और महापौर प्रत्याशियों के चयन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में महानगर कांग्रेस कार्यालय पर आवेदन स्वीकार करने का दौर चल रहा है। महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी का कहना है कि जल्द ही महापौर पद के लिए स्वीकार किए गए आवेदानों में से चयन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद पैनल बनाकर हाईकमान को भेजा जाएगा। हाईकमान महापौर पद पर अंतिम मुहर लगाएगा।

सुभासपा ने घोषित किया मेयर प्रत्याशी

गाजियाबाद। सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी ने गाजियाबाद में अपना मेयर प्रत्याशी घोषित कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि प्रिया गुप्ता को मेयर पद का उम्मीदवार बनाया गया। इस अवसर पर प्रिया गुप्ता ने कहा कि एक समय गाजियाबाद विश्व के सर्वश्रेष्ठ उभरते हुए शहरों में से एक था। प्रिया गुप्ता ने कहा कि गाजियाबाद का वहीं रूतबा वापस लाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में एक ऐसा बाजार विकसित किया जायेगा जिसमें काम करने वाली सभी महिलाएं ही होंगी। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक सतेंद्र यादव ने कहा कि उनका संगठन शहीद क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानियों की विचारधारा को हर घर तक पहुंचाने का काम कर रहा है।

संक्षिप्त समाचार

नोएडा मीडिया क्लब ने एबीपी न्यूज को शिकस्त दी

नोएडा। नोएडा के स्थापना दिवस पर नोएडा प्राधिकरण द्वारा आयोजित चेयरमैन कप क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गए मैच में नोएडा मीडिया क्लब ने एबीपी न्यूज को आठ विकेट से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एबीपी न्यूज की टीम 102 रन पर सिमट गई। जीएस विवेक ने सर्वाधिक 18 रन बनाए। अमित काजी ने 17 व दिव्यांकर ने 16 रन बनाए। नोएडा मीडिया क्लब के लिए लोकेश चौहान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में नौ रन देकर चार विकेट लिए। नवनीत ने दोए अभिनवए अमृत व रवि ने एक.एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नोएडा मीडिया क्लब की टीम ने दो विकेट खोकर आसानी से मैच जीत लिया। सौरभ शर्मा ने 53 रन की शानदारी पारी खेली। अंकित ने 22 व हितेश ने 18 रन बनाए। लोकेश चौहान को मैन आफद मैच चुना गया।

नए रजिस्ट्रार ऑफिस के विरोध में वकील

नोएडा। जनपद गौतमबुद्धनगर के दादरी में स्थित रजिस्टार ऑफिस को दो भागों में कर नोएडा एक्सटेंशन में खोलने की जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारी का आज दादरी रजिस्टार ऑफिस में काम करने वाले वकीलों ने पुरजोर विरोध किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महिपाल भाटी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में वकीलों ने दादरी रजिस्टार ऑफिस पर धरना प्रदर्शन किया। वकीलों का कहना है कि रजिस्टार ऑफिस दो भाग में बांटने से उनका काम प्रभावित होगा। वकीलों की विरोध प्रदर्शन की सूचना पाकर मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।

तेज रफ्तार कार ने तीन बाइक में मारी टक्कर

गाजियाबाद। एक कार शनिवार की सुबह मुरादनगर से मेरठ की ओर जा रही थी। बताया जा रहा है कि चालक काफी तेज रफ्तार में कार चला रहा था। जब कार दिल्ली मेरठ मार्ग पर तेल मिल गेट के सामने पहुंची तो तीन बाइक में टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर मारने के बाद चालक ने गाली गलौज शुरू कर दिया और हंगामा खड़ा कर दिया। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी कार चालक ने अभद्रता की। पुलिस चालक को पकड़कर मोदीनगर थाने ले आई और हवालात में डाल दिया। एसीपी मोदीनगर रितेश त्रिपाठी ने बताया कि चालक सचिन चौधरी जिला बागपत का रहने वाले है। चालक ने अत्याधिक शराब पी रखी थी। उसका शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया गया।

गेहूं के खेत में लगी आग

नोएडा। नोएडा के सेक्टर 151 अमन सोसाइटी के पीछे कंबाइन द्वारा कटे गेहूँ के खेत में आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर सर्विस यूनिट की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। ग़नीमत रही की आग गेहूँ की खड़ी फसल तक नहीं पहुंची। नहीं तो काफी नुकसान हो सकता था। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि खेत में आग लगी वहां भूसा और पराली रखी हुई थी। किसान पराली को आग लगा रहे थे। वो कंट्रोल नहीं हुई और आग तेजी से फैलने लगी। आग करीब 15 बीघा खेत में लगी। पास में ही खड़ी फसल भी थी। वहां तक आग पहुंचती इससे पहले ही इसे काबू में करते हुए बुझा दिया गया। बता दे विगत एक सप्ताह से नोएडा में तापमान तेजी से बढ़ा है। ऐसे में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ रही है। ऐसे में सतर्क रहे। ताकि आग की घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल आग की वजह से एक्सप्रेस वे और आसपास के क्षेत्र में धुआं भी फैल गया था। हवा चलने से वो अब साफ हो गया है।

सोमवार से रात 12 बजे तक खुलेगी एमएमएच महाविद्यालय की लाइब्रेरी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

परीक्षा, शोध, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए बड़ी खबर है। अब उन्हें तैयारी करने के लिए एमएमएच कॉलेज की लाइब्रेरी रात 12 बजे तक खुली मिलेगी।

सोमवार 17 अप्रैल से यह व्यवस्था लागू होने जा रही है। एमएमएच कॉलेज के प्राचार्य प्रो पीयूष चौहान ने बताया कि अभी तक कॉलेज समय में लाइब्रेरी बंद हो जाती है, जिसकी वजह से कॉलेज के उन छात्रों को दिक्कतें होती थीं जो परीक्षा या अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते थे। अब उनके लिए यह लाइब्रेरी रात 12 बजे तक होगी। भविष्य में छात्रों की मांग पर लाइब्रेरी 24 घंटे खुलेगी।

प्राचार्य ने बताया कि इस लाइब्रेरी में कॉलेज के अलावा बाहरी छात्रों को भी प्रवेश मिल सकेगा। इसके लिए बाहरी छात्रों को सदस्यता का एक फार्म भरना होगा जिसमें 500 सौ रुपए बतौर डिपोजिट जमा कराने होंगे। यह फीस रिफंडेबल होगी जो सदस्यता समाप्त होने के उपरांत लौटाई जा सकेगी।

नोएडा में मास्क अनिवार्य, स्कूलों के लिए गाइडलाइन जारी

- गाजियाबाद में बीते 24 घंटे के अंदर कोरोना के 64 नए केस सामने आए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा/गाजियाबाद

दिल्ली में जैसे-जैसे कोरोना की रफ्तार बढ़ रही, वैसे-वैसे उसका असर इससे सटे शहरों में देखने को मिल रहा है।

गाजियाबाद में बीते 24 घंटे के अंदर कोरोना के 64 नए केस सामने आए हैं। गाजियाबाद में जहां स्कूल-कॉलेजों के लिए गाइडलाइन जारी कर दी गई है। वहीं इससे सटे नोएडा में पब्लिक प्लेस पर मास्क अनिवार्य कर दिया गया है। गाजियाबाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार सुबह जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, 1087 एंटीजन जांचें हुईं।

इसमें 64 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। इस प्रकार जिले में अब कोरोना के एक्टिव केस 357 हो गए हैं। इनमें 22 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं और 335 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। मार्च में जहां 316 केस मिले थे, वहीं अप्रैल में आज तक 564 केस मिल चुके हैं।

नोएडा में बुखार के मरीजों का हो रहा है एंटीजन टेस्ट

नोएडा। नोएडा में कोरोना बेकाबू होता दिख रहा है। अब अस्पतालों में भर्ती होने वाले समान्य मरीजों के पहले एंटीजन टेस्ट किए जा रहे है। ताकि संक्रमण न फैले। मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में कोरोना की लहर आ सकती है। कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 560 पहुंच चुकी है। पिछले चार दिनों में 450 से ज्यादा नए केस सामने आए है। 24 घंटे में 141 नए मामले सामने आए है। वहीं की होने वाले मरीजों की संख्या 45 है। यानी नए मरीजों का रेशियों काफी ज्यादा ज्यादा है। 21 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि मरीजों में ऑक्सीजन सपोर्ट की आवश्यकता नहीं पड़ रही।

जी-20 सम्मेलन के लिए खर्च होंगे 110 करोड़

- नोएडा में बटर फ्लाई, धर्म चक्र, अशोक स्तंभ के साथ बनेगा वाटर फॉल



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा जी-20 सम्मेलन से पहले की तैयारियां की जा रही है। इसके लिए शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। प्राधिकरण इसके लिए 11 पाइंट पर काम कर रहा है। ये पाइंट थीम पेंटिंग, म्यूरल स्कल्पचर, सेंट्रल वर्ज, फुटपाथ मरम्मत, नाली मरम्मत, रंगाई पुताई एवं पेंटिंग, दिशा सूचक बोर्ड, यूरीनल, पैच रिपेअर और पार्किंग विकास है। इसके लिए 110 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। ये सभी कार्य जून तक पूरे कर लिए जाएंगे।

प्राधिकरण के डीजीएम श्रीपाल भाटी ने बताया कि 11 पाइंट में 170 काम होने है। इसमें 47 स्थानों पर थीम पेंटिंग की जाएगी। 15 स्थानों पर म्यूरल, स्कल्पचर, 14 स्थानों पर सेंट्रल वर्ज को ठीक किया जाएगा। 18 फुटपाथ की मरम्मत की जाएगी। 22 स्थानों पर नाली की मरम्मत की जाएगी। जिनको मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने स्वीकृति दे दी है। ये सभी कार्य 10 सर्किल में डिवाइड किए गए है। बता दे नोएडा को 10 सर्किल में बांटा गया है। ऐसे में सर्किल-1 में 21.69 करोड़ के काम होंगे। सर्किल-2 में 9.02 करोड़, सर्किल-3 में 52.99 करोड़, सर्किल-4 में 10.70 करोड़, सर्किल-7 में 4.11 करोड़, सर्किल-8 में 1.22 करोड़, सर्किल-9 में 8.15 करोड़ और सर्किल.10 में 2.20 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

नोएडा पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह द्वारा थाना सूरजपुर सेंट्रल नोएडा का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान महिला/साइबर हेल्प डेस्क, कार्यालय अभिलेख का निरीक्षण किया। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

लाल रंग की कार नोएडा पुलिस को दे रही चुनौती

- 133000 के कट चुके हैं चालान लेकिन बंद नहीं हो रही स्टंटबाजी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में स्टंटबाज अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ग्रेटर नोएडा पुलिस के लिए एक लाल रंग की आई 20 कार चुनौती बनी हुई है। इस कार से आए दिन ग्रेटर नोएडा की सड़कों पर स्टंट किया जाता है।

जानलेवा स्टंट करते हुए कार का चालान भी होता है लेकिन उसके बावजूद भी स्टंटबाजी बंद नहीं हो रही है। इस गाड़ी के अब तक 133000 रुपए के चालान कट चुके है। ग्रेटर नोएडा की व्यस्त सड़को पर लाल रंग की आई 20 कार स्टंट कार बन गयी है। शुक्रवार को भी इस कार में सवार युवक ने नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में कार से फिल्मी स्टंट किया।

जानलेवा स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया और उसके बाद नोएडा की ट्रैफिक पुलिस हरकत में आ गई और नोएडा की ट्रैफिक पुलिस ने 37000 का चालान काट दिया। लेकिन स्टंटबाजी में किए गए चालान का शायद इस कार सवार पर कोई फर्क ना पड़े क्योंकि इस आई 20 कार के अभी तक 133000 रुपये के चालान काटे जा चुके हैं और जिनमें से काफी ऐसे चालान है जो रश ड्राइविंग या स्टंटबाजी करने पर ही काटे गए हैं। यह आई 20 गाड़ी किसी श्यामवीर के नाम है। जोकि ग्रेटर नोएडा के कामबख्शपुर डेरिंग गांव के पते पर रजिस्टर्ड है। इस गाड़ी के अब तक 133000 रुपये के चालान काटे जा चुके हैं। इसमें स्टंटबाजी करने पर 37000 का चालान 14 अप्रैल 2023 को काटा गया।

19 मार्च को 5500 रुपए का चालान काटा गया। वहीं 6 मार्च 2023 को स्टंटबाजी और रश ड्राइविंग करने पर 37000 का चालान काटा गया। 2019 से लेकर अब तक इस गाड़ी के करीब 15 चालान काटे गए। एक लाख 33 हजार रुपए के चालान के बावजूद भी इस लाल गाड़ी की स्टंटबाजी नहीं रूक रही है।

पुलिस की ओर से चालान की कार्रवाई कर दी जाती है लेकिन इस गाड़ी से दोबारा से इसी तरह से स्टंट करके पुलिस को चुनौती दे दी जाती है। हालाकि पुलिस के लिए यह लाल कार चुनौती बनी है। शुक्रवार को इस गाड़ी से नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के एक्सपो मार्ट के पास स्टंट किया गया। गाड़ी को तेजी से गलत साइड चला कर स्टंट करते हुए इसका वीडियो वायरल हो गया, जिस पर पुलिस ने संज्ञान लिया। पुलिस का कहना है कि चालान की कार्रवाई कर दी गई है। गाड़ी की तलाश की जा रही है। कार सवार के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

तीन दोस्तों ने कुकर्म के बाद की थी मूक बधिर किशोर की हत्या

- पुलिस ने खुलासा कर, आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मधुबन-बापूधाम थाने के एसओ नीरज तोमर की टीम ने अथक प्रयास एवं वैज्ञानिक व मैन्यूअल मैथड का प्रयोग करके 10 अप्रैल को हुई 16 वर्षीय सन्नी परिवर्तित नाम के ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर दिया।

पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक काशीराम आवासीय योजना में रहने वाले उपरोक्त तीनों अभियुक्त गंगनहर में नहाने के बहाने मूक बधिर सन्नी को अपने साथ ले गये थे। उसके बाद तीनों ने पहले तो कुकर्म किया और फिर उसकी हत्या करके शव को मुरादनगर गंगनहर में बहा दिया। उसके बाद तीनों शातिरों ने पुलिस व मृतक के परिजनों को गुमराह करने के लिये यह बता दिया कि जब वो गंगनहर में नहा रहे थे तो सन्नी पानी के बहाव में बह गया। मसूरी थाना क्षेत्र में किशोर का शव मिलने के बाद जब पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम करवाया तो जांच रिपोर्ट से यह उजागर हो गया कि उसकी न केवल हत्या की गई थी, बल्कि मर्डर से पहले उसके साथ कई लोगों ने कुकर्म भी किया था। उक्त बात का पता चलते ही पुलिस ने मर्डर के खुलासे के प्रयास शुरू कर दिये।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

केजरीवाल की पेशीः सीबीआई मुख्यालय पर कड़ा सुरक्षा घेरा

मुख्यमंत्री से पूछताछ के मद्देनजर तैनात किए जाएंगे 1000 से अधिक सुरक्षाकर्मी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

निरस्त आबाकारी नीति में कथित घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से रविवार सुबह 11 बजे सीबीआई द्वारा पूछताछ को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई है। सीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई मुख्यालय के बाहर अर्धसैनिक बलों के कर्मियों समेत 1000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनाती की जा रही है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी।

केजरीवाल को अब निरस्त कर दी गई दिल्ली की आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गवाह के रूप में तलब किया है। अधिकारियों ने बताया कि राउज एवेन्यू में स्थित आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यालय के बाहर भी सुरक्षा कड़ी की जाएगी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इन दोनों ही स्थानों पर सड़कों पर पर्याप्त संख्या में अवरोधक भी लगाए जाएंगे ताकि आप कार्यकर्ता एवं समर्थक कोई समस्या खड़ी नहीं करे।

उन्होंने कहा कि हमने सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया है। चूंकि वह मुख्यमंत्री हैं इसलिए उनकी सुरक्षा के लिए निश्चित ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था होगी। सीबीआई मुख्यालय के बाहर अर्धसैनिक बलों के कर्मियों समेत 1000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। सीबीआई की ओर से जारी नोटिस के अनुसार ब्यूरो ने केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में बतौर गवाह जांच दल के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए रविवार पूर्वाह्न 11 बजे अपने मुख्यालय में बुलाया है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पिछले महीने इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। आप ने इस मामले को अपने नेताओं के खिलाफ साजिश बताया है। सीबीआई अधिकारियों ने कहा है कि उन्होंने केजरीवाल को रविवार को पेश होने को कहा है क्योंकि इस क्षेत्र में उस दिन कार्यालय बंद रहते हैं। सीबीआई ने जब सिसोदिया को अपने मुख्यालय बुलाया था तब भी उसने यही रणनीति अपनाई थी। उसने तब आठ घंटे तक पूछताछ करने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया था। इन आरोपों का संबंध दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति से है। सीबीआई शराब कारोबारियों द्वारा लाइसेंस पाने के लिए रिश्वत दिए जाने के आरोपों की जांच कर रही है। आप ने इन आरोपों का जोरदार खंडन किया है लेकिन उसकी सरकार ने बाद में यह नीति निरस्त कर दी थी।

आप और भाजपा में वार-पलटवार

● आप से डरती है केंद्र सरकार, केजरीवाल को गिरफ्तार करने की तैयारी : आतिशी

● सांसद प्रवेश वर्मा ने कहा भ्रष्टाचार साबित हो गया तो क्या केजरीवाल राजनीति से सन्यास लेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई के समक्ष पेशी को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी में वार पटलवार शुरू हो गया है।

भाजपा नेताओं ने केजरीवाल को चुनौती देते हुए कहा कि केजरीवाल कह रहे हैं कि शराब घोटाले में भ्रष्टाचार हुआ ही नहीं। इसलिए वह मिलने का समय दें तो वे उनके आवास पर सभी फाइल्स के साथ आकर भ्रष्टाचार साबित करेंगे। अगर भ्रष्टाचार साबित हो गया तो क्या केजरीवाल राजनीति से सन्यास लेंगे।

वहीं आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार उसके नेताओं को परेशान करने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार करने की तैयारी की जा रही है। पार्टी ने यह आरोप भी लगाया कि केंद्र आम आप से डर गई है और उसका मकसद इसे खत्म करना है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। पिछले आठ साल में सरकार के हर विभाग में अनियमितताएं और आर्थिक हेराफरी की गई है। आज जब सरकार के शराब व जल बोर्ड घोटाले की पोल खुल रही है तो पूरी आम आदमी पार्टी एक बुझते हुए दीपक की तरह फड़फड़ा रही है।

सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता केजरीवाल की तुलना भगवान कृष्ण से कर रहे हैं उनको राष्ट्रवादी बताने की कोशिश कर रहे हैं पर देश की जनता उनके सेना के पराक्रम पर किये गये सवालों एवं अध्योध्या में राम मंदिर के स्थान पर अस्पताल बनाने के सुझावों को भूली नहीं है। सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि आज डरा हुआ केजरीवाल देखा गया शायद केजरीवाल को आभास हो गया है कि अब जेल जाने की उनकी बारी है जो उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा होगा क्योंकि उन्होंने अपने पास सिर्फ इसलिए एक भी विभाग नहीं रखा और ना ही किसी फाइल पर साइन किये ताकि पकड़े नहीं जाएं। इस बीच कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बोलने वाले एकमात्र नेता हैं, यही वजह है कि उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाएंगे।

उन्होंने सवाल किया कि कथित आबकारी नीति मामले में क्या एजेंसियों को सीएम या किसी और मंत्री व नेता के आवास पर छापे के दौरान काला धन मिला है उत्तर है नहीं। आतिशी ने कहा कि आप नेताओं के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए हैं लेकिन जांच एजेंसियां उनके खिलाफ भ्रष्टाचार साबित नहीं कर पाई हैं। बाद में आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार केजरीवाल को गिरफ्तार करने की तैयारी कर रही है।

बजट सत्र का दूसरा चरण कल से उठेगा सीएम से पूछताछ का मुद्दा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण 17 अप्रैल को बुलाया गया है। सीबीआई ने आबकारी नीति मामले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रविवार को तलब किया है, जिसके अगले दिन विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण बुलाया गया है।

बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को सुबह 11 बजे विधानसभा हॉल में शुरू होगा। इस सत्र में सीएम से पूछताछ का मुद्दा उठेगा। इस बीच केजरीवाल ने ट्वीट किया और एक लेटर की कॉपी शेयर की। उन्होंने लिखा कि गैर-भाजपा शासित राज्यों में राज्यपाल, उपराज्यपालों द्वारा लंबित रखने की बढ़ती प्रवृति के खिलाफ तमिलनाडु विधानसभा में पारित संकल्प के समर्थन में वहां के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को पत्र लिखकर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

भाजपा ने विशेष सत्र पर रोक लगाने का किया अनुरोध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● नेता प्रतिपक्ष बिधूड़ी ने केजरीवाल सरकार पर सदन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से सोमवार से शुरू होने वाले विधानसभा के विशेष सत्र पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि है हजारों करोड़ रुपए के शराब घोटाले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया गिरफ्तार किए जा चुके हैं और अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया है।

मुख्यमंत्री केजरीवाल अब विधानसभा का इस्तेमाल अपने पक्ष में करने के लिए ही विशेष सत्र बुला रहे हैं। उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए सीबीआई ने बुलाया है तो उन्हें वहीं अपनी बात कहनी चाहिए।

केजरीवाल को विधानसभा के सदन का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि विधानसभा का गठन दिल्ली की समस्याओं पर चर्चा करने, शहर का विकारस और जनता के कल्याण की योजनाओं के लिए किया गया था लेकिन पिछले आठ सालों में आम आदमी पार्टी सरकार ने विधानसभा का इस्तेमाल केवल अपने राजनीतिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए किया है।

विधानसभा में ऐसे विषयों पर चर्चा की जाती है जो उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आते।

मिशन बुनियाद : शिक्षामंत्री ने राजधानी के 2700 स्कूल प्रमुखों से किया संवाद

● आतिशी व मेयर शैली ओबरॉय ने शिक्षा निदेशालय व एमसीडी स्कूलों को किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा शनिवार को शिक्षा निदेशालय और एमसीडी स्कूलों के 2700 से अधिक स्कूल प्रमुखों के लिए मिशन बुनियाद को लेकर संयुक्त ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षा मंत्री आतिशी ने 27,00 से अधिक स्कूलों से कहा कि देश का भविष्य क्लासरूम में बैठा है।

हम देश के भविष्य को मजबूत कर सकें इसके लिए जरुरी है कि हम अपनी कक्षाओं में बैठे बच्चों के बुनियाद को मजबूत करें। आतिशी ने कहा कि इस दिशा में शिक्षा निदेशालय और एमसीडी स्कूल दिल्ली शिक्षा प्रणाली के दो मजबूत स्तंभ है और दोनों साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव लाएंगे। उन्होंने कहा कि इस साल मिशन बुनियाद के लक्ष्यों को शत प्रतिशत हासिल करने के लिए स्कूल प्रमुखों और टीचर्स आगे बढ़कर ऑनरशिप लें। इस मौके पर मेयर शैली ओबरॉय ने भी कहा कि सभी स्कूल प्रमुख अपने टीचर्स को हमेशा हर बच्चों को बेहतर सीखने में मदद करने के लिए प्रेरित करें तभी हम मिशन बुनियाद के लक्ष्य पूरी तरह से हो प्राप्त कर पाएंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि, मुझे खुशी है कि दिल्ली सरकार और एमसीडी की टीम एजुकेशन अब साथ मिलकर दिल्ली के हर एक बच्चे के लिए बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक मंच पर है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मिशन बुनियाद द्वारा हम केवल बच्चों की भाषा और बुनियादी गणित की समझ को बेहतर करने की बात नहीं कर रहे बल्कि हर बच्चे को बराबरी का अवसर देने की बात कर रहे है।

शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम अपनी कक्षाओं में मिशन बुनियाद के तहत बच्चों को पढाएं तो इस बात को याद रखे कि हम बस बच्चों को बुनियादी गणित और भाषा के मूलभूत कौशल नहीं सीखा रहे बल्कि हम अपने देश को एक बेहतरीन भविष्य दे रहे है7 देश के लिए आने वाले इंजिनियर-डॉक्टर-सीईओ तैयार कर रहे है, उसके लिए जरुरी है कि आज हम उनकी बुनियाद मजबूत करें। देश का भविष्य क्लासरूम में बैठा है। इस मौके पर मेयर शैली ओबरॉय ने कहा कि,हमें बच्चों की बुनियाद को मजबूत करना है। कोविड महामारी के चलते दो साल तक बच्चों की पढाई काफी प्रभावित रही। उसी गैप को भरने के लिए मिशन बुनियाद की शुरुआत की गई। मिशन बुनियाद के तहत बच्चे अलग-अलग स्तर की कक्षाओं में भाग लेते हैं।

नए सत्र में तैयारी

डीओई और एमसीडी स्कूलों में बुनियादी सीखने के स्तर को मजबूत करने और कक्षा तीसरी से आठवीं तक सभी बच्चों के सीखने अंतर को पाटने के लिए विभिन्न एप्रोच लागू किए जाएंगे। कार्यक्रम में शिक्षा सचिव अशोक कुमार, एमसीडी कमिश्नर ज्ञानेश भारती, शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता, शिक्षा निदेशक विकास त्रिपाठी, एससीईआरटी निदेशक रीटा, अतिरिक्त शिक्षा निदेशक नंदिनी , प्रधान शिक्षा सलाहकार शैलेन्द्र शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ट अधिकारी भी मौजूद रहे।

पूरक आरोप-पत्र पर 24 को संज्ञान लेगी कोर्ट

आबकारी मामला

● तीन व्यक्तियों और पांच कंपनियों पर लेगी निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत 24 अप्रैल को इस मुद्दे पर विचार करेगी कि आबकारी नीति घोटाला मामले में तीन व्यक्तियों और पांच कंपनियों को नामजद करने वाले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दूसरे पूरक आरोप-पत्र पर संज्ञान लिया जाए या नहीं।

इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। अदालत 18 अप्रैल को सिसोदिया की जमानत याचिका पर आगे की दलीलें सुनेगी। विशेष लोक अभियोजक नवीन कुमार मट्टा ने बताया कि विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने शनिवार को राघव मगुंटा, राजेश जोशी और गौतम मल्होत्रा तथा पांच कंपनियों के खिलाफ ईडी की दूसरी पूरक अभियोजन शिकायत (ईडी के आरोप-पत्र के समतुल्य) के संज्ञान बिंदुओं पर बहस के लिए 24 अप्रैल की तारीख मुकर्र की। उन्होंने अदालत को सूचित किया कि ईसीआईआर (एफआईआर का ईडी संस्करण) में नामित अभियुक्तों और विभिन्न आरोपों में अन्य व्यक्तियों की भूमिका का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। सिसोदिया को गिरफ्तार करने वाली धनशोधन निवारक एजेंसी ने अभी तक पूर्व उपमुख्यमंत्री के खिलाफ आरोप-पत्र दायर नहीं किया है। एजेंसी ने करीब 2000 पन्नों के अपने आरोप-पत्र में गवाहों और आरोपी व्यक्तियों के बयान के साथ-साथ ई-मेल और अन्य डेटा को भी शामिल किया है।

सिसोदिया की जमानत अर्जी पर जिरह के दौरान ईडी ने अदालत से कहा कि जांच अहम चरण में है और उसे सिसोदिया की मिलीभगत के नए सबूत मिले हैं।

पिता की कोर्ट से गुहार, जल्द सौंपे जाए श्रद्धा के अवशेष

नई दिल्ली। बहुचर्चित श्रद्धा वाकर हत्याकांड के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ आरोपों दलील पर शनिवार को साकेत कोर्ट में बहस पूरी हो गई।

इसके साथ ही अदालत ने आफताब के खिलाफ आरोप तय करने के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब न्यायालय 29 अप्रैल को आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ आरोप तय करेगा। मामले में बहस पूरी होने के बाद शनिवार को ही श्रद्धा के पिता ने अपनी वकील सीमा कुशवाहा के जरिए कोर्ट में एक और अर्जी दाखिल की है। इस अर्जी में उन्होंने श्रद्धा के अवशेषों को जल्द से जल्द उन्हें सौंपने की मांग की है।

कोविड के 1,396 नए मामले आए, पांच लोगों की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शनिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के।,396 नए मामले सामने आए जबकि संक्रमण की दर 31.9 प्रतिशत रही, जो 15 महीनों में सबसे अधिक है। राष्ट्रीय राजधानी में पिछले साल 14 जनवरी को संक्रमण दर 30.6 प्रतिशत थी।

स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के अनुसार, दिल्ली में नए मामले सामने आने के बाद कुल मामलों की संख्या बढ़कर 20,21,593 हो गई और पांच लोगों के दम तोडने के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 26,560 हो गई है। बुलेटिन में दिया गया है कि दम तोडने वालों में एक की मौत का प्राथमिक कारण कोविड-19 था, जबकि अन्य चार की मौत आकस्मिक कारणों से हुई।

विभाग ने शुक्रवार को बुलेटिन जारी नहीं किया। राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को कोविड के ।,527 नए मामले आए थे जबकि संक्रमण से दो लोगों की मौत हुई थी।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, सात महीनों में पहली बार दिल्ली में बुधवार को पहली बार एक दिन में संक्रमितों की संख्या।,000 को पार कर गई। दिल्ल में संक्रमण की दर 23.8 प्रतिशत रही।

संक्षिप्त समाचार

छात्रा को डिग्री प्रदान करते अनिल शास्त्री।

227 छात्रों को मिला पीजी डिप्लोमा

नई दिल्ली। द्वारका स्थित लाल बहादुर शास्त्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (एलबीएसआईएम) के 26 वें दीक्षांत समारोह में 2021-23 बैच के 227 छात्रों को डिग्री प्रदान की। दीक्षांत समारोह में डिप्लोमा के साथ ही ललिता शास्त्री पुरस्कार और अमित चोपड़ा अवॉर्ड भी चयनित छात्रों को दिए गए। दीक्षांत समारोह में सीपी गुरनानी, टेक महिंद्रा के प्रबंध निदेशक और सीईओ मुख्यातिथि रहे। समारोह में लाल बहादुर शास्त्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जिसमे स्वर्ण पदक के विजेता थे अमन जिंदल और उज्ज्वल बिहानी पीजीडीएम (जनरल 2021-23), दीपक सिंह पीजीडीएम (फाइनेंसियल मैनेजमेंट 2021-23) ,गौरव शर्मा- पीजीडीएम (रिसर्च एंड बिजनेस एनालिटिक्स 2021-23) ,अभिनव मलिक (पीजीडीएम 27 महीने 2020-23) ,और अभय प्रताप पाल पीजीडीएम (एग्जीक्यूटिव 2021-22) थे।

खाटूश्याम तक जाना होगा आसान, मिलेगी सीधी रेल

नई दिल्ली। राजस्थान के सीकर जिले के रींगस स्थित खाटू श्याम धाम जाना अब लोगों के लिए काफी आसान होने वाला है। रेलवे अब खाटू श्याम तक सीधी रेल सेवा शुरू करने की योजना बना रहा है। रेलवे द्वारा रींगस के समीप स्थित विश्व प्रसिद्ध धार्मिक आस्था के केंद्र खाटूश्याम जी को सीधे रेलवे नेटवर्क से जोड़ने के लिए नई रेल लाइन के सर्वे को मंजूरी दी है। सर्वे का काम शीघ्र ही पूरा करके इस नई रेल लाइन के काम को स्वीकृति प्रदान कर कार्य शुरू किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को जल्द से जल्द खाटूश्यामजी तक रेल सुविधा प्राप्त हो सके। खाटूश्याम जी के दर्शन करने के लिए प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु विभिन्न माध्यमों जैसे रेल, रोड तथा पैदल मार्ग से दर्शन के लिए आते हैं।

सफाई कर्मी की सड़क हादसे में मौत

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 40 वर्षीय सफाई कर्मी की एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। वह घटना के वक्त ड्यूटी पर था। पुलिस ने शनिवार को बताया कि हादसा पश्चिमी दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके में तब हुआ, जब राजकुमार सड ?ों की सफाई कर रहा था। पुलिस को सुबह साढ़े छह बजे के आसपास घटना की सूचना मिली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि एमसीडी कर्मचारी सड़कों की सफाई कर रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। उन्होंने कहा कि अपराध और मोबाइल फॉरेंसिक दलों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया है।

एमसीडी स्कूलों को संवारना एक जुमला : कांग्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली में शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने के बाद एमसीडी के स्कूलों की तस्वीर बदलने का सीएम अरविंद केजरीवाल का बयान जुमला होने के साथ अभिभावकों को भ्रमित करने वाला है। यह आरोप प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने लगाया है। चौधरी अनिल ने कहा कि घोषणा पत्र में वादा अनुसार दिल्ली में सरकारी स्कूलों की संख्या नही बढ़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार ने एक भी नया स्कूल नही बनाया, उल्टा 14 स्कूल बंद कर दिए। 9 वर्षों में सिर्फ स्कूलों में क्लॉस रुमों की मरम्मत के सिवा कुछ नही किया। क्या इस तर्ज पर निगम की सत्ता में आसीन आम आदमी पार्टी एमसीडी के 1535 स्कूलों की आधारभूत संरचना को बदलने सक्षम है।

जून तक संवर जाएंगे यमुना के घाटः एलजी

90.34 किमी ट्रंक, पेरिफेरल सीवर लाइन में से 32.58 किलोमीटर लाइन साफ

हकीकत नगर नाला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल कार्यालय ने दावा किया है कि यमुना के घाटों और बाढ़ क्षेत्रों की सफाई का काम 30 जून तक पूरा हो जाएगा। करीब 90.34 किलोमीटर ट्रंक, पेरिफेरल सीवर लाइन में से 32.58 किलोमीटर लाइन की पूरी तरह सफाई हो चुकी है जबकि बाकी बचे सीवर लाइनों की सफाई भी मॉनसून आने से पहले जून तक पूरी हो जाएगी। एलजी ने अधिकारियों को बाकी बची 530 किलोमीटर लाइनों की सफाई का काम भी इस साल के अंत तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया है। इनमें एक मीटर व्यास वाली 45 किलोमीटर की लाइनें और एक मीटर से ज्यादा व्यास वाली 485 किलोमीटर वाली सीवर लाइनें शामिल हैं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को नजफगढ़ नाले से यमुना में जा रही मुख्य सीवर लाइनों और अन्य नालियों की सफाई के लिए गाद निकालने संबंधी प्रगति कार्य की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में एलजी ने कहा कि 30 जून तक यमुना के घाटों और बाढ़ क्षेत्र की सफाई का काम पूरा कर लिया जायेगा, जबकि बाकी के काम जिनमें नालों की सफाई शामिल हैं, साथ-साथ चलते रहेंगे। एलजी ने यमुना को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए एनजीटी द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति के चेयरमैन हैं। एनजीटी के 9 जनवरी 2023 के आदेश के तत्काल बाद एलजी ने इस उच्च स्तरीय समिति का कार्यभार संभाला था और तब से वे यमुना की सफाई को लगातार अपनी प्राथमिकताओं में रखे हुए हैं। अब तक उन्होंने तीन मासिक बैठकों की अध्यक्षता की है जिनमें अधिकारियों के साथ सभी चल रहे कार्यों की बारीकी से समीक्षा की गई है।

● बाकी बचे सीवर लाइनों भी मॉनसून आने से पहले हो जाएगी साफ

उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि मोती नगर ट्रंक, ग्रेविटी डक्ट, केशवपुर और निलोठी ट्रंक, कल्याण विहार, जीटी रोड, विजय नगर, नरेला, कोरोनेशन पिलर ट्रंक, ओखला ट्रंक और द्वारका ट्रंक जैसी बड़ी सीवर लाइनों में या तो सफाई का काम पूरा हो चुका है या काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। बैठक में अधिकारियों ने एलजी को बताया कि नजफगढ़ नाले में 44 बड़ी नालियों की गंदगी गिरती है जिनमें 17 नालियों ट्रैप की जा चुकी हैं जबकि बाकी बची नालियां भी अक्टूबर 2023 तक साफ हो जाएंगी। अब तक जो बड़ी नालियां साफ हो चुकी हैं, वे हैं हकीकत नगर नाले, शक्ति नगर 2 नाली, राणा प्रताप बाग नाला और बालक राम नाला है। इसी तरह 30 नालियों की गंदगी सप्लीमेंटरी नाले में गिरती है। इनमें से 13 नालियां का प्रवाह रोका जा चुका है और बाकी बची नालियां भी अक्टूबर 2023 तक ट्रैप हो जाएंगी।

70 प्रतिशत गंदगी नजफगढ़ नाले से

दिल्ली की यमुना नदी में सीवर से जितनी गंदगियां आती हैं, उनमें से 70 प्रतिशत गंदगी नजफगढ़ नाले से ही आती है। कई छोटी-छोटी नालियों की गंदगी नजफगढ़ नाले में आकर मिल जाता है। यही गंदगी वाले पानी यमुना में जाकर गिरता है जिसके कारण यमुना में प्रदूषण होता है। इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता है कि यह गंदगी इसलिए बढ़ जाती है क्योंकि दिल्ली जल बोर्ड द्वारा पिछले 8 साल से विभिन्न नाले और नालियों की तलछटी से गाद नहीं निकाला जा रहा है। इस कारण सीवर लाइनों की क्षमता करीब 90 प्रतिशत तक कम हो गई है या भर गई (चोक) है।

परशुराम जयंती पर प्रसाद में नवीन जयहिंद बांटेंगे फरसे

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

नवीन जयहिन्द ने सभी गुरुग्राम वासियों को रविवार 23 अप्रैल को रोहतक के पहरावर गांव में होने जा रहे भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह का पीले चावलों के साथ न्यौता दिया। जयहिन्द ने कहा कि हमने सभी 36 बिरादरी को न्योता दिया है। 104 वर्षीय दादा दुलीचंद कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहेंगे। दादा दुलीचंद की वजह से ही दो लाख दिव्यांगों, बुजुर्गों व विधवा महिलाओं की पेंशन बनी थी।

जयहिन्द ने कहा कि हमने दो महीने पहले ही कह था कि हम 23 अप्रैल को राज्य स्तरीय परशुराम जन्मोत्सव मनाएंगे, लेकिन कुछ लोग सरकार के साथ मिलकर हर जगह 23 अप्रैल को परशुराम जयंती मना रहे हैं। 23 अप्रैल के सिवाय किसी भी तारीख को परशुराम जयंती मनाएं, सभी का स्वागत है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार 100 परशुराम जयंती मनाए। कम से कम सरकार को भगवान परशुराम की याद तो आई। जयहिन्द ने कहा परशुराम जयंती के अवसर पर 22 अप्रैल को

जयहिन्द ने पूरे गुरुग्राम जिले को रविवार 23 अप्रैल परशुराम जन्मोत्सव का चूल्हा न्यौत दिया

पहरावर की जमीन पर ही दोपहर 12 बजकर 12 मिनट से हवन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम पीले चावल देकर आम आदमी से लेकर पंच, सरपंच, पार्षद, विधायक, सांसद, मंत्री, पूर्व

पत्रकारों से बात करते नवीन जयहिंद।

मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री व सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव का निमंत्रण दे रहे हैं। सभी से अपील है कि भगवान परशुराम के मंदिर व मूर्ति निर्माण के यज्ञ में अपनी आहुति जरूर डालें। जयहिंद ने आगे बताया कि आयोजन पहरावर की उसी जमीन पर होगा जिसको फरसाधारियों ने सर्वसमाज के साथ मिलकर सरकार के कब्जे से छुड़वाया था। जयहिंद ने कहा कि जन्मोत्सव में शामिल होने वाले सभी लोग फरसा लेकर पहुंचे, क्योंकि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर इस बार चढ़ावा और प्रसाद भी खास होगा। इस बार भगवान को फरसे प्रसाद स्वरूप चढ़ाये जायेंगे। साथ ही फरसे और देसी घी का प्रसाद ही बांटा जायेगा। जयहिंद ने सभी से अपील की है कि आयोजन में शामिल होने वाले सभी लोग एक ईंट एक नोट लेकर पहुंचे, जो मंदिर/मूर्ति बनवाने में इस्तेमाल किये जायेंगे। इस बार हरियाणा सहित यूपी, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल जम्मू-कश्मीर से भी भगवान परशुराम के भक्त भी इस आयोजन में हिस्सा लेंगे। बीते दिनों हुई बारिश के चलते बहुत से किसानों की लाखों की फसल खराब हो गई। जिसे लेकर जयहिन्द ने प्रदेश के मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री को सलाह देते हुए कहा कि उनको ऑनलाइन नहीं बल्कि ऑन ग्राउंड आकर उनके हालात देखने चाहिए।

कचरे का लीचेट अरावली क्षेत्र को ना पहुंचाए नुकसान, होंगे पर्याप्त प्रबंध

निगमायुक्त ने बंधवाड़ी प्लांट का दौरा करके अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड स्थित बंधवाडी प्लांट का दौरा करते निगमायुक्त पीसी मीणा।

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने बंधवाड़ी स्थित कचरा प्रबंधन प्लांट का दौरा किया। निगमायुक्त वहां पर दो घंटे से अधिक रहे तथा लीगेसी वेस्ट निष्पादन व लीचेट ट्रीटमेंट प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों तथा लीगेसी वेस्ट का निष्पादन करने वाली एजेंसियों के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने कचरा निष्पादन के बाद बनने वाले आरडीएफ, इनर्ट तथा कंपोस्ट के बारे में अधिकारियों व एजेंसियों के प्रतिनिधियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आरडीएफ, इनर्ट तथा कंपोस्ट का पर्याप्त तरीके से डिस्पॉज ऑफकिया जाए। जिन स्थानों पर एजेंसियों द्वारा ये मैटेरियल भेजे जा रहे हैं, उनका अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करें। इस कार्य में लगे सभी वाहनों में जीपीएस लगा होना चाहिए, जिसका लिंक गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जुड़ा हो। उन्होंने कहा कि एजेंसियों की पेमेंट करते समय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की रिपोर्ट होना आवश्यक है। यह सुनिश्चित किया जाए कि आरडीएफ सीधे सीमेंट फैक्ट्रियों को जाए। अगर किसी श्रेडर्स के पास आरडीएफ भेजा जाता है तो वह मान्य नहीं होगा। निगमायुक्त ने वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट के लिए खाली की गई भूमि पर किसी भी प्रकार का मैटेरियल नहीं डालने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने लीगेसी वेस्ट का निष्पादन करने वाली एजेंसियों को अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य जारी रखने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने बंधवाड़ी प्लांट में निकलने वाले लीचेट ट्रीटमेंट के लिए लगाए गए डीटीआरओ तथा प्लांट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी समय-समय पर ट्रीटिड वाटर की जांच करवाते रहें। यहां पर 8000 क्यूबिक मीटर के एक लीचेट पोंड को मिट्टी से भर दिया गया है। इतनी की क्षमता के दूसरे पोंड को भी भरा जा रहा है। इसके साथ ही प्रतिदिन निकलने वाले लीचेट के निस्तारण के लिए 2 डीटीआरओ तथा एक लीचेट ट्रीटमेंट प्लांट लगातार कार्य कर रहे हैं।

शहर में सरकारी जमीनों पर धड़ल्ले से हो रहे अवैध कब्जे

सोहना के वार्ड-12 की नट कॉलोनी में वन विभाग की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे।

सोहना। शहर में सरकारी विभाग व निगमों की जमीन पर अवैध कब्जे धड़ल्ले से किए जा रहे हैं। विभाग व निगम के अधिकारी कुंभकरणींय नींद में सोए हुए हैं। जिससे कब्जाधारियों के हौसले और भी बुलंद हो रहे हैं।

शहर में सरकारी विभाग और निगम के जमीन पर तेजी से पक्के व कच्चे मकान बनाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सबसे ज्यादा अवैध कब्जे वार्ड 12 और 13 में लगती वन विभाग तथा हरियाणा टूरिज्म निगम की जमीन पर हो रहे हैं। इसके अलावा देह शामलात की जमीन पर धड़ल्ले से अवैध कब्जे हो रहे हैं। अवैध कब्जाधारी पहले अपने पशुओं को बांधते हुए जमीन की घेरा बंदी करते हैं। उसके बाद धीरे-धीरे पशुओं के लिए चारा इकट्ठा रखने के लिए बौंगे और झोंपड़ियां बनाकर बैठ जाते हैं। उसके बाद कब्जा हुई जमीन पर पक्की चार दीवारी करने के बाद चंद दिनों के बाद ये पक्की चार दीवार मकानों में तबदील हो जाती है। जिसमें कुछ दिनों के बाद बिजली-पानी का कनेक्शन ले लिए जाते है।

> “जल्द ही विभाग की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सशक्ति से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अवैध कब्जों को हटाने के साथ-साथ विभाग की जमीन की घेराबंदी की जाएगी।
> **संजय यादव**
> **(रेंज अधिकारी वन विभाग)**

अधिकारी कुंभकरणींय नींद में : संबंधित विभाग व निगम के अधिकारी जानबूकर भी अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहे है। ऐसे में खानापूर्ति के लिए नोटिस देकर उच्चाधिकारियों के समक्ष कार्रवाई करने का बहाना तलाशते रहते है।

संक्षिप्त समाचार

बाबा साहब के नक्शे कदम पर चले युवा : कल्पना रंगा

गुरुग्राम। संविधान डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जाटोली में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन समाजसेवी सतबीर पंवार व मास्टर सुरेन्द्र चौहान की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर पटौदी सिविल हॉस्पिटल से नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर सुशांत शर्मा ने अपनी सेवाएं प्रदान कर 150 मरीजों की जांच की, जिसमें 10 मरीजों को मोतिबिन्द की शिकायत पाई गई। उनको सिविल हॉस्पिटल में निश्चित तिथि पर पहुंचने का समय दिया गया। इस अवसर पर गुरुग्राम से डिप्टी डायरेक्टर कल्पना रंगा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की व विशिष्ट अतिथि के रूप में सेलिब्रिटी एंबेसडर निशा सोनी रही। कल्पना रंगा ने बताया कि आज का युवा भी समाजसेवा में आगे आ रहा है। भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्होंने सबसे आग्रह किया कि हम सबको बाबा साहब से शिक्षा लेनी चाहिए उन्होंने महिलाओं के लिये समाज में बहुत अच्छे अच्छे कार्य किए। इस मौके पर एंटी करप्शन क्राइम प्रिवेंशन द्वारा कल्पना रंगा व डॉक्टर सुशांत को कर्तव्यनिष्ठ अवॉर्ड से सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान जगदीश सिंह, पूर्व कप्तान जनक चौहान, देवी सिंह, योगिंद्र चौहान, राजेश्वरी यादव नर्सिंग हेड ऑफिसर, रामफूल सिंह, मनोज कुमार, डॉक्टर राजू खान, यश एंबुलेंस, होशियार सिंह, सुरेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

दलित साहित्य अकादमी ने बाबा साहेब को किया नमन

गुरुग्राम। हरियाणा दलित साहित्य अकादमी द्वारा जिले के गांव बेहरामपुर सेक्टर-73 क्षेत्र में भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती का आयोजन धूमधाम से किया गया। अकादमी के प्रदेशाध्यक्ष रोहताश सिंह सिरोहिया व मेहर सिंह मेहंदिया ने बताया कि बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। बाबा साहेब से जुड़े संस्मरण भी कार्यक्रम में शामिल लोगों से साझा किए गए। बाबा साहेब ने हर समाज के लिए संविधान में प्रावधान किया था, जिसका लाभ समाज को आज भी मिल रहा है। बाबा साहेब को उनके सामाजिक कार्यों के लिए सदैव याद किया जाता रहेगा। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में अकादमी से जुड़े नवनीत तंवर, शिव कुमार, हरिचंद सिंघल, श्रीभगवान, सुषमा रानी, बलदेव तंवर, अशोक कुमार दहिया, बने सिंह सिरोहिया, शक्ति कुमार, राजकुमार, सरस्वती, संदीप, कमलेश देवी आदि शामिल रही।

अनाज मंडी परिसर में आवारा घूमने वाली गायों का आतंक

सोहना। अनाज मंडी परिसर में आवारा घूमने वाली गायों के आतंक ने किसानों के नाक दम करके रख दिया है। मंडी परिसर में बिक्री के लिए लगी गेहूं की ढेरियों को आवारा घूमने वाली गायें भारी नुकसान पहुंचा रही हैं। पलक झपकते ही सरसों व गेहूं से भरे बारदाने को जमीन पर गिरा देती हैं। मौसम में तेजी से हुए परिवर्तन ने किसानों के मुर्झाए चेहरों पर मुस्कान लौटा दी।

बीते पांच दिनों में गेहूं व सरसों की आवक अच्छी हो रही है। तीन दिन पहले शुरू हुई गेहूं की सरकारी खरीद के बाद किसान बिना हिचक के अपनी फसल को बिक्री के लेकर आ रहे हैं। मंडी में खुले व टीन शैड के नीचे पड़े गेहूं की ढेरियों को आवारा घूमने वाली गायें भारी नुकसान पहुंचा रही हैं। मांगेराम का कहना है कि सुबह पांच बजे से सायं 7 बजे तक मंडी परिसर में 50 से 60 गाय आवारा घूमती रहती हैं। आवारा घूमने वाली गाय खुले में पड़ी गेहूं की ढेरियों को नुकसान दे रही हैं। संतोष का कहना है गेहूं से भरे बारदाने को सिलाई होने से पहले जमीन पर गिरा देती है।

खुले में पड़ी सब्जी देती है गायों को न्योता : सुबह 4 बजे से लगने वाली मंडी में सब्जियों की खुली बोली के दौरान से रात को जाते समय दुकानदार अपनी खराब सब्जियों को यहां के आम रास्ते व चौक-चौराहों पर फेंक जाते हैं। जिससे आवारा घूमने वाली गाय पेट भरने के लालच में पूरा दिन मंडी परिसर में ही घूमती रहती हैं। महेन्द्र का कहना है कि मार्केट कमेटी का एक भी कर्मचारी आवारा घूमने वाली गाय को भगाने के लिए नहीं है।

सशक्त नारी-सशक्त समाज के उद्देश्य से निकाली महिला साइकिल रैली

एसीपी सुरेश कुमार ने कार्यक्रम में महिलाओं को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के मानेसर निगम क्षेत्र के गांव नखडोला में महिलाओं की साइकिल रैली में विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

शनिवार को गुरुग्राम पुलिस ने नगर निगम मानेसर के गांव नखडोला में एसीपी मानेसर सुरेश कुमार, एसएचओ खेड़कीदौला अजय के नेतृत्व में साइकिल रैली निकाली। यह रैली सेक्टर-86 सफायर मॉल से शुरू हुई और नखडोला के स्टेडियम में समापन हुआ। इस दौरान शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके नमन किया गया।

सशक्त महिलाएं-सशक्त समाज के साथ इस रैली का विषय नशा मुक्ति, महिलाओं से ठगी, यातायात नियम आदि भी रहे। साइबर ठगी के बारे में भी महिलाओं को जागरुक किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा भरोसा दिलाया गया कि किसी भी समय किसी भी तरह की समस्या आती है तो महिलाओं की मदद के लिए पुलिस तैयार रहती है। एसीपी सुरेश कुमार ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र से नशा खत्म करने में अपनी भूमिका निभाएं। ठगों से बचकर रहें। लोगों के मोबाइल के माध्यम से ठगों ने ठगी के अनेक तरीके निकाले हैं। किसी भी ऐसे मैसेज को ना देखें, जिस पर जरा सा भी संदेह हो या आपसे जुड़ा ना हो।

साइकिल रैली में गुरुग्राम पुलिस की महिलाओं के साथ नये गुरुग्राम के धावकों की पूरी टीम ने हिस्सा लिया। हरियाणा पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान की सराहना करते हुए सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि समाज को शिक्षा देने के लिए ऐसे अभियानों की वर्तमान में जरूरत है। पुलिस आमजन की सुरक्षा के साथ इस तरह से जागरुक भी कर रही है। पुलिस की यह कार्यप्रणाली काबिले तारीफ है। सुंदर लाल ने कहा कि पुलिस और पब्लिक एक-दूसरे के पूरक हैं। आमजन को पुलिस का पूरा सहयोग करना चाहिए। पुलिस का हर कर्मचारी, हर अधिकारी हम सबके बीच से ही है। हमारा हिस्सा है। कानून व्यवस्था को बनाए रखना और सुरक्षा के प्रति सचेत रहना हमारी अहम जिम्मेदारी है।

67 लाख की इंटरलॉकिंग टाइल्स रोड का शिलान्यास

फरीदाबाद। केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व विधायक नरेंद्र गुप्ता ने ओल्ड फरीदाबाद, शिव कॉलोनी, वार्ड नंबर 30, बाबा कॉलोनी की कई गलियों में इंटरलॉकिंग टाइल्स रोड बनाने के कार्य का शिलान्यास किया। जिसकी कुल लागत 67 लाख रुपये आएगी।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि 2014 से 2023 तक फरीदाबाद लोकसभा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री मनोहर लाल व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जमकर विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2005 से 2014 तक कांग्रेस और यूपीए की सरकार थी, यदि इस दौरान फरीदाबाद लोकसभा के विकास कार्यों का हिसाब निकाला जाए तो कांग्रेस की सरकार कहीं नहीं टिकेगी। मोदी और मनोहर लाल के नेतृत्व में देश तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। शहर के साथ-साथ पूरे देश का विकास कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले फरीदाबाद में सड़कों, हाईवे, स्कूल व अस्पतालों की कैसी हालत थी लेकिन आज नई सड़कें बन रही हैं, हाईवे निकाले जा रहे हैं, बेटियों के लिए कॉलेज खुल रहे हैं।

दो महिलाओं समेत तीन के खिलाफ धोखाधड़ी से जमीन बेचने का आरोप, केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

एग्रीमेंट के नाम पर तीन बार में चेक के माध्यम से लिए 15 लाख रुपये

सोहना शहर थाना पुलिस ने नूह निवासी की शिकायत पर जमीन दिखाकर एग्रीमेंट के नाम पर 15 लाख रुपये धोखाधड़ी व जालसाजी से ठगने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन के खिलाफ ठगी समेत अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

जिला नूंह का गांव बाई मूल निवासी साजिद ने शहर थाना पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में गउशाला मार्ग पर रहता है। उसके साथ अजय पाल, रेखा निवासी सिरसा घोघम जिला भिवानी और सविता निवासी उल्लावास ने मिलकर योजना उसे ठगने का कार्य शुरू कर दिया। साजिद ने पुलिस को बताया की उसका अजय पाल से सोहना में 9 कनाल, 3 मरला व 2सरसाई जमीन का सौदा 3 करोड़ रुपये में तय हुआ था। इस जमीन की रजिस्ट्री 23 अगस्त 2023 को कराना तय भी हो गया। एग्रीमेंट के नाम पर आरोपियों को चेक के माध्यम से तीन बार में कुल 15 लाख रुपये नकदी दे दी। जिसमें 2, 3 और 10 लाख रुपये के चैक दिए गए। आरोपी ने उसे बताया कि यह जमीन उसकी पत्नी रेखा के नाम पर रिकोर्ड में चढ़ी हुई है। जिसका इंतकाल नंबर 14521 बताया गया। अजय पाल ने बताया कि उसकी पत्नी रेखा ने उसके नाम जीपीए कराई हुई है। इसलिए उसे बेचने का पूरा अधिकार है। अजय पाल ने पैसे की जरुरत में जमीन बेचने का बहाना लगाया। जमीन पर किसी प्रकार का कोई कर्जा न होने की बात भी कही थी। जब उसने अपने स्तर पर उक्त जमीन की जांच कराई तो यह जमीन रेखा के नाम होकर सविता के नाम पर है। तीनों आरोपियों ने साजिश के तहत उसे लूटने की योजना बनाकर चार सौ बीस का खेल खेला।

एलेन ने पीजी मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए सुपरएप्प लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

पूरे भारत में मेडिकल कोचिंग में अग्रणीए एलेन ने पीजी मेडिकल छात्रों को एनईईटी.पीजीए आईएनआई.सीईटी और एफ एमजीई परीक्षाओं की तैयारी के लिए व्यापक समाधान प्रदान करने हेतु डिजाइन किया गया अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म एलेन नेक्सटी ऐप लॉन्च किया। इस ऐप पर कई अनूठी विशेषताएं और संसाधन उपलब्ध हैं। जो इसे परीक्षा की तैयारी हेतु बाजार में उपलब्ध अन्य प्लेटफार्मों से अलग करते हैं।

एलेन नेक्स्ट वर्टिकल के पूर्णकालिक कार्यकारी, अमन माहेश्वरी ने कहा, एलेन नेक्स्ट ऐप के साथ हमारा लक्ष्य मेडिकल पीजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी प्रक्रिया को छात्रों के लिए सरल और अधिक सुलभ बनाना है। चाहे उनकी व्यस्तता कितनी भी हो। हमारा उद्देश्य एनईईटी.पीजीए आईएनआई.सीईटी और एफएमजीई परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के लिए पूरा रोडमैप प्रदान करके पीजी मेडिकल छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं कि पीजी मेडिकल छात्र का जीवन चुनौतीपूर्ण होता है। परीक्षा की तैयारी के चुनौतीपूर्ण कार्य का व्यस्त इंटर्नशिप शेड्यूल के साथ संतुलन बिठाना भारी पड़ सकता है। हालांकिए एलेन नेक्स्ट ऐप और इसके व्यापक पाठ्यक्रम पैकेज अल्फा, बीटा और डेल्टा के लॉन्च के साथ जिस तरह से मेडिकल पीजी के छात्र अपनी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। वह बेहतर बदलाव लाने वाला है। यह ऐप कई संसाधनों की आवश्यकता को समाप्त करता है और विशिष्ट स्टार संकायों से अद्यतित और संक्षिप्त शैक्षणिक सामग्री प्रदान करता है। तीन व्यापक पाठ्यक्रम पैकेज . **अल्फा, बीटा और डेल्टा:** छात्रों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करते हुए यह सुनिश्चित करते हैं कि उनकी तैयारी के लिए सर्वोत्तम संसाधन उनके लिए उपलब्ध हों।

अल्फा कोर्स: यह पैकेज मिश्रित रूप से ऑफ लाइन क्लासरूम लर्निंग और रिवीजन उपलब्ध कराता है। इसमें 700 घंटे के वीडियो, अच्छी रैंक हासिल करने के लिए एक्स्ट्रा एज वीडियो, नेक्स्ट स्टेज-2 के लिए क्लिनिकल स्किल वीडियो, 200 घंटे के रैपिड रिवीजन वीडियो, पिछले वर्ष के प्रश्नों के साथ 10,000 क्वेश्चन बैंक, रेस और क्लिनिकल प्रश्न सहित 200 विषयवार छोटे और बड़े टेस्ट, डिजिटल और मुद्रित नोट्स शामिल हैं।

बीटा कोर्स: यह पैकेज ऑनलाइन सीखने और रिवीजन करने के लिए बनाया गया है। इसमें अल्फा कोर्स के सभी संसाधन शामिल हैंए जैसे 700 घंटे के वीडियोए क्लिनिकल स्किल वीडियो, एक्स्ट्रा एज वीडियो, 200 घंटे के रैपिड रिवीजन वीडियोए 10,000 प्रश्न, और 200 विषयवार मामूली और प्रमुख टेस्ट के साथ डिजिटल और प्रिंटेड नोट्स।

डेल्टा कोर्स: यह पैकेज 10,000 प्रश्नों और 200 विषयवार टेस्ट और प्रमुख टेस्ट्स के साथ अभ्यास पर केंद्रित है।

Amazon.in ने की 14 से 17 अप्रैल-2023 तक ब्लॉकबस्टर वैल्यू डेज की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

स्मार्टफोन, कंज्यूमर ग्रॉसरी, फैशन एंड ब्यूटी प्रोडक्ट्स, होम एंड किचन, लार्ज एप्लाएंसेस, टीवी, और अन्य श्रेणियों में उत्पाद खरीदें

अमेजन इंडिया ने अपने ग्राहकों के लिए स्मार्टफोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रॉसरी, फैशन एंड ब्यूटी प्रोडक्ट्स, होम एंड किचन, लार्ज एप्लाएंसेस, टीवी, और अन्य श्रेणियों में उत्पादों के व्यापक चयन से खरीदारी करने के लिए ब्लॉकबस्टर वैल्यू डेज की घोषणा की है। ये सेल 14 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2023 तक चलेगी। ब्लॉकबस्टर वैल्यू डेज वीगार्ड द्वारा प्रायोजित है।

ब्लॉकबस्टर वैल्यू डेज के दौरान खरीदारी करने वाले ग्राहक सभी श्रेणियों में वीगार्ड, बोट, सैमसंग, वनप्लस, लाइजॉल, एलजी एप्लाएंसेस, झावेरी पर्ल्स और अन्य जैसे ब्रांड्स की ओर से पेश किए जाने वाले ऑफर्स के साथ बड़ी बचत कर सकते हैं। इसके अलावा, वे एसबीआई क्रेडिट कार्ड और ईएमआई के साथ 10 प्रतिशत के इंस्टैंट डिस्काउंट का भी फायदा उठा सकते हैं। यहां कुछ उत्पाद दिए गए हैंए जिन्हें ग्राहक । Amazon.in ब्लॉकबस्टर वैल्यू डेज पर विक्रेताओं के साथ ऑफर्स और डील्स के साथ चुन सकते है। ग्राहक अंग्रेजी के अलावा मराठीए हिन्दी, बंगाली, कन्नड़, तेलुगु, तमिल और मलयालम सहित 8 क्षेत्रीय भाषाओं में । Amazon.in पर खरीदारी अनुभव का आनंद ले सकते हैं। ग्राहक सहायक खरीदारी अनुभव प्राप्त करने के लिए निकटतम अमेजन ईजी स्टोर पर भी जा सकते हैं।

सीएफए इन्स्टीट्यूट ने सीएफए प्रोग्राम में महत्वपूर्ण सुधारों की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

इन्वेस्टमेन्ट प्रोफेशनल्स के एक वैश्विक संघ, सीएफए इन्स्टीट्यूट ने, सीएफए प्रोग्राम को विकसित करने के अपने निरंतर प्रयासों के चलते इस प्रोग्राम में महत्वपूर्ण सुधारों की घोषणा की। ये परिवर्तन आज की पीढ़ी के कैंडिडेट्स के सीखने के तरीके को संबोधित करते हैं और उन्हें इस प्रोफेशन में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार करते हैं, साथ ही इंडस्ट्री में आवश्यक नैतिक प्रोफेशनल्स की कमी को पूरा करते हैं।

मार्गरेट फ्रैंकलिन, सीएफए प्रेजिडेन्ट एवं सीईओए सीएफए इन्स्टीट्यूट ने अपनी टिप्पणी में कहा, इंडस्ट्री में ये सुधार हमारे कैंडिडेट्स व एम्पलॉयर्स के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। वास्तव मेंए वर्ष 1963 में सीएफए प्रोग्राम के आरंभ होने के बाद से अब तक किया गया। ये सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन है। हमने बड़े पैमाने पर एम्पलॉयर्सए कैंडिडेट्सए संभाव्य कैंडिडेट्सए और इंडस्ट्री के लोगों से सीधे फ़ीडबैक प्राप्त करने के लिए गहन रिसर्च की ताकि भविष्य के इन्वेस्टमेन्ट प्रोफेशनल्स को हमारे द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले ज्ञान और कौशल में प्रगति करने के सर्वोत्तम तरीकों को सूचित किया जा सके। श्हम यकीन के साथ कह सकते हैं कि जॉब मार्केट में बढ़त हासिल करने के लिए कैंडिडेट्स बेहद उत्सुक हैंए और वे सीएफए प्रोग्राम द्वारा प्रदान किये जाने वाले लाभ के लिए कड़ा परिश्रम करने को तैयार हैं। ये परिवर्तन उनकी जरूरतों को पूरा करेंगेए जो उन्हें यह समझाने में सहायक होगा कि इन्वेस्टमेन्ट कॉन्सेप्ट्स को कार्य पर किस प्रकार लागू किया जाए और शुरु से ही डेस्क.रेडी रहें। सीएफ ए प्रोग्राम स्पष्ट करता है कि कैंडिडेट्स इन्वेस्टमेन्ट मैनेजमेन्ट में एक लंबे व सफल करियर के बारे में गंभीर हैं।

इन्वेस्टमेन्ट मैनेजमेन्ट इंडस्ट्री के लिए सीएफए इन्स्टीट्यूट इस सीएफए प्रोग्राम के माध्यम से फ्यूचर.रेडी टैलेन्ट पूलष् विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। इंडस्ट्री में पिछले कुछ वर्षों में तेज़ी से परिवर्तन आया है और इन सुधारों का उद्देश्य इन्वेस्टमेन्ट मैनेजमेन्ट प्रोफेशनल्स को एक कदम आगे रखना है। इन सुधारों के साथए सीएफए प्रोग्राम के कैंडिडेट्स और अधिक जॉब.रेडी होंगे, टेक्नोलॉजी का लाभ उठाना सीखेंगेए और विशिष्ट मार्केट सेगमेन्ट्स में विकासों के अनुरूप होंगे। इन परिवर्तनों में प्रोग्राम के पाठ्यक्रम को अधिक तेज़ और स्मार्ट बनाने के लिए सीखने के नये तरीक़ों को भी शामिल किया गया है।श् जैसा कि सीएफ ए इन्स्टीट्यूट की आरती पोरवालए कन्ट्री हेडए भारत ने अपने वक्तव्य में बताया।

क्रिस वीज, सीएफ ए मैनेजिंग डायरेक्टर एवं हेड ऑफक्रेडेन्शियालिंग ने कहा, हमने इन परिवर्तनों पर विचार करते हुए कई वर्षों तक मार्केट की ज़रूरतों पर रिसर्च की है। हमने कैंडिडेट्स, स्टूडेन्ट्स, एम्पलॉयर्स, हमारे मैंबर्स व सोसाइटियोंए और फायनान्स इंडस्ट्री की दुनिया में अन्य लोगों से बात की। चूंकि इन्वेस्टमेन्ट पोर्टफोलियो में 10 ट्रिलियन डॉलर के निजी बाजार अभी भी एक बड़ी भूमिका निभाना जारी रखे हुए हैं और जैसा कि 130 ट्रिलियन डॉलर के वेल्थ मैनेजमेन्ट सेगमेन्ट के लिए अधिक उच्च प्रशिक्षित प्रोफेशनल्स की आवश्यकता होती हैए अतएव हमें पारंपरिक पोर्टफोलियो मैनेजमेन्ट के क्रम के अतिरिक्त लेवल.प्प्प् पर इन दो नये पाथवेज को जोड़ना पड़ा। हम यह भी जानते हैं कि नये वित्तीय मॉडलिंगए पायथन और एनालिस्ट स्किल्स मॉड्यूल कैंडिडेट्स व एम्पलॉयर्स के लिए समान रूप से मूल्यवान होंगे और मौजूदा पाठ्यक्रम सामग्री के साथ परस्पर मेल खाएंगे।

बीके: अवकाश के बाद जुटी भीड़ से टूटे कोविड नियम

कविता। फरीदाबाद

जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने भीड़ वाले स्थानों पर मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ गर्मी के कारण मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसा ही जिले के सबसे बड़े बीके सिविल अस्पताल में अम्बेडकर जयंती के अवकाश के बाद शनिवार को देखने को मिला। भीड़ के कारण यहां मरीजों के परिजन ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से बहस करते नजर आए। यहां रोजाना दो से ढाई हजार मरीजों की भीड़ होने पर जिस तरह ओपीडी में लाइनें लगती थी, शनिवार को अवकाश के कारण आपातकालीन कक्ष में भी इस तरह की लाइनें देखने को मिलीं। जहां कोविड-19 के नियमों की धज्जियां उड़ रही थी।

ये था हाल : बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती पर सरकारी अवकाश होने के कारण बीके सिविल अस्पताल की ओपीडी बंद थी। वहीं मरीजों की भारी संख्या आपातकालीन कक्ष में बढ़नी शुरू हो गई। इलाज के लिए सुबह से शाम तक सैंकड़ों मरीज पहुंचे थे। शनिवार को ओपीडी खुलने के बाद चिकित्सकों के कक्षों के बाहर मरीजों की लम्बी लाइनें लग गई। कुछ मरीजों के परिजन कर्मचारियों से झड़ते नजर आए।

दवा काउंटर पर लगी भीड़ में उड़ती कोविड-19 नियमों की धज्जिया, न मास्क, न सोशल डिस्टेंसिंग।

ये लगाया आरोप : अस्पताल में अवकाश के बाद हजारों लोग इलाज के लिए बीके अस्पताल की ओपीडी में खड़े होकर इलाज करवाते नजर आए। एक महिला ने कर्मचारी को बताया कि 'मेरे बीमार पति को बल्लभगढ़ से रेफर किया गया है, डॉक्टर ने पर्चा बनवाकर लाने पर ही आगे का इलाज करने को बोला है। इसलिए आप मेरे कार्ड का नम्बर पहले लगा लीजिये।' वहीं इतना सुनते ही दूसरे तीमारदार भड़क उठे और उन्होंने कहा कि वह पहले से खड़े हैं और उनके मरीज भी रेफर होकर आए हैं। ऐसे ही कार्ड काउंटरों पर देखने को मिला।

टूटे नियम : मरीजों व तीमारदारों की भीड़ के बीच सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ती नजर आईं। दवा काउंटर, ओपीडी के भीतर, पंजीकरण व रि-विजीट काउंटरों के अलावा अपातकालीन कक्ष में भी मरीजों की भीड़ देखने को मिली। कर्मचारियों ने बताया कि भीड़ बढ़ रही है। ऐसे में वह क्या करें। ऐसा ही आपातकालीन कक्ष में देखा गया कि जहां एक बिस्तर पर दो-दो मरीजों को भर्ती किया गया है। ऐसे में कोरोना के फैलने का खतरा और बढ़ गया।

दिव्यांगजन की सेवा में सरकार निभा रही अपना दायित्व: मक्कड़

हरियाणा के दिव्यांगजन आयोग के आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने डीएवी कॉलेज में खुला दरबार लगा दिव्यांग जनों से किया संवाद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा राज्य दिव्यांगजन आयोग के आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार दिव्यांगों के हितों को सुरक्षित रखते हुए सरकारी सेवाएं प्रदत्त करने में अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। वहीं प्रदेश के करीब 10 लाख दिव्यांग जनों को विभिन्न माध्यमों से लाभान्वित करने के लिए सरकार सजग है और जन कल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं से दिव्यांग जनों को जोड़ा जा रहा है। हरियाणा राज्य दिव्यांगजन आयोग के आयुक्त मक्कड़ आज शनिवार को शहर के डीएवी कॉलेज के सभागार में खुला दरबार लगाकर दिव्यांग जनों से सीधा संवाद कर रहे थे।

हरियाणा दिव्यांगजन आयोग के चेयरपर्सन राजकुमार मक्कड़ दिव्यांग जनों से संवाद करते हुए

राजकुमार मक्कड ने दिव्यांग जनों से रूबरू होते हुए उपस्थित दिव्यांग जनों को प्रेरित किया कि वे सकारात्मक दृष्टिकोण से आगे बढ़ते हुए हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता को चुनौती के रूप में स्वीकार करके और पढ़ाई पर फोकस रखते हुए अन्य सामान्य जन के रूप में कार्य कर दिव्यांगजनों के लिए अनुकरणीय बनें। ऐसे अनेक उदाहरण समाज में हैं जिन्होंने दिव्यांगजन होते हुए अपनी कमी नहीं बल्कि अपने आत्मविश्वास के बलबूते दिव्यांग होने के बावजूद अनेक अनुकरणीय कार्य किए हैं।

1968 टोल फ्री : खुला दरबार में आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने बताया कि दिव्यांगजन 1968 टोल फ्री नंबर दिव्यांग जन की सुविधा के लिए शुरू किया गया है, ऐसे में किसी भी रूप से दिव्यांग जन अपनी समस्या अथवा शिकायतें उक्त टोल फ्री नंबर पर दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि समाज कल्याण कार्यालय में दिव्यांगजनों के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किया जाए। आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने कहा कि दिव्यांग होना कोई अपराध नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के प्रयास करने चाहिए और उनके साथ समानता और समरसता का व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों को अपमानित करने या धमकाने जैसे मामले में आरोपी को जेल भी हो सकती है। केंद्र सरकार ने दिव्यांगों के अधिकार के प्रति संवेदनशील पहल की है। इसके मुताबिक अब दिव्यांग जनों को अपमानित करने, धमकी देने, पिटाई करने पर छह माह से पांच साल तक की सजा हो सकती है। राजपत्र में प्रकाशित दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 में इसे लेकर सख्त प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने जन सुनवाई के दौरान लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि सरकारी भवनों में दिव्यांगजनों के लिए रैंप की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बस स्टेंड व बसों में दिव्यांगजनों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें।

पदोन्नति में दिव्यांगजनों को आरक्षण: आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने कहा कि विशेष बौद्धिक योग्यता वाले बच्चे सरकारी व गैर सरकारी स्कूल में एडमिशन ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि विशेष बच्चों को सरकारी विद्यालयों में दाखिल करवाएं। उन्होंने कहा कि जो बच्चे किन्हीं कारणवश स्कूल नहीं जा रहे सरकार की ओर से ऐसे बच्चों को 1950 रुपये दिए जा रहे हैं।

रिश्वत लेते हुए नगर निगम का क्लर्क रंगे हाथों गिरफ्तार

एंटी करप्शन ब्यूरो की गिरफ्तार निगम कर्मी संजीव।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

प्रोपर्टी आइडी में सुधार करने की ऐवज में मांग रहा था रिश्वत

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम न्यू जनता कालोनी स्थित नगर निगम के कार्यालय में तैनात एक क्लर्क को चार हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी व्यक्ति डबुआ कालोनी निवासी एक सम्पति मालिक से प्रोपर्टी आइडी में मालिकाना हक बदलने की ऐवज में पैसों की मांग कर रहा था। ब्यूरों ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

डबुआ कालोनी निवासी विनोद अहलावत ने इस संदर्भ में एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों से शिकायत की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें अपनी प्रोपर्टी आइडी में मालिकाना हक बदलवाना था। जिसके लिए वे न्यू जनता कालोनी स्थित नगर निगम के कार्यालय में गए थे। जहां उन्होंने प्रोपर्टी आइडी का काम देख रहे पलवल के भारतगढ़ निवासी संजीव से सम्पर्क साधा। उन्होंने सम्पति आइडी से संबंधित तमाम कागजात संजीव को दिखा दिये थे। सबकुछ ठीक ठाक होने के बावजूद संजीव प्रोपर्टी आइडी में सुधार करने के बदले पैसों की मांग करने लगा, लेकिन काफी मिन्नतें करने के बाद भी वह चार हजार रुपये मांग रहा था। परेशान होकर उन्होंने ब्यूरों में शिकायत दे दी। ब्यूरो के अधिकारियों ने इंस्पेक्टर विरेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर छापा मारने के आदेश दिये।

यूपीएससी की परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर प्रशासन मुस्तैद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिला में 16 अप्रैल को संघ लोक सेवा आयोग/यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली सीडीएस,एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैदी से कार्य कर रहे हैं। आज शनिवार को सैक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में फाइल रिहर्सल का आयोजन किया गया।

जहां उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन के लिए आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को टिप्स देकर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिशा निर्देश भी दिए। डीसी विक्रम ने कहा कि यह काफी संवेदनशील कार्य है जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। वहीं अधिकारी सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। परीक्षा के लिए संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उसे समय रहते दूर कर लें। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल रविवार को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला में 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां सीडीएस,एनडीए व नेवल एकेडमी कक परीक्षाएं तीन चरणों में आयोजित की जाएगी।

फाइनल रिहर्सल में यूपीएससी की सफल परीक्षा के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को टिप्स देते डीसी विक्रम सिंह।

सीएम फ्लाइंग ने बिना गेट पास गेहूं ले जा रहे दो ट्रकों को पकड़ा

फरीदाबाद। सीएम फ्लाइंग की टीम ने बीती रात एक गुप्त सूचना के आधार परअनाज मंडी मोहना से 2 ट्रक बिना मार्किट फीस दिए गेहूं भरकर ले जाते हुए पकड़ा हैं। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी राजेश कुमार चैची ने बताया कि सूचना के आधार पर सतीश कुमार उप निरीक्षक मुख्यमंत्री उड़नदस्ता द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ अनाज मंडी मोहना से पलवल की तरफ जाने वाली गाड़ियों की चेकिंग की गई।

निरीक्षण के दौरान दोनों ट्रकों को रुकवाकर चेक किया गया। दोनों ट्रकों के ड्राइवर से वाहन में ले जा रहे गेहू के काग़ज़ात दिखाने बारे कहा गया। ट्रक के चालक नरेश कुमार ने दस्तावेज पेश किये लेकिन वाहन का मंडी से जारी गेट पास पेश नहीं कर सका। इसके अतिरिक्त अन्य वाहन का चालक सुरिंदर मौका पर कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। मंडी फीस चोरी के शक में एक वाहन को थाना छायसा में खड़ा कराया गया।

फसलों के भुगतान को भटक रहे किसान

पूर्व विधायक ने मंडी पहुंचकर सुनीं किसानों की समस्याएं, टाल मटोल करते रहे अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

अनाज मंडी में किसानों को फसल बेचने में आ रही परेशानियों के मद्देनजर पूर्व विधायक ललित नागर ने शनिवार को तिगांव अनाज मंडी का दौरा कर किसानों की समस्याएं जानीं। इस दौरान मंडी में आए किसानों ने ललित नागर को बताया कि इस बार बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि के चलते उनकी अधिकतर फसलें खराब हो गई है, जो बच गई है, उन्हें मंडियों में अधिकारी खरीदने में आनाकानी कर रहे है।

उन्होंने बताया कि बारिश से गेहूं छोटा हो गया था, उसे निकालते है तो गेहूं का रंग बदल जाता है तो अधिकारी उसे दूसरी कैटेगरी में डालते है और नमी भी काटते है, जिससे उनके समक्ष भारी परेशानियां आ रही है। इसके अलावा यहां समय पर तुलाई नहीं हो रही और जो तुलाई हो चुकी है, उसे बोरियां में भरा जाता है, मंडियों में इस समय हजारों लाखों बोरियां लगी पड़ी है परंतु वेयरहाऊस और एफसीसीआई दोनों ही विभागों ने माल उठाने से बिल्कुल हाथ उठा दिए है, अधिकारी कहते है, जब माल उठेगा दिल्ली पहुंचेगा, उसके 72 घण्टों बाद किसानों को भुगतान होगा, जिन किसानों की फसल की खरीद दो-तीन अप्रैल को हो गई थी, उनको भी अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। किसानों ने बताया कि भुगतान न मिलने के कारण किसी के घर में शादी है तो किसी को बच्चों का एडमिशन करवाना है, परंतु उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही।

आए गेहूं को देखते ललित नागर।

किसानों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि किसान हितैषी होने का दम भरने वाली भाजपा सरकार में किसानों का जमकर शोषण हो रहा है, मंडियों में फसलों का उठान न होने के कारण देश का अन्नदाता गर्मी के मौसम में खुले आसमान में बैठा हुआ है, लेकिन सरकार उसे उसकी फसल का समय पर भुगतान नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान हितैषी होने का केवल दम भरती है, जबकि जितनी भी योजनाएं इन्होंने चलाई है, वह केवल कागजों तक सीमित है, उसका लाभ किसानों तक पहुंच ही नहीं रहा। सरकार व प्रशासन की तानाशाही से किसान परेशान है, लेकिन अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। पूर्व विधायक ललित नागर ने मौके पर एफसीसीआई विभाग की इंचार्ज दीपशिखा श्रीवास्तव से मुलाकात कर उन्हें किसानों की समस्याएं बताई तो उन्होंने डीएम तारा सिंह को फोन मिलाया और माल उठाने के बारे में कहा तो डीएम ने स्पष्ट कहा कि ट्रांसपोर्टर ने उन्हें ट्रक देने से इंकार कर दिया है।

बाबा साहेब नाम है एक विचार धारा का: डागर

बाबा साहेब हमेशा सभी के दिलों में जिंदा रहेंगे : दीपक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर किसी एक व्यक्ति का नाम नहीं बल्कि एक ऐसी विचारधारा का नाम है, जो समाज से असमानता को समाप्त करने का काम लगातार कर रही है और मेरा यह विश्वास है कि यदि हमें समाज का संपूर्ण विकास करना है तो बाबासाहेब की विचारधारा पर चल कर ही किया जा सकता है।

उक्त विचार व्यक्त करते हुए युवा समाजसेवी एवं भाजपा नेता दीपक डागर ने कहा कि वर्तमान केंद्र की नरेंद्र मोदी और प्रदेश की मनोहर लाल जी के नेतृत्व वाली सरकार ने इस विचारधारा पर जो काम किया है वह काबिले तारीफ है । बाबा साहेब ने महिला सशक्तिकरण पर भी विशेष बल दिया था। बाबा साहेब संविधान के निर्माता ही नहीं उसके शिल्प कार भी थे। दूरगामी सोच के महापुरुष थे। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। समाजसेवी बीजेपी नेता दीपक डागर ने बीती शाम पृथला विधानसभा क्षेत्र के सबसे बड़े गांव फतेहपुर बिल्लौच में बाबा साहेब की जयंती पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहे। इस मौके पर जिला परिषद के चेयरमैन विजय लोहिया व बल्लभगढ़ ब्लॉक समिति के चेयरमैन चंद्र पाल, धरमू फोगाट की पूरी टीम सहित पूरे क्षेत्र की जाटव बिरादरी के साथ-साथ फतेहपुर बिल्लौच की सरदारी उपस्थित थी। उपस्थित हजारों की संख्या में लोगों ने दीपक डागर के पहुंचने पर जहां उनका जोरदार स्वागत किया वही सरदारी ने पगड़ी बांधकर दीपक डागर को आश्वासन दिया कि गत दिनों में इस क्षेत्र में सफाई और स्ट्रीट लाइट को लेकर जो अभियान चलाए हुए है। उससे प्रत्येक पृथला विधानसभा क्षेत्र निवासी उनके साथ है। इस मौके पर उपस्थित लोगों को विश्वास दिलाते हुए दीपक डागर ने कहा कि उनके राजनीतिक गुरु फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर का एक ही मूल मंत्र है कि क्षेत्र का सामाजिक व समान विकास और समानता ही क्षेत्र की उन्नति का रास्ता दिखाता है। इसी रास्ते पर चलने की प्रेरणा आदरणीय भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने दी थी। समारोह में बाबा साहेब के नाम पर विशाल भंडारे का आयोजन समाजसेवी बीजेपी नेता दीपक डागर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि समाजसेवी बीजेपी नेता दीपक डागर,जिला परिषद चेयरमैन विजय लोहिया, ब्लाक समिति चेयरमैन चंद्रपाल सिंह, सरपंच खेमचंद सैनी, समाजसेवी धरमू फौगाट एवं पृथला क्षेत्र के सरपंच,पंच, पार्षद, ब्लाक समिति मेम्बर, सरदार, समाजसेवी संगठन, गणमान्य व्यक्ति ओर विशेष रूप से फतेहपुर बिल्लौच के गणमान्य व्यक्ति, पंचायत मौजूद थी।

भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह में मौजूद अतिथिगण।

हल्की खरोच भी हीमोफीलिया की वजह : डॉ. जयंत

एकॉर्ड अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. जयंत ठाकुरिया ने कहा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हीमोफीलिया खून से जुड़ी समस्या है जो जेनेटिक होती है। व्यक्ति को हल्की खरोच में ब्लड बहना भी हीमोफीलिया की वजह हो सकती है। इसलिए इस बीमारी को नजरंदाज नहीं करना चाहिए। यह कहना है ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. जयंत ठाकुरिया का। उन्होंने कहा कि विश्व हिमोफीलिया दिवस को मनाने का मकसद लोगों को इस खतरनाक समस्या के बारे में जागरूक करना है।

डॉ. जयंत ठाकुरिया ने बताया कि हीमोफीलिया रक्तस्राव से जुड़ा एक डिसऑर्डर है। जिसमें गंभीर या हल्की चोट लगने पर भी खून बहने लगे तो रक्तस्राव जल्दी नहीं रुकता है। यह एक गंभीर स्थिति है। यदि ज्यादा खून बह जाए तो व्यक्ति की जान भी जा सकती है। इस रक्त संबंधी विकार में ब्लड क्लॉटिंग नहीं होती है। उन्होंने कहा कि जब शरीर से खून बहता है तब रक्त से जुड़ी कोशिकाएं ब्लड क्लॉट बनाकर खून के बहाव को रोकती हैं, लेकिन जब इस क्लॉटिंग फैक्टर में कमी आती है तब ये हीमोफीलिया का कारण बन सकती हैं। अधिकतर लोगों को यह समस्या माता पिता से होती है। लेकिन कुछ मामलों में मरीज के जींस में कुछ ऐसे परिवर्तन हो जाते हैं जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

हिमोफीलिया के लक्षण

- जोड़ों में दर्द की समस्या हो जाना।
- दर्द सिर दर्द महसूस करना।
- गर्दन में अकड़न महसूस करना।
- उल्टी की शिकायत महसूस करना।
- नाक से खून बहना।
- मसूड़ों और दांतों से खून आने की समस्या होना।
- स्किन का आसानी से छिल जाना।

संक्षिप्त समाचार

डीएवी कॉलेज में पीटीएम का हुआ आयोजन

फरीदाबाद। डीएवी शताब्दी महाविद्यालय के बीबीए विभाग में 10 से 16 अप्रैल तक एक सप्ताह के लिए पीटीएम का आयोजन किया गया। अभिभावकों को प्राध्यापकों से मिलने के लिए दोपहर 1:15 से 2:15 तक का समय दिया गया। शनिवार के दिन खासतौर पर काफी अभिभावक पीटीएम के लिए आए। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीबीए विभाग की डीन डॉ सुरभि व विभागाध्यक्षिका डॉ अंकिता मोहिंद्रा के निर्देशन तथा अन्य सभी प्राध्यापकगणों के सहयोग से बीबीए व बीबीए (कैम) के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के साथ मीटिंग करने का कार्यक्रम रखा गया। इस मीटिंग में अभिभावकों को उनके बच्चों की कक्षा में उपस्थिति, गृह परिक्षाओं में प्राप्त किए गए अंक और कक्षा में उनके व्यवहार आदि विषयों पर जानकारी दी गई।

कोरोना के 124 पॉजिटिव मिले, 41 मरीज हुए स्वस्थ्य

फरीदाबाद। जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को जिले में सर्वाधिक 124 नए संक्रमित मरीज सामने आए। जिसकी पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग ने की है। जिले में राहत की बात यह रही कि 41 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली है। वहीं एक्टिव केसो की संख्या का आंकड़ा 534 पर पहुंच गया है। जिसमें 6 मरीज अस्पताल में दाखिल है, तो वहीं 528 मरीज होम आईसोलेशन मे है। जिले में पिछले 24 घंटे में 826 सैम्पल लिए गए। वहीं जिले में फिलहाल 249 सरकारी और 76 निजी प्रयोगशालाओं में लिए गए सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है। जिले में सैम्पल पॉजिविटी रेट 15.01 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

सरकारी संस्थाएं बना रहीं युवाओं का भविष्य : श्याम सुंदर कपूर

फरीदाबाद। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय एवं ऐपेरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल द्वारा फरीदाबाद में स्थापित अपेरल ट्रेनिंग एवं डेवलपमेंट सेंटर (ATDC) द्वारा एक वर्षीय पाठ्यक्रम के अंतर्गत 35 युवाओं को आज प्रशिक्षण पत्र वितरित किये गये ढ्ढ कार्यक्रम का आयोजन् TDC °ß´ All India Forum of MSME (AIFOM) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर AIFOM के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर मुख्य अतिथि थे। राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार चौधरी विशिष्ठ अतिथि थे। कार्यक्रम का संचालन ATDC फरीदबाद की प्रधानाचार्या नीतू कपूर ने किया। AIFOM के पदाधिकारी आरसी चौधरी, डीके मिश्रा एवं वीके गुप्ता भी इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि रहे। उन्होंने युवाओं को प्रशिक्षण प्राप्त करने पर बधाई दी एवं अपने अनुभव साझा किये। मुख्य अतिथि श्याम सुंदर कपूर ने ATDC की प्रधानाचार्या एवं फैकल्टी को अच्छा कार्य करने पर बधाई दी। अनिल कुमार चौधरी ने कहा की जो युवा अपना उद्यम स्थापित करना चाहता है उन्हें AIFOM हर संभव सहायता प्रदान करेगा। प्रधानाचार्या नीतू कपूर ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का धन्यवाद किया।

रिपेयर के चलते 17 अप्रैल से दो सप्ताह बंद रहेगा रास्ता

फरीदाबाद। डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश पर यातायात पुलिस की तरफ से एडवाइजरी जारी की गई है बड़कल फ्लाईओवर से अंखिर गोल चक्कर की तरफ जाने वाला मार्ग निर्माण के चलते 17 अप्रैल से अगले 2 हफ्ते के लिए सड़क पूर्णतया बंद रहेगी। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सड़क निर्माण के चलते अपनी मंजिल को सुगम बनाने के लिए यातायात पुलिस के द्वारा जारी कि गई एडवाइजरी का पालन करें। अन्खीर गोल चक्कर की तरफ से आकर जिन वाहन चालकों को मेवला महाराजपुर दिल्ली की तरफ जाना है वो वाहन चालको के लिए एशियन हॉस्पिटल कट से मार्बल मार्केट होते हुये मेवला रोड की तरफ रूट डायवर्ट किया गया हैं, ओर जिन वाहन चालको ओल्ड फरीदाबाद, अजरोदा बल्लभगढ़ की तरफ जाना है उनके लिए सैक्टर- 21 डी कट से एनआईटी महिला थाने से होते हुये ओल्ड अंडरपास की तरफ रूट डायवर्ट किया गया है। दिल्ली की तरफ से सुरजकुंड व गुरुग्राम रोड पर जाने के लिये एनएचपीसी 0 चौक व मेवला चौक की तरफ रूट डायवर्ट किया गया हैं,अनखीर चौक से बी.के. चौक व सैनिक कॉलोनी की तरफ रूट डायवर्ट किया गया है, दिल्ली की तरफ से एनआईटी में जाने वाले वाहन ओल्ड अंडरपास की तरफ रूट डायवर्ट किया गया है । ताकि आमजन को आवागमन में असुविधा ना हो। सभी वाहन चालक ध्यान दें और अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए एडवाइजरी के मुताबिक अपना अल्टरनेटिंग अपना मार्ग चुने और फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करें। यदि कुछ समझ में ना आए या कोई क्लेरिफिकेशन हो या यातायात में किसी भी तरह की परेशानी के लिए 9582200138/0129-2225999 पर संपर्क कर सकते हैं।

फरार आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी की टीम ने चोरी में अवैध हथियार के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम सोनू उर्फ सोना है। आरोपी राजस्थान के भरतपुर जिले के गांव गांव सेहसन का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से नीमका जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपी से पूछताछ में 9 मामले सुलझाए गए हैं जिनमें 6 चोरी और अवैध हथियार के साथ दो मामले उद्घोषित अपराध के मामले है।

लॉयन्स क्लब ने किया टीचर ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित

फरीदाबाद। फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित शिरडी साई बाबा स्कूल में लायन्स इन्टरनेशनल क्लब डिस्ट्रिक 321-ए1 के तत्वावधान में दो दिवसीय टीचर ट्रेंनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लॉयन टीपीएस खिल्लन ने की। कार्यक्रम में मुम्बई से आई हुई मुख्य प्रशिक्षु निधि नागरथ ने शिक्षकों को शिक्षा के विशेष गुण सिखाए। दो दिवसीय वर्कशॉप में नागरथ ने शिक्षकों को आत्मविश्वास, टीम वर्क और छात्रों को सही तरीके से नियंत्रित करना भी सिखाया। कार्यशाला में शिरडी साई बाबा स्कूल के 40 शिक्षकों ने भाग लिया। जिसके लिए उन्हें प्रमाण-पत्र देकर प्रमाणित किया गया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मोतीलाल गुप्ता ने इस कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक ही एक समृद्ध देश की संरचना करते हैं। शिक्षकों को सही तरीके से छात्रों को नियंत्रित करना एक कला है और कला को सीखा जा सकता है।

अफजाल-मुख्तार के गैंगस्टर मामले में फैसले की बढ़ी तारीख

गाजीपुर। जनपद के बीएसपी सांसद अफ्ज़ाल अंसारी और बाहुबली मुख्तार अंसारी के खिलाफ चल रहे गैंगस्टर मामले में 15 अप्रैल को फैसला आना था लेकिन न्यायाधीश के अवकाश पर रहने के कारण 29 अप्रैल को अगली तारीख तय की गई है। साल 2007 में गाजीपुर के सांसद अफ्ज़ाल अंसारी और उनके भाई मुख्तार अंसारी पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। यह मुकदमा विधायक कृष्णानंद राय की 29 नवंबर 2005 को हुई हत्या को आधार बनाते हुए किया गया था। साथ ही मुख्तार अंसारी पर कृष्णानंद राय की हत्या के अलावा रुंगटा के अपहरण एवं हत्या का भी मामला शामिल था। अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ व एमपी.एमएलए कोर्ट की ओर से 16 वर्ष पुराने गैंगस्टर एक्ट के मामले में सांसद अफ्ज़ाल अंसारी और उनके भाई पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी पर शनिवार को फैसला सुनाया जाएगा। एक अप्रैल को बहस पूरी होने के बाद न्यायालय ने फैसला सुरक्षित कर लिया था। मालूम हो कि 22 नवंबर 2007 को मुहम्मदाबाद पुलिस ने विभिन्न मामलों में हुए गैंग चार्ट में सांसद अफ्ज़ाल अंसारी और मुख्तार अंसारी को शामिल कर गिरोह बंद अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। 23 सितंबर 2022 को अफ्ज़ाल एवं मुख्तार के विरुद्ध आरोप न्यायालय में तय किया गया था। बहस के लिए कई तिथियां डालने के बाद एक अप्रैल को अफ्ज़ाल अंसारी की ओर से बहस पूरी हुई। इसके बाद दूसरे दिन गैंगस्टर के मामले में मुख्तार अंसारी की ओर से बहस पूरी हुई। जिसको लेकर न्यायालय ने शनिवार 15 अप्रैल फैसला देने वाला था परंतु अब न्यायालय ने फैसला सुनाने की तिथि 29 अप्रैल नियत की है।

मुठभेड़ में शातिर घायल साथी बदमाश गिरफ्तार

गाजीपुर। जनपद में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भूतहियाताडं पर मय टीम चेकिंग कर रहे थे कि रात्रि 11ण्15 सूचना मिली की एक बाइक सवार दो बदमाश सम्राट ढाबा की तरफसे आते हुए दिखाई दिये। उक्त बदमाशों को पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो बदमाशो द्वारा जान मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर करते हुए शादियाबाद की तरफ भागने लगे जिसकी सूचना प्रसारित करते हुए पीछा किया गया तो मीरनापुर हाइवे मोड़ के पास उ0नि0 शिवाकान्त मिश्रा द्वारा घेराबन्दी करके पीछा किया गया। भूतहियातांड़ मोड तिराहे मौजूद स्वाट टीम द्वारा उक्त सूचना के क्रम में घेराबन्दी की गयी मीरनपुर सक्का हाइवे के पास बदमाशों द्वारा अपने को घिरता हुआ देख पुलिस टीम पर जानलेवा हमला व फायरिंग किया गया। आत्मरक्षा में जबाबी कार्यवाही करते हुए एक बदमाश को गोली लग गयी और मौके से एक बदमाश अंधेरे में भागने का प्रयास किया जिसको घेर कर पुलिस टीम द्वारा मय तमंचे के साथ पकड़ लिया गया। घायल बदमाश को इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। घायल बदमाश थाना कोतवाली व थाना सुहवल मे हुई हत्या के मामले मे वांधित अभियुक्त है। घायल अभियुक्त का नाम. विवेक राय उर्फ रावण पुत्र मुन्ना राय नि0 ग्राम गडुआ मकसूदपुर थाना सुहवल है। पकड़े गये बदमाश का नांम शशिभूषण शर्मा उर्फभोलू पुत्र श्रीकान्त शर्मा नि0 ग्राम भगीरथपुर थाना सुहवल जनपद है।

मुजफ्फरनगर जिला जेल में विचाराधीन कैदी की मौत

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिला जेल में विचाराधीन कैदी तेजवीर सिंह (50) की बीमारी के चलते मौत हो गई। जेल अधीक्षक सीता राम शर्मा के अनुसार, सिंह ने शुक्रवार शाम सीने में दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

आरेडिका में मनायी गई अम्बेडकर जयंती

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में आज दिनांक 15ण्04ण्2023 को भारत रत्न डाण् भीम राव अम्बेडकर जी की 132 वीं जयंती का आयोजन प्रशासनिक भवन के संगोष्ठी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आरेडिका के महाप्रबंधक श्री पीके मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं अम्बेडकर जी की फोटो प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर श्री पी के मिश्रा ने अम्बेडकर जी के त्यागए जीवन संघर्षोए महिला एवं दलितोद्धार के लिए किए गये कार्यों पर प्रकाश डाला और लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने एवं अपने जीवन में उन आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया। आगे उन्होने कहा किए बाबा साहब का मानना था कि जिन्दगी लम्बी नही बड़ी होनी चाहिए।आगे इसी क्रम में अधिकारियों ए कर्मचारियों ए एससीध् एसटी एसोसिएशनए एवं विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधियों ने अम्बेडकर जी की फोटो पर पुष्पांजली कर बाबा साहब के जीवन से संबंधित बहुमूल्य जानकारी को साझा किया। श्री टीआर वर्माए श्री ओम प्रकाश मौर्या ए आदि ने बाबा सहाब के जीवन उद्देष्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में आरेडिका के पीसीपीओ श्री अमरनाथ दुबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया गया।इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आरेडिका महाप्रबंधक ने किया जल संरक्षण बिन्दुओं का निरीक्षण

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाएरायबरेली के महाप्रबंधक श्री पीके मिश्रा ने जल संरक्षण के बिन्दुओं का निरीक्षण किया और कुछ आवश्यक सुझाव भी दिए। जैस आरेडिका परिसर में स्थिति तालाबों के आकार एवं संख्या को बढ़ाया जाए तथा जल संरक्षण उपायों को और अधिक उपयोगी बनाया जाएए जिससे जल संरक्षण के प्रति लोगों की उत्सुकता बढे।श्री मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा किए एक स्वच्छ वातावरण हम सब का मौलिक अधिकार है तो प्रकृति का संरक्षण करना हम सब का नैतिक एवं मौलिक कर्तव्य भी हैए आरेडिका ने हमेशा अपनी नीतियों में इस बात को प्रमुखता दी। जिसके फलस्वरूप आरेडिका की छवि एक पर्यावरण हितैशी हरी भरी फैक्ट्री के रूप में है। हम जितना प्रकृति से लें उतना वापिस भी लौटाएँ इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए आरेडिका में जल संरक्षण के लिए 19 वाटर हार्वेस्टिंग चार्जिंग पोइंट बनाए गये हैं। इनकी संख्या बढाने का सुझाव दिया। इसी कड़ी में आगे उन्होने बतायाए जल को बहुपयोगी बनाने के लिए आरेडिका में सीवेज वाटर ट्रीटमेण्ट प्लांट है। जिसमें उपयोग हुए जल का शोधन करके सिंचाई के लिए उपयोग किया जाता है। बरसात के समय में जल संरक्षण के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं आगे इसके और विस्तार की योजना है। जिसके तहत और तलाबों एवं सीवेज वाटर ट्रीटमेण्ट प्लांट का निर्माण होना है। जिससे स्वच्छ नदी स्वच्छ जल की मुहिम को बढावा मिलता रहे जिससे अधिक से अधिक जल का शोधन कर इसका विभिन्न प्रकार के कार्यों में उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। ऊर्जा के लिए हम परम्परागत संसाधनों के स्थान पर स्वच्छ ऊर्जा के साधनों का उपयोग करने पर बल दे रहे हैं ताकि पृथ्वी पर उपस्थित संसाधनों का कुशलतम उपयोग हो एवं सतत विकास को गति मिले जिससे आगे आने वाली पीढियों को संसाधनों के किसी भी प्रकार के दबाव और अभाव का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

पीएनबी ने अम्बेडकर जयंती पर किया भंडारे का आयोजन

इटावा। पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय इटावा व पंजाब नैशनल बैंक एससीध्एसटी वेल्फेयर एसोसियेशन इटावा इकाई द्वारा आज भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती तथा भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल प्रमुख श्री सैय्यद अतहर हुसैन काज़मी जी ने बाबासाहेब को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबासाहेब के मन में समाज के गरीबए वंचित और पिछड़े वर्ग के प्रति गहरी चिंता थी और उनके लिए उन्होंने समाज सुधारए समानता और न्याय के लिए संघर्ष किया। हमें बाबासाहेब के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सचेष्ट रहना चाहिए। कार्यक्रम में पंजाब नैशनल बैंक एससीध्एसटी वेलफेयर एशोसिएशन के इटावा इकाई के अध्यक्ष श्री कालका प्रसाद जी व सचिव श्री सुनील कुमार वर्मा जी तथा बैंक के अन्य कर्मचारी ब अधिकारी उपस्थित रहे।

तम्बाकू की लत एक जटिल और विस्तृत समस्या

लखनऊ। भारत ने साल 2025 तक तम्बाकू के उपयोग में 25 प्रतिशत कमी लाने का संकल्प लिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की नई रिपोर्ट के अनुसार भारत यह लक्ष्य प्राप्त करने वाले 60 देशों में होगा। सरकार द्वारा तम्बाकू नियंत्रण की कठोर नीतियों के बावजूद तम्बाकू से बने नुकसानदायक उत्पादों का उपयोग 267मिलियन लोग कर रहे हैं और 42 प्रतिशत पुरुष एवं 12 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन कर रही हैं। इसके अलावा सर्वेक्षण में शामिल 30विकासशील देशों में भारत तम्बाकू छोड़ने की दर में नीचे से दूसरे स्थान पर आता है। तम्बाकू से होने वाले नुकसान की कमी एक ध्रुवीकरण का मुद्दा है, जो पूरी दुनिया में तम्बाकू नियंत्रण के प्रयासों में सबसे ऊपर है। तम्बाकू की लत भारत और विश्व में स्वास्थ्य की एक जटिल और विस्तृत समस्या है। भारत में तम्बाकू के सेवन से हर साल एक मिलियन से ज्यादा मौतें होती हैं। कम आय वर्ग के लोगों में तम्बाकू की लत गरीबी का एक दुष्चक्र शुरू होता हैए जिसका कारण तम्बाकू से होने वाले नुकसान को नियंत्रित करने के लिए किए जाने वाले अपर्याप्त उपाय हैं। तम्बाकू से होने वाले नुकसान को कम करने की ओर एक कंपनी ईटी एज़ द्वारा हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में अनेक विशेषज्ञों ने इस विषय पर अपने विचार रखे। नुकसान कम करने की प्रभावशाली रणनीतियों की जरूरत पर रोशनी डालते हुए ऑर्थोपीडिक सर्जन, डॉ. किरन मेलकोटे ने तम्बाकू यूज़र्स के दृष्टिकोण को जानने के महत्व पर बल दिया। मेलकोटे ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल ;डब्लूएचओ एफसीटीसीद्ध का एक हस्ताक्षरकर्ता होने के नाते तम्बाकू नियंत्रण की नीतियों में नुकसान में कमी को शामिल करना भारत का दायित्व है। इसके अलावा उन्होंने तम्बाकू का उपयोग रोकने के मौजूदा दृष्टिकोण पर सवाल खड़ा किया। जिसकी सफलता दर उनके मुताबिक 0.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष है। साथ ही उन्होंने तम्बाकू का उपयोग रोकने के उन वैकल्पिक तरीकों को आजमाने का समर्थन किया, जो अन्य देशों में सफलता प्राप्त कर चुके हैं।

मुजफ्फरनगर : आठ साल के दलित लड़के से यौन शोषण करने के दोषी को उम्रकैद

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिले की एक विशेष अदालत ने आठ वर्षीय दलित लड़के के साथ करीब सात वर्ष पूर्व यौन शोषण करने के आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव शर्मा ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि विशेष पॉक्सो अदालत ने आठ साल के दलित लड़के के साथ दुराचार करने के मामले में खालिद को आज उम्रकैद की सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि पॉक्सो अदालत के विशेष न्यायाधीश बाबूराम ने आज यहां पॉक्सो अधिनियम, भारतीय दंड संहिता की धारा 377 (अप्राकृतिक दुष्कर्म) और अनुसूचित जाति जनजाति निवारण अधिनियम समेत अन्य सुसंगत धाराओं के तहत आरोपी खालिद को दोषी ठहराते हुए उसे उम्र कैद की सजा सुनाई और 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। शासकीय अधिवक्ता ने घटना के संदर्भ में बताया कि जुलाई, 2016 मे छपार थाना क्षेत्र के एक गांव मे आठ वर्षीय दलित बालक खेतो मे शौच के लिए गया था, तभी आरोपी खालिद ने उसे धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ति बालक के पिता ने आरोपी के खिलाफ संबंधित थाने में मामला दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की विवेचना की और आरोप पत्र दाखिल किया था।

बलिया : बिना मान्यता फर्जी तरीके से नर्सिंग कॉलेज संचालित करने का आरोपी प्रबंधक गिफ्तार

बलिया। जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र में बिना मान्यता फर्जी तरीके से नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज संचालित करने के आरोपी प्रबंधक को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। सिकंदरपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) दिनेश पाठक ने बताया कि प्रारंभिक जांच मे यह पाया गया कि कॉलेज बिना मान्यता लिए फर्जी तरीके से चल रहा था, जिसके बाद कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार को सिकंदरपुर थाना में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की और शनिवार को प्रबंधक मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

आगरा में 194 किलोग्राम गांजा जब्त, आठ गिरफ्तार

आगरा। आगरा पुलिस और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की संयुक्त टीम ने सैयां थाना क्षेत्र में कार्वाई कर एक ट्रक से करीब 194 किलोग्राम गांजा जब्त किया जिसकी बाजार में कीमत करीब 97 लाख रुपए है। इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस आयुक्त प्रीतिंदर सिंह ने बताया कि मुखबिर से सैयां थाना क्षेत्र में गांजा की तस्करी होने की सूचना एनसीबी को मिली थी, जिसके बाद पुलिस उपायुक्त (पश्चिम)और थाना पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर बिजलीघर चौराहे पर एक संदिग्ध ट्रक और स्विफ्ट डिजायर कार को रोका और दोनों वाहनों की जांच की। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान ट्रक से प्रतिबंधित मादक पदार्थ मिला। इस मामले में कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनकी पहचान विवेक कुमार, सचिन, कुलदीप उर्फ कुल्ली, हरेंद्र, भगवान सिंह (सभी निवासी अलीगढ़), मुकेश निवासी मथुरा, अंसार उर्फ बबलू निवासी शहीद नगर थाना सदर (आगरा), राशिद निवासी शहीद नगर (आगरा) के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि ट्रक के आगे-आगे संभावित खतरे को भांपने के लिए कार चलती थी।पुलिस ने दावा किया कि आरोपी ओडिशा और आंध्र प्रदेश से गांजा की तस्करी कर दिल्ली, नोएडा, मथुरा, आगरा, हाथरस और अलीगढ़ आदि जिलों में आपूर्ति करते थे।

बिहार ले जाई जा रही 230 लीटर मिलावटी शराब जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

भदोही। भदोही में करीब पांच लाख रुपए कीमत की 230 लीटर मिलावटी अंग्रेजी शराब जब्त की गई है और इस मामले में दो कथित तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी राजस्थान के अलवर जिले के रहने वाले हैं और मिलावटी शराब बिहार ले जा रहे थे।अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राजेश भारती ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए शहर कोतवाली इलाके के रजपुरा चौराहा पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात कोतवाली पुलिस ने एक संदिग्ध कार को रोक कर जांच की, जिसमे से एक नामी ब्रांड की 230 लीटर अंग्रेज़ी मिलावटी शराब बरामद हुई। उन्होंने बताया गिरफ्तार किए गए आरोपी प्रकाश यादव और सचिन गुर्जर अलवर जिले के रहने वाले हैं जो ए मिलावटी शराब बिहार में बेचने जा रहे थे।एएसपी ने बताया कि बरामद शराब पांच लाख कीमत की आंकी गई है। लक्ज़री कार भी ज़ब्त कर ली गई है।

पीलीभीत में वैन और मोटरसाइकिल की टक्कर में युवक की मौत

पीलीभीत। पीलीभीत जिले के न्यूरिया थाना इलाके में एक वैन और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वैन ने मझोला कस्बे में टनकपुर रोड पर हनुमान मंदिर चौराहे के पास शुक्रवार शाम एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार परितोष (25) की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, परितोष मझोला का ही रहने वाला था।

विद्युत व विकास विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई

संवाददाता। खीरों (रायबरेली)

विद्युत विभाग तथा विकास विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने नियम विरुद्ध तरीके से बिना बोरिंग के ही एक दूसरे किसान के निजी नलकूप की लाइन पास कर दी। लाइन बनने के लिए बिजली विभाग द्वारा खंभे गिराए जाने पर किसान को जानकारी हुई। पीड़ित किसान ने उप जिलाधिकारी लालगंज को शिकायती पत्र देकर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। तिवारिनखेड़ा मजरे खजुहा निवासी किसान राजनारायण पुत्र शिवदर्शन ने एसडीएम लालगंज को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि उसकी भूमधरी जमीन पर एक विद्युत कनेक्शन का निजी नलकूप संचालित है। उसके पड़ोसी किसान राम आसरे तिवारी ने नियम विरुद्ध तरीके से विकास विभाग तथा बिजली विभाग के अधिकारियों की सांठगांठ से विद्युत कनेक्शन स्वीकृत करा लिया है। इस कार्य में तेजी दिखाते हुए रातों-रात बिजली विभाग द्वारा लाइन बनाने के लिए खंभे भी गिरा दिए गए हैं। एसडीएम लालगंज अजीत प्रताप सिंह ने उपखंड अधिकारी खीरों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उपखंड अधिकारी कैलाश सिंह यादव ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

कानपुर में महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

धर्मांतरण के लिए डाल रहा था दबाव

कानपुर। जिले के हरबंशमोहाल इलाके में एक युवती को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में 24 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि युवती ने कथित तौर पर धर्मांतरण कर शादी करने से मना कर दिया था, जिसके बाद युवक ने बदनाम करने की धमकी दी थी। पुलिस के मुताबिक पीड़ित महिला, आरोपी शाहरूख (24) के साथ रिश्ते में थी। आरोप है कि शाहरूख ने उससे कहा था कि या तो वह धर्मांतरण करके उससे शादी कर ले, वरना वह उसे बदनाम कर देगा और अपमान से बचना है तो वह आत्महत्या कर ले। सहायक पुलिस आयुक्त (कलेक्टरगंज) तेज बहादुर सिंह ने बताया इससे परेशान होकर युवती ने बुधवार को यहां अपने घर में छत से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। एसीपी ने कहा कि महिला कुछ साल पहले एक सोशल नेटवर्किंग साइट के जरिए आरोपी व्यक्ति के संपर्क में आई थीऔर युवक ने खुद की पहचान सौरभ के रूप में दी थी। एसीपी ने कहा कि शुक्रवार को दर्ज प्राथमिकी में मृतका के और युवक ने खुद की पहचान सौरभ के रूप में दी थी। एसीपी ने कहा कि शुक्रवार को दर्ज प्राथमिकी में मृतका के पिता ने शाहरुख पर अपनी बेटी को प्रताड़ित करने और इस्लामिक रीति-रिवाजों से शादी करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। पिता का दावा था कि शाहरुख के पास उनकी बेटी के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो हैं, जिसके जरिए वह उस पर शादी करने का दबाव बना रहा था। वह उसे इस्लाम कबूल कराने पर उतारू था। सिंह ने बताया कि शाहरुख के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा- 306 (आत्महत्या के लिए उकसाने) और उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्मांतरण निषेध अधिनियम-2021 की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की। एसीपी ने बताया कि मामले में तुरंत कार्वाई करते हुए पुलिस ने शाहरुख के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की और शुक्रवार को हरबंश-मोहाल के भूसाटोली से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से विधिक कार्यवाही के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान युवक के पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

खीरों (रायबरेली)। पुलिस चौकी सेमरी प्रभारी उपनिरीक्षक पुरुषोत्तम दास ने अपने सहयोगियों के साथ संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान शनिवार को एक युवक के पास से एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया है। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया गया है।

थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार अवस्थी ने बताया कि शनिवार को सेमरी चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम दास मुख्य आरक्षी माधव राजगीरी तथा आरक्षी परवेंद्र कुमार के साथ संदिग्ध वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर बरभनखेड़ा रोड पर पुलिया के पास एक संदिग्ध युवक को पूंछतांछ के बाद हिरासत में लिया । हिरासत में लिए गए युवक ने खुद को फतेहपुर जिले के थाना क्षेत्र गाजीपुर के गांव सिमौर निवासी राजन पाण्डेय पुत्र सुरेश पाण्डेय बताया। तलाशी के दौरान राजन पाण्डेय के पास से एक अवैध 12 बोर तमंचा तथा कारतूस बरामद किया गया है। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया गया है।

बीएसए ने धंतौली में स्कूल चलो रैली को दिखायी हरी झंडी

संवाददाता। जालौन (उरई)

कम्पोजिट विद्यालय धंतौली में स्कूल चलो अभियान, वार्षिकोत्सव एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार ने कहा कि बच्चे कल का भविष्य हैं। इसलिए शिक्षक अपने कार्य को ईमानदारी से निभाएं। सेवानिवृत्ति पर भी समय बच्चों और परिवार के साथ बिताएं। हालांकि रूटीन दिनचर्या की कमी तो खलेगी। लेकिन सामंजस्य बिठाना ही होगा। विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह पटेल ने स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को अंकपत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। उप्रप्राशि संघ के जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्रा, जिला समन्वयक प्रशिक्षण विश्वनाथ दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष लालजी पाठक, नरेश निरंजन, अभिलाष तिवारी, बृजेंद्र राजपूत, राघवेंद्र निरंजन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। बच्चों द्वारा कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई इस दौरान छात्रों को पुस्तकों का भी वितरण किया गया। स्कूल चलो अभियान रैली को बीएसए ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें बच्चों से विद्यालय में एडमीशन कराने की अपील की गई। अंत में सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र कुमार यादव एवं अवधेश पाराशर को सेवानिवृत्ति उपरांत उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक मनीष समाधिया एवं बृजेंद्र दूरबार ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर रामप्यारे तिवारी, युद्धवीर कंथरिया, अरविंद श्रीवास्तव, अखिलेश व्यास, अमित गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, केके श्रीवास्तव, वेद प्रजापति, ओम नारायण दीक्षित, उमेश पटेल, रूपेंद्र सक्सेना, श्रीमती स्वयंप्रभा, राजीव थापक, राधाचरण रिछारिया, रमाकांत द्विवेदी, कृष्णकुमार याज्ञिक, तरुण चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

आरेडिका में मनायी गई डा. अम्बेडकर की 132वीं जयंती

लालगंज रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में आज भारत रत्न डा. भीम राव अम्बेडकर जी की 132 वीं जयंती का आयोजन प्रशासनिक भवन के संगोष्ठी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आरेडिका के महाप्रबंधक पीके मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं अम्बेडकर जी की फोटो प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर पी के मिश्रा ने अम्बेडकर जी के त्याग, जीवन संघर्षों, महिला एवं दलितोद्धार के लिए किए गये कार्यों पर प्रकाश डाला और लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने एवं अपने जीवन में उन आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया। आगे उन्होने कहा कि, बाबा साहब का मानना था कि जिन्दगी लम्बी नही बड़ी होनी चाहिए। आगे इसी क्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, एससी एसटी एसोसिएशन, एवं विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधियों ने अम्बेडकर जी की फोटो पर पुष्पांजली कर बाबा साहब के जीवन से संबंधित बहुमूल्य जानकारी को साझा किया। टीआर वर्मा, ओम प्रकाश मौर्या, आदि ने बाबा सहाब के जीवन उद्देष्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में आरेडिका के पीसीपीओ अमरनाथ दुबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

अन्ना प्रथा के चलते मोटे अनाजों की पैदावार सम्भव नहीं : अरुण पाण्डेय

संवाददाता। राजापुर(चित्रकूट)

भारतीय किसान यूनियन तहसील इकाई राजापुर की मासिक बैठक तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह पटेल की अध्यक्षता में पाँच सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार राजापुर को सौंपा गया। जिसमें गेहूँ खरीद केंद्रों में गेहूँ के साथ साथ सरसों, चना,मसूर की एमएसपी के आधार पर खरीद कराए जाने की माँग किया है। भारतीय किसान यूनियन तहसील इकाई राजापुर के मासिक बैठक में जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मंशानुरूप बुन्देलखण्ड में मोटे अनाजों खासकर दलहन व तिलहन का केंद्र रहा है जो देश में दाल का कटोरा नाम से प्रसिद्ध था, लेकिन आज अन्ना प्रथा जैसी भीषण समस्या के चलते क्षेत्र का किसान त्रस्त है और मोटे अनाज बोने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है।

उत्तर प्रदेश सरकार की गाइडलाइन्स के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायतों में बने आश्रय स्थलों में शक्ति के साथ गौवंशों को संरक्षित करा दिया जाए तो एक बार फिर किसान मोटे अनाजों का उत्पादन कर सकेगा। उन्होंने कहा कि मोटे अनाजों की पैदावारी करने के लिए ग्राम पंचायतों में जागरूकता कैम्प लगाकर जब तक अन्ना प्रथा को जड़ से समाप्त नहीं किया जाएगा तब तक किसान मोटे अनाजों का उत्पादन करने में विफल रहेगा। उधर तहसील इकाई के अध्यक्ष राजकिशोर सिंह पटेल ने माँगपत्र में बताया है कि गेहूँ खरीद केन्द्रों में एमएसपी के आधार पर गेहूँ के साथ साथ सरसों, चना, मसूर की भी खरीद कराई जाए। साथ ही कहा कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर घर टोंटी के तहत ठेकेदारों के द्वारा गाँव की सड़कों व नालियों को ध्वस्त करा दिया गया है, जिससे जल निकासी न होने के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है और भीषण गर्मी में मलेरिया, म्यादी बुखार तथा संक्रामक बीमारियों की तेजी से बढ़ने की आशंका है।इस मौके पर अखिलेश मिश्रा, योगेन्द्र सिंह, जयनारायण सिंह, उदयनारायण सिंह, श्यामनारायण सिंह, सन्तोष द्विवेदी, राजबाबू सिंह, ओमनारायण गर्ग आदि किसान मौजूद रहे।

पांचवें दिन सभासद पद के तमाम नामांकन पत्र किये गये दाखिल

● एआईएमआईएम को छोड़कर अन्य राजनैतिक दलों से कोंच पालिकाध्यक्ष उम्मीदवार अब तक नहीं आ सके सामने

संवाददाता। कोंच(जालौन)

निकाय चुनाव की जारी नामांकन प्रक्रिया के पांचवे दिन शनिवार को कोंच पालिकाध्यक्ष पद हेतु वरिष्ठ सपा नेता सरनाम सिंह यादव ने जहां एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया वहीं उन्होंने एक और नामांकन पत्र का सेट खरीदा। भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया व जयप्रकाश नगर निवासी आशुतोष कुमार ने भी नामांकन पत्र खरीदे। नगर पंचायत नदीगांव अध्यक्ष पद हेतु महिला रमा देवी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया जबकि एक अन्य महिला सुनीता देवी ने नामांकन पत्र खरीदा। एआईएमआईएम पार्टी को छोड़कर अन्य सभी प्रमुख राजनैतिक दलों द्वारा उम्मीदवारों की अब तक घोषणा न हो पाने से कयासबाजी का दौर फ्लिहाल जारी है। एआईएमआईएम से डॉ संजीव निरंजन को टिकट दिया गया है।

तहसील में कोंच नगर पालिका और नदीगांव नगर पंचायत निर्वाचन के लिए जारी प्रक्रिया के पांचवे दिन नगर पालिका वार्ड संख्या 1 से अमित, महेंद्र, ज्ञानसिंह, वार्ड संख्या 3 से राधा, वार्ड संख्या 5 से कमर जहां, समा, रुकसाना, वार्ड संख्या 11 से संजीत, वार्ड संख्या 12 से सरोज बाई, सादाब अंसारी, वार्ड संख्या 13 से अमित सिंह, वार्ड संख्या 15 से मो जावेद, आशीष कुशवाहा, मदन सिरौठिया, अरुण, वार्ड संख्या 16 से मो जाहिद, अजीज, वार्ड संख्या 17 से अजीज, अग्निवेश, वेदप्रकाश, सुल्तान, वार्ड संख्या 18 से राजेश, वेदप्रकाश, वार्ड संख्या 19 से चाँदनी, लता, मालती, वार्ड संख्या 20 से एजाज उद्दीन, वार्ड संख्या 21 सलमान, मानवेन्द्र, अविनाश, विशाल, वार्ड संख्या 24 से जॉली, प्रदीप, मोहित ने नामांकन पत्र दाखिल किये।

नदीगांव नगर पंचायत की वार्ड संख्या 4 से रामनारायण, वार्ड संख्या 5 से अमित कुमार, वार्ड संख्या 6 से संतोषी, वार्ड संख्या 8 से चंदन सिंह, वार्ड संख्या 9 से आशमा, वार्ड संख्या 10 से सुबोध कुमार, राधाकांत, नरेंद्र ने नामांकन पत्र दाखिल किए। नायब तहसीलदार राहुल यादव ने बताया कि कोंच सभासद पद हेतु शनिवार को 43 नामांकन पत्र खरीदे गये जबकि 42 नामांकन पत्र दाखिल किए गये। नगर पंचायत नदीगांव में सभासद पद हेतु 11 नामांकन पत्र खरीदे गए जबकि 8 नामांकन पत्र दाखिल किए गये।

हाई फाई पार्टी के राज

पिछले दिनों एक संस्थान में कानून की पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा रात्रि में हाई फाई पार्टी का आयोजन किया गया था। इस पार्टी में धुओं के उड़ते छल्ले के बीच कॉकटेल सहित वो सारी नशीली चीजें मौजूद थी जो बिगड़ैलजादों का परिचय कराने के लिए काफी होती हैं। इस पार्टी में एक माननीय के घर की लड़की भी शामिल थी। पार्टी में न जाने उसको ड्रग्स दी गई या कॉकटेल का असर था वह पार्टी में ही बेहोश हो गई। आनन फानन में उसे एक अस्पताल में ले जाया गया जहां से उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। शहर के फेमस सेंटर में तीन दिन तक लड़की कोमा में रही। चौथे दिन किसी तरह से वह होश में आई। इस बीच माननीय ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए पार्टी की सारी वीडियो यहां तक की एक एक लड़के का मोबाइल लेकर फाटो तक डिलीट करा दी जिससे कोई इन्हें सोशल मीडिया पर न डाल सके। इस दौरान माननीय ने धमकी भी दे दी कि बात बाहर गई तो खैर नहीं। मामला दब भी जाता लेकिन इस बीच संस्थान में ही आंदोलन हो गया। दबी बात दबी जुबान से बाहर आने लगी। लोगों ने बताया कि यहां पार्टियां आम बात है। कोई हस्तक्षेप भी करना चाहे तो नहीं कर सकता है। सम्भव है हरासमेंट का आरोप ही लगा दें। इसलिये बिगड़ैलजादों से कोई कुछ भी नहीं बोलता है।

हम तो भैया चुप्पे चाप

इसको अनुभव ही कहेंगे कि छाछ फूंक कर पिओ और आग में मत कूदो। चाचा ने भी यही किया। कोई बयान बाजी नहीं। बस चुप्पी साधे रहो। वहीं दूसरी ओर भतीजा है जिसे बगैर बोले चैन नहीं आता। खुद तो बयान बाजी की ही सांसद पत्नी से भी करा दी। बीते एक दशक से पूरा कुनबा गर्त में चलता चला जा रहा। हार पर हार मिल रही है पर उसकी कोई चिंता नहीं। धधकती आग में हवन करने में जुट गए। ऐसी स्थिति में हाथ जलना स्वाभाविक ही है। इसी को कहते हैं अनुभव की कमी। जब तक राजनीति के महा अनुभव वाले पिताजी थे तब तो उनसे लड़ने में समय बिता दिया और चाचा को कुछ समझा नहीं। तो अब चाचा काहे ज्ञान दें।। बस चाचा ने इस मामले में खुद ही चुप्पी साध ली। न काहू से दोस्ती न काहू से बैर। घटना को आज कई दिन हो गए फिर भी चाचा की तरफ से कोई बयान नहीं आया। वहीं भतीजा है वह बड़ा बयान बहादुर है। कभी जांच की मांग करता है तो कभी तथाकथित अपराधियों की सूची जारी करता है।



कैसे संभालूं

छोटे साहब को वीआईपी क्षेत्र से आने के बाद नगर निगम की जिम्मेदारी तो मिल गयी लेकिन वह जिम्मेदारी को संभाल नहीं पा रहे हैं। बेचारे छोटे साहब को एक पावरफुल महिला अधिकारी सुबह पांच बजे ही उठा देती हैं। क्षेत्र में एंटी लार्वा, फॉगिंग और कूलर चेक कराने में जुटा देती हैं तो दूसरी महिला चुनावी वर्ष होने के कारण दिन में मीटिंग और वार्डों के कार्यक्रमों में बुलावा भेज देती हैं। सुबह से शाम तक दौड़ते दौड़ते साहब की सांसें उखड़ रही हैं। बेचारे! छोटे साहब पूरे दिन यहां वहां भटकते फिरते हैं। अपने विभाग को समय ही नहीं दे पा रहे हैं। आए दिन कर्मचारी नेता भी बड़े साहब से अपनी नाराजगी जताते हैं और लंबित मांगें सामने रख रहे हैं तो दूसरी ओर ठेकेदार भुगतान न करने पर विकास कार्य ठप करने का अल्टीमेटम दे रहे हैं। अब दो पाटों के बीच में बड़े साहब फंस चुके हैं। वह सोचते कुछ और हैं, करना कुछ और पड़ रहा है। ऊपर से खस्ता हाल सफाई व्यवस्था जो पटरी पर आई थी फिर बिगड़ने लगी है। बेचारे साहब ! करें तो क्या करें। इनको कुछ समझ नहीं आ रहा है जबकि नगर निगम विभाग को देखने के लिए पांच पांच पीसीएस हैं फिर भी नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप टेन शहर में नहीं ला पा रहे हैं।

चलो शहनाई तो बजी

नगर निकाय के आरक्षण ने भले ही कई लोगों के चुनाव लड़ने के सपनों को तोड़ दिया हो लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने इसका बखूबी तोड़ निकाल लिया है। प्रदेश में चाकू के लिए प्रसिद्ध रहे जिले से संबंधित देश की सबसे पुरानी पार्टी के एक ऐसे ही नेता हैं जिन्होंने परिस्थितियों से हार नहीं मानी। दरअसल लंबे समय से अपनी पार्टी के निष्ठावान रहे नेताजी ने इस बार नगर पालिका के चेयरमैन पद पर चुनाव लड़ने की तैयारी की। काफी समय पूर्व से ही वह अपने क्षेत्र में जी जान से जुटे हुए थे मगर निकाय चुनाव की घोषणा के साथ ही उनका सपना टूट गया। उनकी सीट महिला के लिए आरक्षित हो गई। दिक्कत सामने यह थी कि 45 वर्षीय नेताजी ने अभी तक विवाह भी नहीं किया है कि अपनी पत्नी को ही मैदान में उतार देते। उनके समर्थक भी उदास हो गए कि अब कुछ नहीं होने वाला लेकिन नेताजी ने सबको उस समय हतप्रभ कर दिया जब नामांकन से पहले ही उन्होंने अपने लिए एक दुल्हन खोज निकाली। अब वह उससे निकाह करके उसे चुनाव लड़ाने की पूरी तैयारी में हैं। अब देखना यह है कि पार्टी उनकी पत्नी को टिकट देती है कि नहीं? क्या उनकी पत्नी चुनाव लड़ पाएंगी? चुनाव में जीत होगी कि हार? यह सब सवाल तो अपनी जगह लेकिन उनके समर्थक इसी बात से खुश है कि कम से कम चुनाव के बहाने इस उम्र में नेताजी का विवाह तो हो जाएगा।

10 हजार करोड़ से स्मार्ट बनेंगे यूपी के शहर

● दो हजार करोड़ से 10 शहरों की निगहबानी कर रहे इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

केंद्र और प्रदेश सरकार के संयुक्त प्रयास से स्मार्ट सिटी मिशन के तहत लगभग 10 हजार करोड़ रुपये से उत्तर प्रदेश के शहरों को स्मार्ट बनाने का कार्य चल रहा है।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता का कहना है कि बीते 6 साल में प्रदेश के शहरों को सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कई उल्लेखनीय काम हुए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति, सीवरेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता, सुगम परिवहन, सड़क, पार्किंग, स्ट्रीट लाइट, आईटी, कनेक्टिविटी, डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस और पर्यावरण को लेकर योगी



सरकार की ओर से किये गये लगातार प्रयासों ने उप्र के शहरों का कायाकल्प कर दिया है।

10124 करोड़ रुपए की 542 परियोजनाएं: उन्होंने बताया कि आज प्रदेश के शहर न सिर्फ मूलभूत सुविधाओं के मामले में अपग्रेड हुए हैं, बल्कि नगरों की स्वच्छता का ग्राफ भी हाई हुआ है। आगरा और वाराणसी देश के टॉप 10 स्वच्छ शहरों में शामिल हैं। इसके अलावा टेक्नोलॉजी के जरिए शहरों की सुरक्षा को भी पुख्ता करने में काफी मदद मिली है। प्रवक्ता के अनुसार प्रदेश के शहरों को स्मार्ट बनाने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से 10124 करोड़ रुपए की 542 परियोजनाएं चल रही हैं। इनमें से भी 4757 करोड़ रुपए के 343 कार्य पूर्ण हो चुके हैं जबकि 199 कार्य तेज गति से पूरे किये जा रहे हैं। इसमें भी 2000 करोड़ की लागत से प्रदेश के 10 शहर आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और वाराणसी में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) व इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) को एक्टिवेट किया गया है।

शहरों को सुरक्षित रखने में मददगार आईसीसीसी: 2019 के प्रयागराज कुंभ और उसके बाद कोविड काल में अपनी उपयोगिता सिद्ध कर चुके आईसीसीसी अब प्रदेश के शहरों को सुरक्षित रखने में मददगार बन रहे हैं। आईसीसीसी के जरिए शहर भर में लगे हाई डेफेनिशन कैमरों की मदद से पूरे नगर की निगहबानी आसान हुई है। इसके जरिए ना सिर्फ स्वच्छता के रियल टाइम अपडेट मिल रहे हैं, बल्कि हाल के वर्षों में अपराधों के खुलासे और अपराधियों की धरपकड़ के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से पुलिस को सबसे ज्यादा मदद मिली है। यही नहीं, योगी सरकार ने अब 28 करोड़ की लागत से प्रदेश स्तर पर भी क्लाउड आधारित स्मार्ट सिटी सेंट्रल डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम को एक्टिवेट कर दिया है, जहां से राज्य के सभी बड़े शहरों की मॉनीटरिंग हो रही है।

इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से यातायात प्रबंधन में मिली मदद: सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से शहरों में यातायात प्रबंधन के मोर्चे पर काफी मदद मिल रही है। सड़कों पर बेवजह गाड़ी रोकना, गलत दिशा में गाड़ी चलाना, रेड लाइट जंप करना, बिना हेलमेट के चलनाए ओवरस्पीडिंग करने पर आईटीएमएस के जरिए ही निगरानी और कार्रवाइयां हो रही हैं। प्रदेश के 10 शहरों में आईटीएमएस के जरिए मिल रहे उत्साहजनक परिणामों को देखते हुए प्रदेश की योगी सरकार अब प्रदेश के सात अन्य शहरों को भी आईटीएमएस की सुविधा से लैस करने में जुटी हुई है। इसमें अयोध्या, फिरोजाबाद, गोरखपुर, गाजियाबाद, मथुरा-वृंदावन, मेरठ और शाहजहांपुर में 271 करोड़ की लागत से इटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम बनाने का काम चल रहा है। इसके अलावा इन सातों शहर में 253 करोड़ की लागत से स्मार्ट पार्किंग, स्मार्ट रोड, स्मार्ट क्लास और हरित शवदाहगृह का निर्माण भी जारी है।

सीएम योगी ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य से शिष्टाचार भेंट की

भाजपा सरकार में बेलगाम हो गई महंगाई: अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में महंगाई बेलगाम हो गई है। जनता से झूठे वादे करके सत्ता में आयी भाजपा सरकार को आम जनता, गरीबों और मध्यम वर्ग की चिंता नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि आम जनता की जरूरत की चीजें मकान, रोटी, कपड़ा, दवा, पढ़ाई सब महंगी हो गयी है। डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर की कीमते पहले से ही आसमान पर है। अब खाने पीने की चीजों दाल, चावल, आटा, तेल, दूध सब की कीमतें बढ़ गयी है। महंगाई से आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। बच्चों की पढ़ाई महंगी है। बच्चों की किताबें, स्टेशनरी, ड्रेस आदि सभी महंगी हैं। भाजपा सरकार ने बसों का किराया बढ़ा दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई को रोकने में विफल है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से ध्यान हटाने के लिए भाजपा सरकार जाति.धर्म के मुद्दे पर आम जनता को लड़ाने की साजिश करती है। सरकार सभी मोर्चों पर विफल है। सरकार के पास जनता की समस्याओं पर कोई जवाब नहीं है। सरकार गरीबों और मध्यम वर्ग की जेब काट कर अमीरों और पूंजीपतियों की तिजोरी भर रही है। भाजपा की नीतियां पूंजीपरस्त है।

टिकट दावेदारी को लेकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हंगामा

● अराजकतत्व फर्जी सूची जारी कर खराब कर रहे हैं माहौल: धीरज गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कांग्रेस मुख्यालय पर शनिवार को नगर निकाय चुनाव के लिए टिकट की दावेदारी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के कमरे के बाहर प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए टिकट बटवारें में कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल खड़े किए।

वहीं दूसरी ओर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने शनिवार को जारी हुई लिस्ट को फर्जी बताया है। उन्होंने कहा कि कुछ अराजकतत्व फर्जी लिस्ट जारी करके माहौल खराब कर रहे हैं। पार्टी ने लखनऊ में सिर्फ 15 वार्डों की ही प्रत्याशियों की सूची जारी की है। उन्होंने कहा कि वह पूरे मामले की जांच करा रहे हैं। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस की ओर से 19 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। शनिवार को पार्टी की ओर से 95 वार्डों में प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होने की बात पता चलने के बाद प्रदेश कार्यालय में नाराज कार्यकर्ताओं ने हंगामा करना शुरू कर दिया है। जो उम्मीदवार लंबे समय से टिकट की दावेदारी कर रहे थे, उनके टिकट कटे तो उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर सवाल खड़ा किए हैं। लगभग 12 से अधिक वार्डों की सीटों को लेकर विवाद सामने आया है। जिन प्रत्याशियों के टिकट काटे हैं, उनका आरोप है कि बसपा से आए लोग कांग्रेस का नुकसान कर रहे हैं, वह अपने करीबियों को टिकट दिलाने में कामयाब हो गए हैं जबकि कांग्रेस में वर्षों सेवा कर रहे कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है।

पुरानी सरकारें अपराधियों को संरक्षण देती थीं: संजय निषाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं योगी सरकार के मंत्री संजय निषाद ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पुरानी सरकारें अपराधियों को संरक्षण देती थी। हमारी सरकार उन्हें आज सजा देने का काम कर रही है। असद के एनकाउंटर पर सपा और बसपा को घेरते हुए कहा कि विपक्षी दल जनता के साथ नहीं हत्यारों के साथ खड़ी है। मंत्री संजय निषाद ने यह बात शनिवार को पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि जब पीड़ित परिवार के साथ-साथ प्रदेश की जनता योगी सरकार की तारीफ कर रही है, तब अखिलेश यादव और मायावती जैसे विपक्षी नेता एनकाउंटर पर ही सवाल खड़े करके हत्यारों के समर्थन में खड़े हो गए हैं।

मंत्री संजय निषाद कहा है कि अखिलेश और मायावती जैसे नेता पिछड़े समाज से लाभ लेने के लिए राजनीति करते हैं। इनके मन में इस समाज के प्रति कोई संवेदना और सहानुभूति नहीं है। उन्होंने कहा कि उमेश पाल हत्याकांड में उनका गनर संदीप निषाद भी मारा गया था। ये दोनों ही पिछड़े समाज से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन विपक्षी नेताओं ने इनकी हत्या पर एक बार भी सहानुभूति भरे शब्द नहीं बोले, लेकिन इनके हत्यारों को जब यूपी पुलिस के जवानों ने अपनी जान पर खेलकर गिरफ्तार करने की कोशिश की और मुठभेड़ में मार गिराया तो ये नेता उन्हीं हत्यारों के पक्ष में खड़े हो गए। पिछड़ा समाज इसके लिए उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। मंत्री संजय निषाद ने कहा कि उमेश पाल के साथ ही निषाद समाज का एक जवान संदीप निषाद भी इस हत्याकांड में मारा गया था। सीसीटीवी के माध्यम से पूरी दुनिया ने देखा कि हत्यारों ने किस तरह बेखौफ होकर उमेश पाल और गनर को गोलियों से भून दिया। निषाद समाज के हितैषी होने का दावा करने वाले इन विपक्षी दलों के नेताओं के मुंह से निषाद समाज के इस वीर जवान की हत्या पर सहानभूति का एक शब्द भी नहीं निकला। यहां तक कि सिपाही संदीप निषाद के क्षेत्र अतरौलिया का विधायक भी सपा का हैए लेकिन वो हत्या के बाद संवेदना व्यक्त करने सिपाही के घर तक नहीं गया। उल्टे ये नेता उसके हत्यारों का समर्थन कर रहे हैं, उनके एनकाउंटर पर सवाल खड़े कर रहे हैं। उनका यह कृत्य पिछड़ा समाज विरोधी है, निषाद समाज विरोधी है। उन्होंन कहा कि अखिलेश यादव और मायावती जैसे लोगों ने इन माफिया को आगे बढ़ाया। किसी ने उन्हें सांसद बनाया तो किसी ने उनके परिवार के अन्य लोगों को पदों पर बिठाया। इनकी सरकारों में ये माफिया फल फूल रहे थे, उन्हें संरक्षण मिल रहा था। हमारी सरकार इन हत्यारों के खिलाफ है और जनता के साथ है। प्रदेश को गुंडा मुक्तए माफिया मुक्त करने का हमारा अभियान हैए जीरो टॉलरेंस की नीति हैए इसके लिए पीएम मोदी और सीएम योगी को मैं धन्यवाद दूंगा। इस तरह के माफिया और गुंडों के खिलाफ हमारी सरकार हमेशा खड़ी रहेगी और न्यायालय के माध्यम से इन्हें सजा दिलाने का काम करेगी।

इन्हें पिछड़े तब नजर आते हैं जब चुनाव होते हैं

मंत्री संजय निषाद ने कहा कि राजू पाल की हत्या के समय मुलायम सिंह यादव कोई एक्शन नहीं ले पाए थे। उमेश पाल की हत्या हुई तो हमारी सरकार ने एक्शन लिया। पत्रकार ही कहते थे कि अपराधी पकड़ से बाहर हैंए खुले घूम रहे हैंए दूसरी वारदात करेंगे तब सरकार चेतेगी। आज जब ऐसे दुर्दांत अपराधी पुलिस द्वारा अभिरक्षा में लेने के दौरान जवाबी कार्रवाई में मारे जाते हैं तो विपक्षी दलों को भी उस अधिकारी को शाबाशी देना चाहिएए न कि सवाल खड़े करना चाहिए। हमारी सरकार पिछड़ों के साथ भी हैए दलितों के साथ भी है। बिना भेदभाव के हर जाति.धर्म के साथ है। वहीं विपक्ष सिर्फ पिछड़ों का वोट लेना चाहते हैं, लेकिन उनके साथ कभी कोई घटना हो जाए तो न उनसे सहानुभूति व संवेदना जताते हैं और न ही उनके दरवाजे पर जाते हैं। इन्हें पिछड़े तब नजर आते हैं जब चुनाव होते हैं।

मुख्यमंत्री ने गर्रा नदी हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख जताया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद शाहजहांपुर में गर्रा नदी हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को प्रति मृतक दो लाख एवं गंभीर घायलों को पचास हज़ार की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएम योगी ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समूचित उपचार कराने के साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन के अधिकारियों, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में जुटीं।

सपा ने महापौर की शेष छह और सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने प्रदेश में हो रहे निकाय चुनाव के लिए शेष छह महापौर प्रत्याशियों की सूची और जारी कर दी। सपा प्रमुख प्रमुख अखिलेश यादव की संस्तुति पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने शेष बचे छह महापौर प्रत्याशियों की सूची को प्रकाशित किया। समाजवादी पार्टी द्वारा जारी महापौर प्रत्याशियों की सूची में क्रमश: बरेली नगर निगम सीट से महापौर प्रत्याशी के तौर पर संजीव सक्सेना को प्रत्याशी बनाया है। इसके साथ ही मथुरा नगर निगम सीट से महापौर प्रत्याशी के रूप में तुलसीराम शर्मा, वाराणसी सीट से ओपी सिंह को महापौर के लिए प्रत्याशी बनाया है। इसी प्रकार आगरा नगर निगम सीट से समाजवादी पार्टी ने ललित जाटव को प्रत्याशी घोषित किया गया है। अलीगढ़ नगर निगम सीट से पूर्व विधायक जमीर उल्ला खां को महापौर पद का प्रत्याशी बनाया है जबकि गाजियाबाद नगर निगम सीट से पीएन गर्ग की पत्नी नीलम गर्ग को महापौर का प्रत्याशी घोषित किया है।

बगैर हेलमेट व फोन से बात करने वाले बाइक सवार निशाने पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अगर आप बगैर हेलमेट बाइक चला रहे है या मोबाइल फोन पर बात कर रहे है तो संभल जाइए। परिवहन विभाग इस मामले में सख्ती के मूड में आ गया है। यदि कोई बाइक सवार बगैर हेलमेट व मोबाईल फोन पर बात करते पकड़ा गया गया तो उसकी खैर नही। परिवहन विभाग उसका भारी चालान करेगा।

परिवहन विभाग के अधिकारियों की माने तो इन्हीं दो वजहों से सड़क हादसों में खुद के अलावा दूसरों की जान जाने वालों की संख्या ज्यादा है। जिन्हें कम करने के मकसद से परिवहन विभाग बड़े पैमाने पर चेकिंग अभियान चलाने जा रहा है।

चेकिंग अभियान में ओवरलोड ट्रकें व यात्री बसों के अलावा बगैर हेलमेट में बाइक सवारए मोबाइल से बात करने में चालान की कार्रवाई दोगुने रफ्तार से की जाएगी। इसी क्रम में परिवहन विभाग के चेकिंग दस्तों ने शनिवार को 42 चालान काटे। इनमें बगैर हेलमेट, फोन से बात करने, बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट और अनफिट स्कूल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। संबंध में लखनऊ परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त निर्मल प्रसाद ने बताया कि लखनऊ मंडल में दस टीमें बनाई हैं।

यह टीमें कहीं भी चेकिंग करते हुए बाइक सवार और भारी वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान करने के निर्देश दिए गए है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आकांक्षात्मक विकास खंडों को मिलेगा पुरस्कार

● आकांक्षात्मक विकासखंडों को प्रोत्साहित करने के लिए योगी सरकार की पहल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

योगी सरकार उन आकांक्षात्मक विकास खंडों को पुरस्कृत करेगी जो विकास के कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। ऐसे विकासखंडों को पुरस्कार के रूप में एक करोड़ रुपये प्रदान किये जाएंगे। वित्तीय वर्ष 2023-24 में नई मांग के माध्यम से संचालित योजनाओं में आवंटित बजट को आगामी तीन माह में व्यय किये जाने की कार्ययोजना में इसका प्रावधान किया गया है। पांच करोड़ के बजट का प्रावधानकार्ययोजना के अंतर्गत प्रदेश के ऐसे आकांक्षात्मक विकासखंडों को प्रोत्साहित करने के लिए यह राशि प्रदान की जाएगी, जिन्होंने विकास कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनके प्रदर्शन की विभिन्न पैरामीटर पर समीक्षा करने के बाद यह राशि प्रदान किये जाने का प्रावधान किया गया है। इसके लिए नियोजन विभाग को पांच करोड़ रुपये का बजट भी प्रदान किया गया है। इसका मतलब ये की अधिकतम पांच विकासखंडों को उत्कृष्ट प्रदर्शन का इनाम मिल सकता है।

फैमिली आईडी पर खर्च होंगे 55 लाख

इसके अतिरिक्त नियोजन विभाग को त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 1500 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है जिसमें जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावित कार्यों पर सीएम की संस्तुति होते ही राशि निर्गत की जाएगी। इसी तरह फैमिली आईडी.एक परिवार, एक पहचान योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए 55 लाख की धनराशि का व्यय मानव संसाधनए प्रशिक्षण, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और अन्य मद में किया जाएगा। इसके लिए 2.20 करोड़ का बजट प्रस्तावित है।

आप ने जारी की तीसरी सूची, लखनऊ में अंजू भट्ट महापौर प्रत्याशी

● महापौर के तीन सहित कुल 143 प्रत्याशियों की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने अपनी तीसरी सूची जारी कर दी है। मुख्य रूप से महापौर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा हुई है जिनमें लखनऊ से अंजू



भट्ट, मथुरा से प्रवीण भारद्वाज और झांसी से नरेश वर्मा शामिल हैं। अब तक कुल 9 महापौर के नामों की घोषणा की जा चुकी है। आज जारी हुई तीसरी सूची में 3 महापौर, नगर निगम (वार्ड) 84, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत में चेयरमैन पद के लिए 59 प्रत्याशियों की घोषणा यूपी प्रभारी संजय सिंह ने ट्वीट कर की, जिनकी कुल संख्या 143 है। सभी प्रत्याशियों को ट्रिपल सी के आधार पर चयनित किया गया है। लखनऊ से महापौर प्रत्याशी घोषित अंजू भट्ट वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। वह एक विद्यालय चलाती हैं, जिसमें गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का काम करती हैं। लंबे समय तक अपर शासकीय अधिवक्ता के तौर पर काम कर चुकी स्वर्गीय माया भट्ट की अंजू भट्ट पुत्रवधू हैं। अंजू भट्ट के शिक्षा के क्षेत्र में प्रचार प्रसार और बड़े पैमाने पर गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा दिए जाने के काम से प्रभावित होकर लखनऊ मेयर का प्रत्याशी घोषित किया है।

प्लास्टिक हटाओ को लेकर मिनी मैराथन

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

शाहजहांपुर। नगर निगम प्लास्टिक हटाओ को लेकर नगर निगम शाहजहांपुर एवं सन्देश सोशल एंड कल्चरल सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में महानगर में मिनी मैराथन दौड़ का सफ्लता पूर्वक आयोजन किया गया। जिसमे स्थानीय एवं बाहरी जनपदों से लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लेकर प्लास्टिक हटाओ के प्रति लोगों को जागरूक किया। स्थानीय नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम हथौड़ा में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को शहर के टाउन हाल हॉकी मैदान के लिये रवाना किया जो लगभग 8 रू00 हॉकी मैदान पहुँच कर समापन समारोह में परिवर्तित हो गया द्य इस मौके पर सैकड़ों प्रतिभागी और स्कूली छात्र छात्राओं, अधयापक अध्यपिकाओं और आम जनता को सम्बोधित करते हुए नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने विस्तार से जनमानस में प्लास्टिक प्रयोग से होने वाले खतरों की बाबत चर्चा करते हुए कहा कि यदि अब भी प्लास्टिक से दूरी ना बनाई गई तो हमें ऐसे नुकसान उठाने पड़ेंगे जिन की कल्पना भी नहीं की जा सकती उन्होंने कहा प्लास्टिक हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाती है साथ ही हमारी उर्वरा कृषि भूमि को भी तीव्र गति से बंजर बनाने की दिशा में नकारात्मक भूमिका निर्वाहन कर रही है, अर्थात उन्होंने प्लास्टिक से दूरी बनाने की अपील की साथ ही उन्होंने स्वच्छता बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि गंदगी से भी आपको इसी तरह दूरी बनानी होगी जिसके चलते आपको गीला कूड़ा और सूखा कूड़ा अलग-अलग नगर निगम द्वारा संचालित कूड़ा वाहनों मे डालना होगा। साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों और जागरूक नागरिकों से अपने-अपने मोबाइल से स्वच्छता पर रिल्स बनाकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट व नगर निगम की वेबसाइट पर अपलोड करने को कहा उन्होंने कहा कि चुनी गई दिल को प्रदेश स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। समापन

समारोह का संचालन करते हुए जरीफ मलिक आनंद ने कहा कि यदि हमने प्लास्टिक को ना नहीं कहा तो आने वाले वर्ष 2050 तक समुद्र में मछलियों की संख्या से अधिक प्लास्टिक कचरे की संख्या हो जाएगी। इस कार्यक्रम में स्थानीय एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक राजीव रंजन ने अपने संबोधन में कहा की प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करें प्लास्टिक खुद समाप्त नहीं होती प्लास्टिक के अधिक इस्तेमाल का मतलब और अधिक कचरा इसलिए प्लास्टिक का उपयोग बंद करें और वैकल्पिक उत्पादों का प्रयोग करें जो इसके उद्देश्य का पूरक हो। इसी दौरान नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने विजय प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया जिसमें प्रथम पुरस्कार विजेता यूनुस शाह का11000 की धनराशि का चेक प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया द्वितीय पुरस्कार एस खान 5100 नगद प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र तृतीय पुरस्कार सीतापुर से आए प्रतिभागी अभिषेक 3100 का नगद धनराशि प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सांत्वना पुरस्कार राहुल, मनोज, मोहित, गौरव, मानू, नमन, अतुल, अभिषेक, अनूप, शिवम, दीपक, व सौरव आदि को दिया गया एवं विशेष पुरस्कार कुमारी भावना को 1100 नगद ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मिनी मैराथन आयोजन में जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कुमर, पवन कुमार , सैफसिद्दीकी , हरवंश दीक्षित, सुनील दीक्षित, डालमिया चीनी मिल से कैप्टन विक्रम आदित्य गुप्ता एचआर एक्सिस बैंक से तनवीर अहमद खां इंद्रेश कुमार गौरव भारद्वाज सैयद नासिर खां राहुल रंजीत सिंह विक्रांत गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे संदेश सोशल सोसायटी के विनय गुप्ता आशिक सलीम खां महमूद खां कौसर अली खां फरीद इजहार रजत रिजवान गोविंद सैनी अनूप आफ्ताब रिजवान खान आदित्य आदि व्यवस्था में रहे।

सीतापुर में गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्राया इलाका

- दो पक्षों के विवाद में बीच बचाव करने गए युवक को लगी गोली, जिला अस्पताल रेफर किया गया ग्राम प्रधान पर गोली चलाने का आरोप

संवाददाता। सीतापुर

इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में ग्राम प्रधान पति ने विवाद में फायर झोंक दी झोंकी फायर एक युवक के पेट मे लगी गोली। अन्य के भी छर्रे लग गए। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की चौकी काजीकमालपुर के नरवाहनपुर गांव में किसी बात को लेकर ग्राम प्रधान के परिवार व रामू पुत्र गजराज से विवाद हो रहा था। विवाद होता देख गांव के ही घनश्याम (22) पुत्र जगमोहन मौके पर पहुंचकर बीच बराव करने लगे थे। जहां पर आरोप है कि प्रधान पति विष्णु वर्मा ने कई राउंड फायरिंग कर दी। जिससे घनश्याम के पेट मे एक गोली लग गयी। और वह गिर गया। यह देख जब मौके पर पहुंचे घायल घनश्याम के पिता जगमोहन के भी एक छर्रा उनकी आंख के ऊपर साइड में लग गया। घायल घनश्याम को उनके परिजन ऐलिया सीएचसी लाये। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं इस विवाद में कई अन्य को भी चोटें आईं हैं। सूचना पाकर मय फोर्स गांव पहुंचे प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया की मारपीट हुई है फायरिंग की बात सामने आई है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा। घायलों का मेडिकल कराया जा रहा है।

एआरटीओ ने सीज किए सात वाहन, 2 का चालान

- चलाया प्रवर्तन अभियान, मचा हड़कंप

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

शनिवार को एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने सड़कों पर स्वयं प्रवर्तन अभियान की कमान संभाली। इस दौरान उनके साथ एआरएम रोडवेज भी मौजूद रहे। एआरटीओ ने तीन अनाधिकृत संचालित बसों को चेकिंग के दौरान सीज कर दिया। कर बकाया, बिना फिटनेस वाले चार ट्रक भी सीज किए। वही दो वाहनों का चालान किया। एआरटीओ ने बैंगलोर से पलिया-गौरीफंटा जा रही एक बस को परमिट शर्तों के उल्लंघन, क्षमता से अधिक सवार यात्रियों के चलते सीज कर दिया। उसमें सवार यात्रियों को रोडवेज के जरिए उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। संबंधित यात्रियों का गंतव्य जाने के लिए आने वाले व्यय का वहन सीज की गई बस के स्वामी से करवाया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से सुरक्षित सफर करने की सलाह दी। अभियान के दौरान एआरटीओ ने कर बकाया, बिना फिटनेस वाले चार ट्रक भी सीज कर संबंधित थानों में खड़ा कराया। इसके अतिरिक्त 02 वाहनों का चालान भी किया। एआरटीओ की इस प्रवर्तन कार्यवाही से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। नपाप लखीमपुर के लिए अध्यक्ष पद हेतु 07 व सदस्य पद हेतु 42, नपं खीरी टाउन के लिए अध्यक्ष पद हेतु 01, सदस्य पद हेतु 13, नपं ओयल में अध्यक्ष पद हेतु 04 एवं सदस्य हेतु 10 नामांकन पत्र की बिक्री हुई। नपाप गोला गोकर्णनाथ के लिए अध्यक्ष पद हेतु छह, सदस्य पद हेतु 11 नामांकन पत्र एवं नपं मैलानी के अध्यक्ष पद हेतु 4, सदस्य पद हेतु 15 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपाप पलियाकला के लिए अध्यक्ष पद हेतु 2, सदस्य पद हेतु 7 एवं नपं भीरा के अध्यक्ष पद हेतु 2 एवं सदस्य पद हेतु 8 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपाप मोहम्मदी के लिए अध्यक्ष पद हेतु 7 नामांकन पत्र, सदस्य पद हेतु 19 नामांकन पत्र एवं नगर पंचायत बरबर के अध्यक्ष पद हेतु शून्य एवं सदस्य पद हेतु 39 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपं धौराहरा के अध्यक्ष पद हेतु 5 एवं सदस्य पद हेतु 7 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपं निघासन के अध्यक्ष पद हेतु 5 व सदस्य पद हेतु 11 एवं नपं सिंगाही के अध्यक्ष पद हेतु दोए सदस्य पद हेतु 15 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नगरीय निकाय अध्यक्ष पद के लिए लखीमपुर 2, खीरी टाउन 4, ओयल 2 मैलानी 1, बरबर 03, भीरा 05, निघासन 1, सिंगाही 3, धौराहरा 6 नामांकन पत्र दाखिल हुआ। वही सदस्य पद के लिए नगरीय निकाय लखीमपुर 62, खीरी टाउन 34, ओयल 4, गोला 37, मैलानी 21, मोहम्मदी 39, बरबर 11ए पलिया 34ए भीरा 47ए निघासन 59ए सिंगाही 30ए धौराहरा 75 नामांकन पत्र दाखिल हुए।

डा अम्बेडकर के अनुयाइयों ने निकाली शोभायात्रा

- बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण
- बाबा साहब के योगदान को किया गया याद और बौद्ध कथा समिति के कलाकारों ने सुनाए भजन
- संगीतमयी धुन पर भजनों को सुन मत्रंमुग्ध हुए श्रोता

संवाददाता। सीतापुर

भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर की जंयती पर अनुयाईयों ने शोभा यात्रा निकालकर संगठित होने का संदेश दिया। शोभा यात्रा में कसबा कमलापुर सहित आस-पास के दर्जनों गांव के लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा में हुजूम उमड़ा। नतीजा यह रहा कि हाइवे पर लगभग दो घंटे से अधिक समय तक फोर लेन कि जगह वनवे के रास्ते से वाहन गुजरे। गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा सबसे पहले मित्र भवन कसमंडा पैलेस पहुंची। यहां गेट पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कसमंडा स्टेट के कुवंर दिनकर प्रताप सिंह को आयोजको ने शोभा यात्रा में साथ लेकर कमलापुर नहर चौराहा के समीप स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के पास पहुंचे। अनुयाईयों ने शोभा यात्रा का समापन डा0 अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम में बौद्ध कथा समिति के कलाकारों ने बाबा साहब के भजनों का गायन कर समा बाधं दी। कार्यक्रम में सपा छात्र सभा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव भी शामिल हुए। शोभा यात्रा में हर्ष कुमार रसिक, मेवालाल चौधरी, बब्लू चौधरी, गुड्डु भारतीय, पिंटू मिश्रा, कल्लूराम, रामअवतार, भारत भारतीय, सुंदरलाल भारतीय, संजीव कुमार, चंद्रसेन, उजागर लाल गौतम, निर्मल चौधरी, मुकेश कुमार, कमलेश, अमित कुमार, सहित ग्राम केवलपुर, हरदी, महोली, चदेहरा, लक्ष्मनपुर, पचकोहरा, गवैइहया सहित दर्जनों गांव के बाबा साहब के अनुयायी शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीओ सिधौली यादुवेन्द्र यादव के साथ एसओ कमलापुर सतीश चंद्र, एसओ थाना मानपुर अरविंद कटियार, चौकी इंचार्ज मास्टर बाग शिवबहादुर सिंह, वरिष्ठ उपनिरिक्षक शिवप्रसाद पांडेय, उपनिरिक्षक मोहम्मद खालिद के साथ पुलिस बल, महिला दरोगा और महिला आरक्षी मुस्तैद रही।

क्विक न्यूज

खर्चों पर कड़ी निगरानी रखे जाने हेतु जिलाधिकारी ने किया निर्देशित

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के अंतर्गत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु तैनात सभी अधिकारियों को निर्देश दिए के राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा जारी आदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों द्वारा किए गए व्यय पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी। साथ ही नियमो का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने सर्विलांस टीमों द्वारा कड़ी निगरानी किए जाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की सूचना पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री संजय कुमार पांडे, अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

दबंगों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

बरेली। मामूली बात पर हुए विवाद के बाद दबंगो ने एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के गांव महेशपुरा ठाकुरान निवासी 30 वर्षीय सतोम सिंह पुत्र उदयपाल को आज दोपहर घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जहां उसके घरवालों ने बताया कि सतोम आज सुबह डनलप लेकर भूसा लेने के लिए अपने खेत पर जा रहा था लेकिन कुछ दूर चलने के बाद अंगूरी गांव का रहने वाला प्रदीप पुत्र शंकरलाल उसे मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया उसने मोटरसाइकिल को सतोम के डनलप के सामने रोक दिया जिससे दोनों में विवाद हो गया प्रदीप अपने घर वापस चला गया और कुछ देर बाद वापस लौटकर ने अपने एक दर्जन साथियों के साथ मिलकर सतोम पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलने पर घरवाले मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे घटना की जानकारी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदीप को उसके घर से हिरासत में ले लिया और सतोम सिंह को घरवाले इलाज के लिए जिला अस्पताल ले आए।

रिजर्व रिटर्निंग अधिकारियो एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत तैनात किए गए रिजर्व रिटर्निंग अधिकारियो एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियो का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी को निर्देश दिए कि सम्पूर्ण प्रक्रिया को अच्छी प्रकार से समझकर सकुशल निर्वाचन संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पूर्ण रूप से निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया संपादित कराई जाय। जिलाधिकारी ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि दिए गए कार्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें। प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के कड़े निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि दिनांक 13 अप्रैल 2023 को आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर सहायक निर्वाचन अधिकारी श्री सुधीर दीक्षित (वरिष्ठ सांख्यिकीय सहायक, उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद) एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी श्री ओमप्रकाश सिंह (सहायक अभियंता निर्माण खंड 2) के अनुपस्थित पाए जाने एवं शिथिलता बरतने के कारण नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि शिथिलता बरतने व परिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी। सभी निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारी को चेतावनी दी गई है कि निर्वाचन कार्य को गंभीरतापूर्वक कराना सुनिश्चित करें। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। कोई भी अधिकारी और कर्मचारी निर्वाचन से ड्यूटी कटवाने का कतई प्रयास न करें अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बच्चे पर कुत्तों ने किया जानलेवा हमला, हालत नाजुक

बरेली। मां के साथ खेत में मौजूद एक बच्चे पर आवारा कुत्तोंने हमला कर दिया जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया उसकी हालत नाजुक बनी हुई है । सीबी गंज थाने के गांव मथुरापुर निवासी बेदराम के 10 वर्षीय बेटे राम प्रकाश को आज सुबह घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां राम प्रकाश के घर वालों ने बताया कि उसका पिता वेदराम रिक्शा चला कर गुजारा करता है आज उसकी मां पास में ही एक खेत पर मजदूरी पर गेहूं काटने के लिए गई थी रामप्रकाश भी मां के साथ खेत पर ही खेल रहा था इसी दौरान जंगल से आए आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा और कुत्ते लगातार उसे नोचने रहे जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसकी मां ने जोर से चिल्लाकर लोगों को मदद के लिए बुलाया तब आसपास के खेतों में मौजूद गांव के लोग मौके पर पहुंच गए उन्होंने कुत्तों को लाठी-डंडों से पीटकर भगा दिया लेकिन तब तक रामप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो चुका था घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है उसके घरवालों ने बताया कि उनके गांव मे अक्सर आवारा कुत्ते बच्चों पर हमला करते पहले भी ने कहीं बच्चे घायल हो चुके हैं एक बच्ची की मौत भी हो चुकी है लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों से कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी कुत्तों को भगाने का कोई प्रयास नहीं किया गया ।

पेड़ पर लटकी मिली युवक की लाश

बरेली। एक मंदबुद्धि युवक की लाश आज सुबह गांव के बाहर पेड़ पर लटकी मिली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। क्योंलड़िया थाने के गांव धन जागीर निवासी 25 वर्षीय विकास पुत्र संग्राम सिंह की लाश आज सुबह गांव के पास ही पेड़ से बंधी रस्सी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि विकास मंदबुद्धि था और कल दिन में अपनी बहन गांव में ही रहने वाली सुमंगला से मिलने के लिए उसके घर गया था बताया जाता है कि बहन की ससुराल में ही उसका किसी से विवाद हुआ था इसके बाद वह वहां से वापस लौट आया लेकिन अपने घर नहीं आया शाम तक उसके ना लौटने पर घर के लोग उसे तलाशने में जुट गए लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला आज सुबह गांव के लोगों ने उसकी लाश पेड़ पर लटकी मिली।

ट्रेन से गिरकर युवक घायल

बरेली। चलती ट्रेन से गिरकर घायल हुए एक युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला भूतेश्वर निवासी 30 वर्षीय संजीव पुत्र सत्यदेव को शनिवार दोपहर रेलवे पुलिस ने घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां होश आने पर संजीव ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है और उसका मुकदमा बरेली के न्यायालय में चल रहा है वह कल दिन में अपने वकील से मिलने के लिए बरेली आया था जहां से आज सुबह वापस अपने घर लौटने के लिए रेलवे जंक्शन से कासगंज जाने वाली ट्रेन पर सवार हुआ था।

निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पूर्व चेयरमैन ने भरा पर्चा

संवाददाता। सिंगाही खीरी

नगर निकाय चुनाव के पहले चरण में होनेवाले मतदान को लेकर पूर्व चेयरमैन मोहम्मद क्य्यूम निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में शांतिपूर्ण तरीके निर्वाचन अधिकारी मृत्युंजय सिंह के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान मोहम्मद क्य्यूम ने भेंटवार्ता में बताया सिंगाही हकीकत यह है नगर पंचायत के ढुलमुल रवैये के कारण विकास और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जनता जीने को विवश हैं। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत के सभी धर्म-सम्प्रदाय से जुड़े लोगों का आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है। नगर पंचायत का सम्पूर्ण विकास हो सके। इसके लिए लोग बदलाव चाहते हैंए जिसकी शुरुआत हो चुकी है। चुनाव प्रचार में पुरुष, महिला एवं युवा सभी वर्गों का भरपूर साथ मिल रहा है। मतदाताओं में खासा उत्साह है। इस दौरान संदीप गौतम, तजम्मुल खान, अखलेश गुप्ता, सूरज कनौजिया, शेखर सिंह राजेश गौतम, कुतुब खां आदि लोग मौजूद रहे।

स्वाभिमानी कौम है बहुजन समाज

संवाददाता। सीतापुर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दलित वोटरों को रिझाने उन पर डोरे डालने का काम राजनैतिक दल कर रहे है। डा0 अम्बेडकर और कांशीराम के सहारे दलितों को साधने का काम किया जा रहा है। कुछ ऐसे ही संकेत शनिवार को सामाजिक सद्भवना सभा के जरिए सामने आए। ब्लाक सकरन क्षेत्र के डा लोहिया इंटर कालेज सकरन में डा अम्बेडकर की जंयती समारोह में वक्ताओं ने संविधान और संविधान निर्माता डा अम्बेडकर को केन्द्रित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। शिक्षा का महत्व रेखांकित करते हुए पूर्व न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय एंव सामाजिक चेतना फाउंडेशन न्यास के संस्थापक वीरेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि बच्चों के हाथ में किताब होनी चाहिए। जब वह शिक्षित होंगे तभी अपने अधिकारों के लिए लड़ पाऐंगें। पूर्व विधायक बिसवां रामपाल यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सब लोग एकजुट होकर संविधान को बचाने का काम करें। आने वाले समय में लोहिया के सपनो को साकार करने वाली समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। पूर्व विधायक ने कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन समाज के पिछड़े वर्गो दलितों और गरीबों के उत्थान के लिए न्यौछावर कर दिया। उन्होने सिर्फ सामाजिक न्याय, असमानता के खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि महिला सशक्तिकरण महिलाओं को बराबरी का अधिकार मिलने की बात भी की। डा0 अम्बेडकर जयंती समारोह के मौके पर आयोजित सामाजिक सद्भावना सभा में लहरपुर से सपा विधायक अनिल वर्मा, पूर्व सपा जिला अध्यक्ष शमीम कौसर सिद्धीकी, सपा छात्र सभा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव, अल्लन खां, मुर्तजा अली अंसारी, चुन्नू भार्गव, डा इस्माइल, संजय रावत, विनय सिंह, राजेन्द्र यादव, रामलखन यादव, भूरे सिंह, एडवोकेट महेन्द्र यादव, सोबरन लाल, मुकेश पांडेय, सुंदर लाल सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

इनामी अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा चलाए गए अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ के अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी महोदय मोहम्मदी के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 15ण2023 को समय प्रात: 6रू00 बजे रसूलपुर तिराहे के पास से ?10000 का पुरस्कार घोषित शातिर अपराधी रिजवान और कालिया उर्फ निगेहबान पुत्र फरमान उम्र 22 वर्ष निवासी रसूलपुर थाना मोहम्मदी खीरी उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार चौकी प्रभारी अमीरनगर मय हमरायिआन पुलिस बल के साथ सफ्लता हासिल हुई। उक्त अपराधी के कब्जे से एक अदद तमंचा 12 बोर मय एक आदत जिंदा कारतूस 12 बोर नाजायज भी बरामद हुआ।

लापता युवक को पुलिस ने किया सकुशल बरामद

बरेली। एक युवक के लापता होने के बाद उसकी मां ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया लेकिन जांच के बाद आज लापता युवक को उसके तहैरे भाई के घर में सकुशल बरामद कर लिया। मीरगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी मीना पत्नी मुनेंद्र पाल द्वारा 6 अप्रैल को थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया कि उसका बेटा विकास लापता है उसमें मीरगंज के गांव नंथपुरा निवासी निरंजन यदुवंशी और उसकी पत्नी मंजू पर हत्या का आरोप लगाया तब पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और लापता विकास की हवाई चप्पले भी बरामद कर ली लेकिन विकास नहीं मिला पुलिस उसे तलाशने में लगी थी इसी दौरान 11 अप्रैल को नल नगरिया तिराहा पर विकास की कार पर जा रहे मीरगंज के गांव जाम निवासी समरपाल और उसके भाई विनोद को भी गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार किए गए सभी चारों लोगों को पुलिस ने जेल भेज दिया और मामले की छानबीन भी जारी रखी।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती पर हुआ विशाल पथ संचलन

- आरएसएस ने पथ संचलन कर सामाजिक समरसता का दिया संदेश
- पथ संचलन में अनुशासन की दिखी झलक

संवाददाता। सीतापुर

डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जयन्ती पर आगामी निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को चुनाव जिताने का आवाहन हुआ। भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने अपने बूथों को मजबूत करते हुए बीजेपी को प्रत्येक बूथ पर विजय दिलाने का संकल्प लेना है। इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि बीजेपी का हर नेता कार्यकर्ता निकाय चुनाव में जोरशोर से बीजेपी का परचम लहराने का काम करेगा। गोष्ठी में सुधाकर शुक्ला, संजय मिश्रा, विश्राम सागर राठौर, जितेन्द्र मेहरोत्रा, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जिलाध्यक्ष रामजीवन जायसवाल, भंवर सिंह, अंकुर तिवारी, मीडिया प्रभारी पवन सिंह शिल्पी सहित कार्यकर्मा मौजूद रहे। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती पर आरएसएस ने विशाल पथ संचलन किया। गणवेश धारी स्वयंसेवकों ने संचलन में अनुशासन का बहुत ही सुन्दर परिचय दिया। पथ संचलन के जरिए सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। सीतापुर शहर के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से दण्ड सहित पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। पथ संचलन में अनुशासन की जो झलक दिखी वह झलक बिरले ही देखने को मिलती है। संचलन में लगभग 560 से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। कार्यक्रम में सैंकड़ों स्वयंसेवक शामिल हुए।

ऑनलाइन ट्रेडिंग पर लगे रोक

संवाददाता। बरेली

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि देश के सात करोड़ खुदरा व्यापारियों को बचाने के लिए और उनकी व उनके कर्मचारियों की रोजी-रोटी बचाने के लिए सरकार को ऑनलाइन ट्रेडिंग पर पूरी तरह रोक लगानी चाहिए। देश में बड़े-बड़े धन्ना सेठ ऑनलाइन ट्रेडिंग के माध्यम से घर-घर सामान बेचकर देश के करोड़ों खुदरा व्यापारियों का गला घोटने का काम कर रहे हैं। ऑनलाइन ट्रेडिंग की जितनी भी निंदा की जाए कम है, इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के हर जनपद में बड़े-बड़े शॉपिंग मालों का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे खुदरा व्यापार पर कुठाराघात हो रहा है, हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि ऑनलाइन ट्रेडिंग एवं शॉपिंग मॉल निर्माण पर तत्काल रोक लगाई जाए। कंछल ने कहा कि व्यापारी का दस लाख का दुकान जलने व दुकान लूटने का एवं दस लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा भी सरकार के द्वारा कराना चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते हुए बोले कि व्यापार को बचाने के लिए मंडी शुल्क की दर 1: कम की जाए आधा प्रतिशत सेस समाप्त किया जाए एवं गेट पास के लिए कटने वाली पर्ची 6आर एवं 9आर को समाप्त किया जाए। व्यापारियों को दी जाने वाली तीन हजार रुपये की पेंशन बहुत कम है उसे बढ़ाकर तीस हजार प्रतिमाह की जाए। प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि हम व्यापारियों के हितों के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे। व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण प्रमुखता के साथ हर हाल में कराया जाएगा। केंद्र और प्रदेश सरकार के कानूनों में जो भी खामियां हैं उन्हें संघर्ष और वार्ता के माध्यम से हर हाल में दूर किया जाएगा।

शान्तिपूर्ण ढंग से निकाय चुनाव कराने के निर्देश

संवाददाता। चित्रकूट

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नगरीय निकाय अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकाय चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने बाबत जोन व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक हुई।

शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि मतदान के दिन उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारियों से सही निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने की जिम्मेदारी होती है। समय-समय पर चुनाव संबंधी जानकारियां दी जाती हैं। चुनाव दौरान कहीं पर कोई बाधा आती है तो उसकी तत्काल सूचना दी जाये। सभी बूथों का भ्रमण कर ले, जिसमें पेयजल, विद्युत, छाया, रैम्प, शौचालय, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं को देख लें। कहीं पर कोई कमी है तो संबंधित उप जिलाधिकारियों से संपर्क कर निस्तारण करायें। जिस दिन पोलिंग पार्टियां रवाना हो तो वह समय से पहुंच जायें। मतदान समाप्ति के बाद समय से मत पेटी स्ट्रांग रूम पर जमा करायें। सभी उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्र में सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर लें।

उन्होने एडीएम से कहा कि जिन सेक्टर मजिस्ट्रेट के पास वाहन नहीं है, उन्हें व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उप जिलाधिकारियों से कहा कि आबकारी विभाग, पुलिस विभाग के साथ अवैध शराब पर अभियान चलाकर कार्यवाही करें। आदर्श आचार संहिता लागू है, उसका अक्षरशः पालन करायें। पोस्टर-बैनर तथा दीवार लेखन को तत्काल हटाए। कोई भी पोस्टर-बैनर या दीवार लेखन नहीं होना चाहिए। कोई भी सभा, नुक्कड़ नाटक जो प्रत्याशी या राजनैतिक दलों के लोग कराएंगे, उसकी अनुमति अवश्य होनी चाहिए। मतदाताओं को जागरूक करने को स्वीप के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम कराए जाएं। उप जिलाधिकारी मऊ अपने क्षेत्र में तथा उप जिलाधिकारी कर्वी विस्तारित क्षेत्रों में अधिक मतदाताओं को जागरूक करने में फोकस करें।

उन्होंने कहा कि जो भी प्रत्याशी किसी भी पार्टी या निर्दलीय हो तो उसकी गतिविधियां देखी जाए, ताकि कानून व्यवस्था में व्यवधान न हो। सभी उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्र के देशी-विदेशी मदिरा के लाइसेंस धारकों की बैठक कर लें। चेकिंग भी कराएं। उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्र में आदर्श बूथ, पिंक बूथ की तैयारी कर लें। मतदान के दिन प्रथम मतदाता को प्रमाण पत्र भी देने को अधिशासी अधिकारियों से व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने सभी उप जिलाधिकारियों तथा पुलिस क्षेत्राधिकारियों से कहा कि कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने को शान्ति भंग की कार्यवाही करायें। नगर निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराना है। कोई भी व्यक्ति/प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न करे। इसके लिए अपने क्षेत्र में पहले से अवगत करा दें। कोई भी व्यक्ति या अराजकतत्व चुनाव को बाधित करने की सोच रहा है तो उसे चिन्हित कर कार्यवाही करें। नगर निकाय क्षेत्र व आसपास के क्षेत्र के गांव के शस्त्र लाइसेंस प्रत्येक दशा में दुकानों में न जमा कराकर थानों में जमा कराएं। पिछले चुनावों में जिन लोगों पर 107/16 की कार्यवाही की गई थी, उन्हें भी चिन्हित करें। नगर निकाय चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष, शांन्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना सभी का दायित्व है।बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम सदर राजबहादुर, मऊ एसडीएम नवदीप शुक्ला, राजापुर एसडीएम प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर एसडीएम सतीश चंद्र, एएसडीएम रामजन्म यादव, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, सीओ राजापुर शीतला प्रसाद पांडेय, सीओ मऊ राजकमल समेत जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

झोलाछाप चिकित्सकों व लैब संचालकों को नोटिस, खलबली

फर्रुखाबाद। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय की तरफ से की गयी कार्यवाही से झोलाछाप व अपंजीकृत चिकित्सकों में खलबली मची है। विभाग के 9 लो नोटिस जारी कर जबाब माँगा है। बीते 12 अप्रैल को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा शमसाबाद क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई अपंजीकृत यझोलाछापद्ध चिकित्सक व लैब देखी गयीं। जिसमे सीएचसी के सामने दीपक राजपूत की अवनी पैथोलाजी लैब, शिवम कुमार की नव जीवन पैथोलाजी लैब. चटोरी मार्केट स्थित डॉ0 नजिर खां. रनवीर सिंह का भूदेव क्लीनिक गंगा रोड़, अलेपुर स्थित संजय राजपूत क्लीनिक व उमा कान्त वमा, बाजार कला स्थित डॉ0 मोमिन अंसारी की फेमली क्लीनिकए चटोरी मार्केट में डॉ0 महफूज रब्बानी व शमसाबाद में जनता पैथोलाजी को नोटिस जारी किया है। नोटिस में दो दिन के भीतर अपने अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ पेश होनें के आदेश दिये गये है। निर्धारित समय पर उपस्थित ना होनें पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी जायेगी ।

रंगदारी मांगने में भाजपा नेता अरेस्ट

संवाददाता। बांदा

यूपी के बांदा में पुलिस ने बीजेपी युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष को एक लाख रुपये रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरवां इलाके की एक खदान के मैनेजर की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में अब तक तीन लोगों की गिरफ़्तारी हो चुकी है। दरअसल, पूरा मामला सीधे तौर पर खनन से जुड़ा हुआ है। जानकारी के मुताबिक जिले के गिरवां क्षेत्र के कुछ पहाड़ों में निर्धारिक मानकों के आधार पर खनन की अनुमति हैए ऐसे ही एक पहाड़ में भूतेश्वर मंदिर भी है। मंदिर के आसपास खनन कार्य का स्थानीय लोग कई दिनों से विरोध कर रहे थे। गाँव वालों का मानना है कि पहाड़ पर बेहिसाब तरीक़े से हो रहे खनन से प्राचीन मंदिर के अस्तित्व को खतरा हैए इसलिए खनन कार्य बंद किया जाना चाहिए। स्थानीय बीजेपी विधायक प्रकाश द्विवेदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मंदिर के आसपास खनन रुकवाने की अपील कर चुके हैं। गिरफ्तार बीजेपी युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अतुल मोहन द्विवेदी भी यही मांग कर रहे थे। साथ में पट्टा धारक से रंगदारी मांग रहे थे पट्टा धारक ने पुलिस अधीक्षक बांदा को एक शिकायती पत्र में लिखित रूप से तहरीर दी की अतुल मोहन द्विवेदी रंगदारी की मांग कर रहे हैं अपने चार साथियों के साथ उनके भी नाम सीसी फुटेज और वीडियो उपलब्ध कराया। फोन रिकॉर्डिंग के आधार पर रंगदारी और धमकाने की धाराओं में थाना गिरवा में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रंगदारी मांगने वाले नेता को उसके तीन साथियों के साथ गिरफ्तार करके चित्रकूट धाम मंडल कारागार जेल बांदा भेज दिया गया। फिलहालए पुलिस ने रंगदारी माफिया बीजेपी नेता अतुल मोहन द्विवेदी को अवैध वसूली अवैध असलहा प्रदर्शन और धमकाने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामूली विवाद में युवक को जमकर पीटा

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के देवीगंज मोहल्ले में मामूली विवाद को लेकर एक युवक को कुछ दबंग लोगों ने जमकर पीट दिया। जिससे युवक घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानीय थाने को दी गई। वही पुलिस ने घायल को इलाज व मेडिकल के लिए जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के देवीगंज मोहल्ला निवासी विनीत गुप्ता का पुत्र पीयूष गुप्ता को पड़ोसी सुनील व नीलू ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जमकर पीट दिया। जिससे पीयूष घायल हो गया। इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से किया। वहीं पुलिस ने घायल पीयूष गुप्ता को जिला अस्पताल लाकर मेडिकल व इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायल को भर्ती कर उसका इलाज शुरू कर दिया।

तमंचा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार: कोंच(जालौन)। नगर निकाय चुनाव को शांति सुरक्षा के बीच संपन्न कराये जाने के लिए कोतवाली पुलिस ने अराजकतत्वों की धरपकड़ करनी शुरू कर दी है। कोतवाली की भेंड़ चौकी प्रभारी शिवनारायण वर्मा ने कॉन्स्टेबल अमित कुमार व मोहित शर्मा के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर शनिवार को शीनू उर्फ चंद्रशेखर पुत्र मुन्ना निवासी तोपखाना जालौन हाल निवास कांशीराम कॉलनी कोंच को अबैध 315 बोर का तमंचा और 2 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।

नगरीय क्षेत्रों में दस किमी दायरे के गांवों के भी जमा होंगे शस्त्र लाइसेंस

संवाददाता। हमीरपुर

स्थानीय निकाय निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए नगरीय क्षेत्र के साथ 10 किमी दायरे में आने वाले गांवों के लाइसेंस धारकों के शस्त्रों को जमा कराया जाना है। चुनाव में मतदाताओं को धमकाने आदि की संभावना वाले लाइसेंस धारकों को चिन्हित कर उनके शस्त्र तत्काल जमा कराए जाने की पुलिस तत्परता से कार्रवाई कर रही है। जनपद में अभी 8166 लाइसेंस धारकों के शस्त्र जमा कराए जाने है। शहर कोतवाली में चिन्हित 1321 के सापेक्ष 184 शस्त्र जमा किए गए हैं। वहीं थाना कुरारा में 653 के सापेक्ष 66, सुमेरपुर 856 के सापेक्ष 326, ललपुरा में 203 के सापेक्ष 29, मौदहा में 1429 के सापेक्ष 149, बिवांर में 638 के सापेक्ष 78. सिसोलर में 258 के सापेक्ष 19, मुस्करा 588 के सापेक्ष 85, राठ में 1835 के सापेक्ष 290, मझगंवा में 617 के सापेक्ष 120 शस्त्र लाइसेंस जमा हुए हैं। थाना जरिया में 749 के सापेक्ष 184, थाना जलालपुर में 308 के सापेक्ष 111 तथा थाना चिकासी में 452 के सापेक्ष 80 शस्त्र जमा कराए गए हैं। वहीं कुल चिन्हित 9887 के सापेक्ष 1721 शस्त्र जमा हो सके हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शस्त्रों को शीघ्र जमा कराया जाना सुनिश्चित करें। वहीं उपजिला मजिस्ट्रेट व सीओ को निर्देशित किया गया कि वे तहसील स्तर पर स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक कर शस्त्र जमा कराने की गहन समीक्षा कर थानाध्यक्षों को निर्देशित करें।

दबंगो ने होमगार्ड की पत्नी को पीटकर घायल किया

फर्रुखाबाद। दबंगों ने थाना मऊदरवाजा के ग्राम बाबरपुर निवासी लल्ला बाबू की पत्नी को पीट कर घायल कर दिया। होमगार्ड लल्ला बाबू ने गांव के छम्मा खां, उसके बेटे अरशद, मोहसिन खान पुत्र जावेद खान, इसरार अली खान, सलमान खान पुत्रगण कमरुद्दीन, वालिद खां पुत्र नवी शेर एवं सहानूर पुत्र परवेज के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना के मुताबिक लल्ला बाबू कोतवाली फतेहगढ़ में होमगार्ड की ड्यूटी करने चले गए। तभी आरोपी लल्ला बाबू के परिजनों के साथ गाली गलौज करने लगे। परिजनों ने गाली देने का विरोध किया तो वह लोग कुत्ते द्वारा काटने का बहाना करके मारपीट करने लगे। हमले में लल्ला बाबू की पत्नी को चोटे आयी पड़ोसियों के ललकारे जाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

राजापुर पुलिस ने चार पर लगाया गैंगेस्टर

संवाददाता। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर राजापुर थानाध्यक्ष भास्कर मिश्र की अगुवाई में दरोगा कन्हैया बक्श सिंह की टीम ने छीबो गांव से अभय राज सिंह पुत्र छत्रपाल, बब्बू सिंह पुत्र जयसिंह, असलम उर्फ बुद्दू पुत्र मुवीन, त्रिवेणी पाण्डेय उर्फ भोंदू पुत्र बद्री प्रसाद निवासी छीबो को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाते जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। मालफड़ से 700 रुपये व 52 ताश के पत्ते तथा जामातलाशी में 500 रूपये बरामद किये हैं। अभियुक्तों पर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा कन्हैया बक्श सिंह, सिपाही पुष्पेन्द्र, धर्मेन्द्र, जगभान सिंह शामिल रहे। इसी क्रम में शनिवार को ही राजापुर थानाध्यक्ष भास्कर मिश्रा ने अर्जुन मेहतर पुत्र धनराज, शीलू कुमार पुत्र रोशन सोनकर, रामबाबू मेहतर पुत्र बचान लाल, आकाश उर्फ अर्जुन पुत्र गणेश सेन निवासी कस्बा राजापुर पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की है। इन अभियुक्तों ने संगठित गिरोह बनाकर लोगों को डरा-धमकाकर आर्थिक लाभ उठाते थे। इसी क्रम में आगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में कोतवाली कर्वी एवं स्वाट टीम ने संयुक्त प्रयास से दो अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को दबोचकर उनके कब्जे से 19 किलो 200 ग्राम गांजा तथा गांजा बिक्री के 12105 रुपये, दो मल्टीमीडिया फोन, दो की-पैड मोबाइल, बिना नम्बर एचएफ डीलक्स मोटरबाइक समेत दबोचा है।
कोतवाली कर्वी पुलिस एवं स्वाट टीम ने पिपरावल पुल के पास से बिना नम्बर की एचएफ डीलक्स मोटरबाइक सवार बदरूद्दीन उर्फ चांद पुत्र अल्ला खान निवासी कोलगदाहिया कर्वी व राजेश द्विवेदी पुत्र रामसजीवन निवासी रामपुर कलवारा बुजुर्ग थाना सरधुवा के कब्जे से गांजा बिक्री के 12105 रुपये, दो मल्टीमीडिया फोन, दो की-पैड मोबाइल फोन बरामद किये। अभियुक्तों ने पूंछताछ में बताया कि वे छत्तीसगढ से गांजा लाकर उप्र के चित्रकूट, बांदा, महोबा तथा मप्र के सतना, पन्ना जिले में सप्लाई करते थे। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट दर्जकर बरामद मोटरबाइक को सीज कर दिया है। टीम में कोतवाली कर्वी के दरोगा अजीत कुमार पाण्डेय, दरोगा राकेश मौर्य, दरोगा रामाधार सिंह, सिपाही जय नारायण पटैरिया व स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल, दीवान रईसखान, दीवान जितेन्द्र कुमार, दीवान धर्मेन्द्र कुमार, दीवान प्रदीप कुमार द्विवेदी, सिपाही ज्ञानेश मिश्रा, रणवीर सिंह, रोहित सिंह शामिल रहे।

क्विक न्यूज

ससुर करता है बहू से छेड़छाड़

मौदहा (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता महिला ने अपने ही ससुर के खिलाफ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता महिला ने कोतवाली पुलिस को बताया कि उसके पिता ने उसकी शादी दो वर्ष पहले की थी जिसके बाद उसके ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते रहे हैं और जब उसका पति बाहर मजदूरी करने चला जाता है तो तो उसका ससुर उसके कमरे में आकर छेड़छाड़ करता है और पति से बताने पर घर की इज्जत बर्बाद न करने का हवाला देकर मारपीट करता है, पीड़िता ने बताया कि उसका ससुर पूर्व में भी इन्हीं बातों को लेकर उसके साथ कई बार मारपीट कर चुका है।

मामूली विवाद में कुल्हाड़ी मार की पत्नी की हत्या

राठ(हमीरपुर)। मझगवा क्षेत्र में शनिवार को दोपहर सनकी पति ने मामूली बिवाद होने पर पत्नी पर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी।पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के इटौरा गांव निवासी हरगोविंद पाल का विवाद उसकी पत्नी शांति देवी(50)से शनिवार हो गया। कल देर रात व गेहूं की फसल काटकर घर लौटा था उसी को लेकर उसकी पत्नी से आज दोपहर विवाद हो गया तभी हरगोविंद ने अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे महिला खून से लथपथ होकर वहीं गिर गई। हरगोविंद घटना के बाद दरवाजा बंद कर बकरियां चराने को लेकर चला गया। दरवाजा के बाहर खून बहता देख पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक डा दीक्षा शर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर मामले की जांच पडताल की। पुलिस ने बताया कि हत्यारोपी सनकी दिमाग का था उससे कोई भी गांव का आदमी बात नही करता था। पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

गोद लिए नये टीबी मरीजों को दी पोषण सामग्री

फतेहपुर। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन अभियान के अंतर्गत निःक्षय दिवस पर शनिवार को डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में समाजसेवी यूथ आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने गोद लिए हुए नए टीबी मरीज मुरादन, नैतिक गुप्ता, आरती, प्रियंका, कमल को पोषण सामग्री बॉर्नवीटा, मूंगफली, चना, सत्तू, गुड़ इत्यादि दी गई। यह सारी सामग्री प्रत्येक माह उनके चिकित्सकीय कोर्स पूर्ण होने तक दी जाएगी। डा. अनुराग का कहना रहा कि सभी मरीज प्रतिदिन अपनी दवा लें। साथ ही पोषण सामग्री का भी इस्तेमाल करें। जिससे वह जल्द ही स्वस्थ हो जायेंगे। उन्होने अन्य लोगों का भी आहवान किया कि यदि क्षय रोग के लक्षण दिखाई दे तों तत्काल अपने नजदीकी चिकित्सक से संपर्क करें। यह बीमारी अब लाइलाज नहीं है। समय से उपचार मिलने पर मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो जाता है। इस अवसर पर क्षय रोग अधिकारी डॉ निशात सैय्यद शहाबुद्दीन, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर अजीत सिंह व प्रमुख सहयोगी अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

आईएएस ने गोष्ठी कर याद किया बाबा साहब को

कालपी। युग शिल्पी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती कालपी तहसील सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में मनाई गई इस मौके पर विशेष रूप से तहसीलदार सुशील कुमार सिंह नायब तहसीलदार राजेश पाल, नीलमणि यादव, हरदीप सिंह आदि के अलावा सभी कानूनगो और राजस्व के कर्मचारी मौजूद रहे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

नामित संचालक जितेंद्र पांडे का आटा में हुआ जोरदार स्वागत

आटा (जालौन)। जनपद में सहकारिता चुनाव में तहसील स्तर की अग्रणी सहकारी संस्था क्रय विक्रय सहकारी समिति लि कालपी का ग्राम आटा निवासी जितेंद्र कुमार पांडेय पुत्र श्री जगदीश प्रसाद पांडेय का उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित होने पर गांव में जोरदार भव्य स्वागत किया गया उनके शासन द्वारा नामित होने की सूचना मिलते ही गांव में हर्ष की लहर दौड़ गई इससे पूर्व जितेंद्र कुमार पांडेय जिला केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार लि. जालौन के संचालक एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़कर उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। वह वर्तमान में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आरएसएस के सहकारिता क्षेत्र के अनुसांगिक संगठन सहकार भारती के जिला संपर्क प्रमुख के पद पर है। ग्राम आटा में सहकारी समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि उद्देश्य तिवारी सहकारी संघ के अध्यक्ष अखिल तिवारी, अंजनी तिवारी, सिद्धार्थ पांडे, रविंद्र सिंह परमार, ब्रजलाल वर्मा, अजय पांडेय ने बधाई दी।

पेज एक का शेष

अतीक-अशरफ...

सुरक्षाकर्मियों की इसी साल 24 फरवरी को प्रयागराज में ताबड़तोड़ गोलियां चला कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में वांछित अभियुक्त असद अहमद और गुलाम बृहस्पतिवार को झांसी में विशेष कार्य बल के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए थे। यह घटना उस समय हुई थी, जब अतीक और उसके भाई अशरफ अहमद की प्रयागराज की एक अदालत में पेशी हो रही थी। कब्रिस्तान में अतीक अहमद के रिश्तेदारों और परिचितों को ही दाखिल होने दिया गया और मीडियाकर्मियों को भीतर जाने की अनुमति नहीं दी गई। असद का शव लेकर एंबुलेंस भारी सुरक्षा के बीच सुबह करीब नौ बजे कब्रिस्तान पहुंची। एंबुलेंस में शव के साथ असद का फूफा उस्मान था। कसारी मसारी कब्रिस्तान में शव को दफनाने की प्रक्रिया करीब एक घंटे चली। इस दौरान अतीक अहमद और उसके परिवार का कोई करीबी सदस्य नजर नहीं आया। कब्रिस्तान के चारों तरफ भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। संयुक्त पुलिस आयुक्त आकाश कुलहरी ने बताया कि अतीक के दूर के कुछ रिश्तेदारों और उसके मोहल्ले के लोगों को कब्रिस्तान में जाने दिया गया। कुलहरी ने बताया कि गुलाम का शव शिवकुटी थाना अंतर्गत कब्रिस्तान में दफनाया गया। असद के शव को दफनाए जाने के बाद कब्रिस्तान से बाहर आए उसके एक रिश्तेदार हामिद अली ने संवाददाताओं को बताया कि जनाजे में उसके फूफा के अलावा कोई करीबी रिश्तेदार शामिल नहीं हुआ। उसने बताया कि जनाजे में करीब 100 लोग शामिल हुए और कब्रिस्तान में आने से किसी भी रिश्तेदार और परिचित को रोका नहीं गया। उल्लेखनीय है कि यहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने उमेश पाल हत्याकांड में नामजद आरोपी अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद को बृहस्पतिवार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। अतीक अहमद ने अपने बेटे के जनाजे में शामिल होने के लिए शुक्रवार को अपने वकील के माध्यम से मजिस्ट्रेट के पास एक प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर शनिवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में निर्णय लिया जाना था, लेकिन अदालती कार्यवाही से पहले ही शव को दफनाने की प्रक्रिया पूरी हो गई। असद, अतीक अहमद के पांच बेटों में तीसरे नंबर का बेटा था और उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही फरार था। अतीक का सबसे बड़ा बेटा उमर लखनऊ जेल में निरुद्ध है, जबकि उसका उमर से छोटा बेटा अली नैनी सेंट्रल जेल में निरुद्ध है। वहीं चौथे नंबर का बेटा अहजम और सबसे छोटा बेटा अबान प्रयागराज के बाल सुधार गृह में हैं। उमेश पाल हत्याकांड में अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और उसके भाई अशरफ अहमद की पत्नी जैनब भी फरार है इसलिए असद के अंतिम संस्कार में अतीक के परिवार का कोई सदस्य शामिल नहीं हो पाया। कसारी मसारी कब्रिस्तान में असद की कब्र खोदने वाले जानू खान ने बताया कि अतीक अहमद की मां और उसके पिता की कब्र के पास असद की कब्र खोदी गई है।

केजरीवाल के...

रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे एजेंसी के मुख्यालय में उपस्थित रहने को कहा गया है। सूत्रों के अनुसार पंजाब के उनके समकक्ष भगवंत मान और आप के सांसद और दिल्ली के मंत्री भी केजरीवाल के साथ जाएंगे। ऐसा आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए लाई गई दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति में कुछ डीलरों को लाभ पहुंचाया गया था और इसकी एवज में कथित रूप से रिश्वत ली गई थी। हालांकि, आम आदमी पार्टी (आप) ने इस आरोप का कड़ा खंडन किया। बाद में यह नीति वापस ले ली गई थी। सीबीआई पूछताछ को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को केजरीवाल को फोन किया और एकजुटता प्रकट की तथा दोनों नेताओं की यह राय थी कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए व्यापक विपक्षी एकजुटता होनी चाहिए।

भाजपा ने...

केजरीवाल से सवाल किया कि क्या वह दिल्ली मंत्रिमंडल की फरवरी 2021 में हुई बैठक में लिए गए फैसलों के लिए जवाबदेह नहीं थे, जिसमें कथित तौर पर इस घोटाले की साजिश रची गई थी। भाजपा प्रवक्ता ने केजरीवाल द्वारा एक आरोपी के साथ कथित तौर पर फेसटाइम पर बात करने को लेकर भी सवाल उठाया। भाटिया ने कहा कि हथकड़ियां उनके पास पहुंच रही हैं और वह डरे हुए हैं तथा डर के मारे कांप रहे हैं। भाजपा नेता ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के तहत जांच एजेंसियां भ्रष्टाचार के मामलो की जांच करने के लिए स्वतंत्र हैं और मोदी सरकार की भ्रष्टाचार को लेकर कतई बर्दाश्त न करने की नीति है। दूसरी ओर, केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने केजरीवाल पर सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ मुकदमा दायर करने संबंधी उनकी टिप्पणी को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा कि आप नेता दोषी ठहराए जाने पर अदालत के खिलाफ एक मामला दायर करेंगे।

जलवायु परिवर्तन...

कैन टैकल क्लाइमेट चेंज विषय पर आयोजित सम्मेलन में कहा द्वस्र दुनियाभर के लोग जलवायु परिवर्तन के बारे में बहुत कुछ सुनते हैं। उनमें से कई लोग बहुत बेचैनी महसूस करते हैं, क्योंकि वे नहीं जानते कि वे इसका प्रभाव कम करने के लिए क्या कर सकते हैं। उन्हें लगातार एहसास कराया जाता है कि इसमें सिर्फ सरकारों या वैश्विक संस्थानों की ही भूमिका है। अगर उन्हें पता चल जाए कि वे भी योगदान दे सकते हैं, तो उनकी बेचैनी कार्वाई में बदल जाएगी। पिछले साल अक्टूबर में उनके और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस द्वारा शुरू किए गए मिशन लाइफ का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम का मकसद जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई का प्रजातंत्रीकरण करना है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक वसंत बैठकों के इतर आयोजित इस सम्मेलन में मोदी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का मुकाबला सिर्फ सम्मेलन कक्ष की मेज पर बैठकर नहीं किया जा सकता है, बल्कि इसकी लड़ाई हर घर से लड़ी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जन प्रयासों ने भारत के कई हिस्सों में लिंगानुपात में सुधार किया है। लोगों ने बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया है।

कार्बन उत्सर्जन...

असर के खिलाफ तैयारी भी की जा सकेगी। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण चुनौतियों से निपटने के लिए योजनाओं को लागू करने, वित्त और प्रौद्योगिकी तक पहुंच प्रदान करने की जरूरत है। यादव ने कहा कि वर्ष 2050 में वैश्विक लक्ष्य उत्सर्जन को नेट जीरो (कुल शून्य) को हासिल करने के लिए विकसित देशों को उत्सर्जन में कटौती करने की जरूरत है। इससे भारत जैसे विकासशील देशों को अपने लोगों को विकसित बनाने का अवसर मिलेगा जो उन्हें जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण गुणवत्ता में कमी और प्रदूषण से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए जरूरी है। गौरतलब है कि जी-7 में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, अमेरिका और ब्रिटेन सदस्य हैं। अमीर देश हर साल 100 अरब डालर जुटाने में बार-बार विफल रहे हैं। यह वादा उन्होंने 2009 में विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद करने के लिए किया था।

बिहार जहरीली...

की मौत हुई है, लेकिन ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचित किए बिना उनके शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, मोतिहारी सदर अस्पताल में 10 और गंभीर रूप से बीमार लोगों का इलाज किया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने अब तक कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। अवैध शराब के धंधे में शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के लिए छापेमारी भी शुरू कर दी गई है। आबकारी विभाग के अधिकारी भी घटना की जांच कर रहे हैं। बयान में कहा गया है, अशोक पासवान, छोटू पासवान और रामेश्वर राम के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इनकी मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगी। संभवतः जहरीली शराब के सेवन से मारे गए अन्य 11 लोगों में ध्रुव पासवान, जोखू सिंह, मनोहर राय, ध्रुप यादव, अभिषेक यादव, टुनटुन सिंह, भूटन मांझी, सुदीश राम, इंद्रासन महतो, अजय पासवान और छोटे लाल मांझी शामिल हैं। इनके शवों का ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किए बिना अंतिम संस्कार कर दिया था। पूर्वी चंपारण जिले में संदिग्ध जहरीली शराब त्रासदी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा, मैं कहता रहा हूं कि शराब खराब है और इसका सेवन नहीं करना चाहिए।

कांग्रेस में...

हुए आरोप लगाया कि गहलोत सरकार तीन डी के आधार पर चल रही है जिसमें पहले डी का अभिप्राय दंगा है, दूसरे डी का अभिप्राय महिलाओं से दुर्व्यवहार और तीसरे डी का अभिप्राय दलितों पर अत्याचार है। सीएम गहलोत और पायलट के बीच जारी राजनीतिक खींचतान पर शाह ने कहा, अभी ये दोनों लोग सत्ता के लिए लड़ रहे हैं। मैं कहता हूं आप दोनों क्यों लड़ रहे हो, सरकार तो भाजपा की बननी है। जो चीज है ही नहीं उसके लिए लड़ रहे हैं। शाह ने कहा, कांग्रेस के खजाने में गहलोत का योगदान ज्यादा है, इसलिए पायलट का नंबर नहीं लगने वाला है।

ट्रैक्टर-ट्राली...

तौर पर की गई है जिनके शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इस बीच, लखनऊ में जारी एक बयान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांपुर की इस घटना पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। बयान के अनुसार योगी ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। लखनऊ में एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रत्एक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता तत्काल देने के निर्देश दिए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिला प्रशासन, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के अधिकारी राहत कार्य के लिए मौके पर पहुंचे हैं।शाहजहांपुर के जिलाधिकारी (डीएम) उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। उन्होंने बताया कि तिलहर थाना अंतर्गत अजमतपुर गांव में भागवत कथा का आयोजन हो रहा था जिसमें कथावाचक के कहने पर ही ग्रामीण जल लेने नदी पर जा रहे थे। जिलाधिकारी के मुताबिक गांव के बच्चे अपने परिजनों को बिना बताए ही ट्रैक्टर ट्राली में सवार हो गए और वो भी इस हादसे का शिकार हो गए। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर चालक सौरभ उसी गांव का रहने वाला है तथा ओवरटेक करने के दौरान उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया जिसकी वजह से ट्राली पुल से नीचे नदी में जा गिरी। इसके पहले शाहजहांपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एस आनन्द ने घटनास्थल से फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया था कि हादसे में मरने वालों की संख्या 11 है जिनमें आठ बच्चे, एक पुरुष तथा दो महिलाएं शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि इस घटना में 24 अन्य घायल हुए हैं, जिनमें से सात गंभीर रूप से घायलों सहित 21 का सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

जापान में...

रहे एक युवक को शनिवार को घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया गया। उसने कथित तौर पर कोई संदिग्ध वस्तु फेंकी थी। मात्सुनो ने संदिग्ध की मंशा और उसकी पृष्ठभूमि पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि पुलिस जांच कर रही है। टीवी पर प्रसारित फुटेज में किशिदा भीड़ की तरफ पीठ करके खड़े दिखाई दे रहे हैं। उनके सुरक्षाकर्मी अचानक उनके पास जमीन की ओर मुड़ते हैं और प्रधानमंत्री घबराए हुए दिखाई देते हैं। कैमरा तुरंत भीड़ की ओर मुड़ जाता है और वर्दी तथा सादे कपड़े पहने कई पुलिस अधिकारी सफेद रंग का सर्जिकल मास्क पहने एक युवक को दबोचते हैं।

सीएपीएफ कांस्टेबल...

नहीं बनेगी। सीएपीएफ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) शामिल हैं। बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्रालय ने ऐतिहासिक फैसला करते हुए सीएपीएफ में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) पदों के लिए हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा आयोजित कराए जाने को मंजूरी दे दी है। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा प्रश्नपत्र 13 क्षेत्रीय भाषाओं-असमिया, बांग्ला, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, ओड़िया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी में मुहैया कराया जाएगा।

लू के...

तापमान 39 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मौसम विभाग का कहना है कि नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे 17 से 19 अप्रैल के बीच दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान के कई इलाकों में कहीं-कहीं गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इससे तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट आ सकती है।

महंत ने अंबेडकर जयंती पर दो मूर्तियों का किया अनावरण

संवाददाता। फतेहपुर

खागा तहसील क्षेत्र के ब्लॉक ऐरायां के काही एवं ब्लॉक विजयीपुर के उमरा ग्राम पंचायत में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम समारोहपूर्वक हुआ। खड़ेश्वर धाम आश्रम डलमऊ (रायबरेली) के महंत एवं उमरा गांव निवासी पंडित विजय शर्मा उर्फ महंत गणेशदास जी महाराज ने फीता काटकर एवं केक काटकर विधिवत रुप से बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण किया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर मूर्ति अनावरण से पूर्व अंबेडरवादी संगठनों के पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने महंत गणेशदास जी महाराज का साफा व माला से स्वागत करते सम्मानित भी किया। महंत गणेशदास जी महाराज ने समारोह को संबोधित कहा कि बाबा साहेब के जीवन संघर्ष से सफलता की कहानी देश के लोगों के लिए मिसाल है। महंत ने वचन दिया कि जल्द ही समूचे जनपद में एक सैकड़ा से भी ज्यादा बाबा साहेब के अलावा अन्य महान विभूतियों की मूर्तियां स्थापित कराई जाएंगी। साथ ही अंबेडकर पार्क व अंबेडकर पुस्तकालयों का भी निर्माण होगा। जिससे छात्र व अन्य लोग मजबूती से शिक्षा ग्रहण कर समाज में अलग स्थान स्थापित करेंगे। संविधान को लोग सही से जानें जिसके लिए दस लाख से ज्यादा संविधान की प्रतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

भारत की वृद्धि की रफ्तार रहेगी कायम : सीतारमण

● 2022-23 में सात प्रतिशत रहने का अनुमान

भाषा। वाशिंगटन

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक के 2023 में भारत के सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के अनुमानों के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार कायम रहेगी और वित्त वर्ष 2022-23 में इसकी वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने की संभावना है। सीतारमण ने शुक्रवार को यहां आईएमएफ मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक एवं वित्तीय समिति की पूर्ण बैठक में भाग लेते हुए कहा कि संरचनात्मक सुधारों पर सरकार के ध्यान के साथ-साथ एक अनुकूल घरेलू नीति परिवेश ने भारत में घरेलू आर्थिक गतिविधियों को मजबूत बनाए रखा है। आईएमएफ और विश्व बैंक, दोनों ने भारत के 2023 में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था होने का अनुमान लगाया है। भारतीय अर्थव्यवस्था की गति कायम रहेगी और आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, इसके 2022-23 में सात प्रतिशत की दर से वृद्धि करने का अनुमान है। वित्त मंत्रालय ने कई ट्वीट कर इस बैठक में सीतारमण के संबोधन के बारे में जानकारी दी। इसके मुताबिक, सीतारमण ने महामारी से मिले इस सबक पर रोशनी डाली कि डिजिटलीकरण, खासकर डिजिटल सार्वजनिक ढांचा (डीपीआई) वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक उत्प्रेरक रहा है और भारत के डीपीआई ने किस तरह से पहुंच में क्रांति ला दी है और एक जीवंत उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया है। सीतारमण ने वैश्विक सरकारी कर्ज गोलमेज सम्मेलन (जीएसडीआर) का उल्लेख करते हुए कहा कि इसने अन्य कमजोर देशों के लिए बहु-हितधारक सहयोग के साथ रचनात्मक तरीके से आगे बढ़ने का प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही श्रीलंका और सूरीनाम के लिए समाधान प्रदान करने वाली टीम का हिस्सा बनकर भारत खुश है। सीतारमण ने वैश्विक चुनौतियों को कम करने के लिए हितधारकों के साथ मिलकर समाधान तलाशने की प्रतिबद्धता दोहराई। ए चुनौतियां सबसे गरीब और कमजोर देशों को असमान रूप से नुकसान पहुंचाती हैं। उन्होंने सभी जी-20 सदस्यों से बहुपक्षीय प्रयासों का समर्थन जारी रखने का आग्रह किया और वैश्विक विखंडन की चुनौती से लड़ने के लिए सकारात्मक संवाद में संलग्नता पर जोर दिया।

क्रिप्टो से संबंधित मुद्दों पर फौरन ध्यान देने की जरूरत

वाशिंगटन। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी20 देशों से क्रिप्टो मुद्राओं से संबंधित मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने का अनुरोध करते हुए कहा है कि अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान से बचाने के साथ संभावित लाभों से वंचित न रह जाने का भी ख्याल रखना होगा। अमेरिका के दौरे पर आईं सीतारमण ने यहां अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के मुख्यालय में जी20 देशों के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंक गवर्नरों के एक सत्र को संबोधित करते हुए क्रिप्टो मुद्राओं के व्यापक प्रभाव की चर्चा की। जी20 समूह की अध्यक्षता इस समय भारत के पास है। सीतारमण ने कहा, जी20 समूह नीतिगत एवं नियामकीय प्रारूप के प्रमुख बिंदुओं को सामने लाने में मुद्राकोष और वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) के काम के प्रति आभार जताता है। लेकिन क्रिप्टो मुद्राओं के वृहद-आर्थिक एवं नियामकीय परिप्रेक्ष्य को समाहित करने के लिए एक संश्लेषणात्मक पत्र की जरूरत है। जी20 अर्थव्यवस्थाओं के बीच चर्चा में क्रिप्टो परिसंपत्तियों का मुद्दा प्रमुखता से उभरकर सामने आया है। हालांकि सभी देश इस बात पर सहमत है कि इन आभासी मुद्राओं के नियमन की जरूरत है। सीतारमण ने कहा कि इस मुद्दे पर सदस्य देशों के बीच क्रिप्टो के बारे में एक समन्वित नीतिगत कदम उठाने पर आम सहमति है। खास तौर पर उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए इसके जोखिम से निपटने पर खास ध्यान देने की जरूरत है।

ब्रिटेन में मतदान के बारे में फैसला नहीं कर पाए मतदाताओं का झुकाव पीएम सुनक की ओरः सर्वेक्षण

लंदन। ब्रिटेन में अगले महीने स्थानीय चुनाव होने हैं, जिससे पहले शनिवार को एक नए सर्वे में संकेत मिले हैं कि प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को ऐसे मतदाताओं के बड़े हिस्से का झुकाव कंजरवेटिव पार्टी की ओर मोड़ने का लाभ मिल सकता है, जो अभी यह तय नहीं कर पाए हैं कि उन्हें किसे वोट देना है। द टाइम्स समाचार पत्र के सर्वे में पता चला है कि लगभग एक तिहाई मतदाता ए नहीं जानते कि वे किसे वोट देंगे या मतदान करेंगे भी अथवा नहीं। यूजीओवी द्वारा किए गए सर्वे में पूछा गया कि ऋषि सुनक और विपक्षी लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर में कौन बेहतर प्रधानमंत्री होगा, तो 21 प्रतिशत ने सुनक जबकि आठ प्रतिशत ने स्टार्मर का समर्थन किया। सर्वे में कहा गया है, मतदाताओं को अर्थव्यवस्था को संभालने के मामले में लेबर पार्टी की तुलना में सुनक और कंजरवेटिव नेताओं पर चार गुणा से भी ज्यादा भरोसा है। पिछले चुनाव में हमेशा इससे पता चला है कि लोग किस तरह मतदान करते हैं। चार मई को होने वाले स्थानीय परिषद के चुनाव से कुछ हफ्ते पहले हुए इस सर्वेक्षण में पता चला है कि अगर कल चुनाव हो जाएं तो ऐसे मतदाताओं की संख्या 16 प्रतिशत है जो यह नहीं जानते कि उन्हें किसको वोट देना है।

जयशंकर ने मोजाम्बिक में सदियों पुराने मंदिर के दर्शन किए

मापुतो। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को मोजाम्बिक की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पूरी करने से पहले सदियों पुराने श्री रामचंद्रजी सलामंगा मंदिर के दर्शन किए। मंत्री ने ट्वीट किया, "वहां हमारे समुदाय के साथ बातचीत करके खुशी हुई। उनके स्वास्थ्य, कल्याण और सफलता के लिए प्रार्थना की। दस से 15 अप्रैल तक अफ्रीकी देशों युगांडा और मोजाम्बिक की यात्रा करने वाले जयशंकर ने शुक्रवार को मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप न्यूसी से मुलाकात कर विकास संबंधी द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। मंत्री ने व्यापार, निवेश और रक्षा जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए काम करने की भी प्रतिबद्धता जताई। जयशंकर ने अपनी समकक्ष वेरोनिका मैकामो के साथ 5वीं भारत-मोजाम्बिक संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता भी की। उन्होंने इस प्रमुख अफ्रीकी देश में भारतीय समुदाय से भी मुलाकात की।

गुप्ता बंधु अब भी दक्षिण अफ्रीका के नागरिक : गृह मंत्री मोत्सोआलेदी

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका सरकार ने कहा है कि भारतीय मूल के भगोड़े कारोबारी राजेश और अतुल गुप्ता अब भी उसके नागरिक हैं और देश के पासपोर्ट का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह बयान उन खबरों के बीच आया है कि गुप्ता बंधुओं ने दक्षिण प्रशांत महासागर पर स्थित द्वीपीय राष्ट्र वानुअतु की नागरिकता ले ली है। दक्षिण अफ्रीका ने बीते सप्ताह कहा था कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के आरोपों में मुकदमे का सामना करने के लिए दोनों भाइयों को प्रत्यर्पित करने का उसका अनुरोध ठुकरा दिया है।

ईरान के राष्ट्रपति ने गाजा में फलस्तीनियों को संबोधित किया

गाजा सिटी। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने शुक्रवार को गाजा पट्टी में एक वार्षिक फलस्तीन समर्थक रैली को संबोधित किया। इसे इस क्षेत्र पर शासन करने वाले हमास चरमपंथी समूह को ईरान के महत्व देने के दुर्लभ प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है। गाजा सिटी के एक फुटबॉल स्टेडियम में हमास के सैकड़ों समर्थकों को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए ईरान के राष्ट्रपति रईसी ने फलस्तीनियों से इजराइल के खिलाफ अपने संघर्ष को जारी रखने को कहा।

कांगो में विद्रोही समूह ने कम से कम 42 लोगों की हत्या की

किन्शासा। कांगो के इतुरी प्रांत में एक विद्रोही समूह ने शुक्रवार को कम से कम 42 व्यक्तियों की हत्या कर दी। एक सिविल सोसायटी संगठन ने यह जानकारी दी। संगठन के अध्यक्ष डियूडोने लोसा ने बताया कि विद्रोही मिलिशिया समूह सीओडीईसीओ ने डिजुगु क्षेत्र में तीन शहरों पर हमला किया। लोसा ने कहा, उन्होंने कई घरों का आग लगा दी। सात लोग घायल हुए है, जिन्हें अभी मदद नहीं मिली है।

पाकिस्तान सेना ने आतंरिक और क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों की समीक्षा की

रावलपिंडी। पाकिस्तान सेना के शीर्ष अधिकारियों ने शनिवार को देश के सामने आंतरिक और क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों की समीक्षा की। उन्होंने आंतरिक और बाहरी खतरों के खिलाफ की जाने वाली कार्वाई का पूर्ण समर्थन करने की प्रतिबद्धता दोहराई। सेना की मीडिया इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर ने रावलपिंडी में आयोजित 257वें कोर कमांडरों के सम्मेलन की अध्यक्षता की। इसमें कहा गया है कि बैठक में आतंरिक और क्षेत्रीय स्थिति की समीक्षा की गई।

ब्रिटेन में महाराजा चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक पर होगी विशेष संगीत प्रस्तुति

लंदन। अगले महीने महाराजा चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक के मौके पर विशेष गीत वॉयसेज ऑफ वर्ल्ड्स पेश किया जाएगा जिसमें राष्ट्रमंडल देशों की धुनों को समेटा गया है।

रूस के ताजा हमले के बाद यूक्रेन को रूसी मिसाइल प्रणाली का इंतजार

कीव। पूर्वी यूक्रेन के स्लोवियांस्क शहर पर रूसी मिसाइल हमलों में मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर 11 हो गई। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, बचाव दल ने एक अपार्टमेंट की इमारत के मलबे में फंसे लोगों तक पहुंचने की कोशिश की। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि देश के पास जल्द ही ऐसे अस्त्र-शस्त्र होंगे, जिनसे वह शुक्रवार जैसे हमलों को रोकने का प्रयास करेगा। वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इनहत ने कहा कि अमेरिका द्वारा किए गए वादे के अनुसार पेट्रियट वायु रक्षा प्रणाली की आपूर्ति ईस्टर के बाद किसी समय भी हो सकती है। ऑर्थोडॉक्स ईसाई बहुल देश रविवार को ईस्टर मनाने की तैयारी कर रहा है। यूक्रेन के सरकारी टीवी पर शनिवार को अपने संबोधन में इनहत ने रक्षा मिसाइल प्रणाली के पहुंचने का सही समय तो नहीं बताया, लेकिन कहा कि जैसे ही पहला रूसी विमान मार गिराया जाएगा, लोगों को खुद ही पता चल जाएगा। यूक्रेन के 65 जवानों के एक समूह ने पिछले महीने ओकलाहोमा में अमेरिकी सैन्य चौकी फोर्ट सिल पर अपना प्रशिक्षण पूरा किया।

चीन ने हवा में मिसाइल मार गिराने वाले हथियार का परीक्षण किया

भाषा। बीजिंग

चीन ने शनिवार को कहा कि उसने बीच हवा में मिसाइल को मार गिराने की क्षमता रखने वाले हथियार का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है, जो अंतरिक्ष से आ रहे हथियारों को मार गिराने की उसकी क्षमता में प्रगति का संकेत है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण चीनी क्षेत्र के भीतर शुक्रवार देर रात किया गया और इसने परीक्षण का वांछित उद्देश्य हासिल किया। मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण रक्षात्मक प्रकृति का था और इसका निशाना किसी देश की ओर नहीं था। चीन ने कोई और जानकारी नहीं दी, मसलन क्या उसने सच में किसी लक्ष्य को भेदा, कितनी मिसाइल छोड़ी गई और वे कहां गिरीं। ऐसी प्रणालियों में जमीन से मार करने वाली कई इंटरसेप्टर मिसाइलें और बड़ी संख्या में राडार तथा अग्नि नियंत्रण प्रणाली शामिल होती हैं और इनका उद्देश्य बीच हवा में परमाणु या अन्य हथियार ले जाने में सक्षम आईसीबीएम समेत बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराना होता है। चीन के पास पहले ही दुनिया की सभी प्रकार की मिसाइलों का सबसे बड़ा शस्त्रागार है और ऐसा माना जाता है कि वह तेजी से इसका विस्तार कर रहा है। पिछले वर्ष अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन के पास अभी करीब 400 परमाणु हथियार हैं और 2035 तक यह संख्या बढ़कर ।,500 तक पहुंच सकती है।

चीन ने रूस से कारोबार कर रही कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंध का विरोध किया

बीजिंग। चीन ने अपनी कंपनियों पर अमेरिका की ओर प्रतिबंध लगाए जाने का विरोध करते हुए इसे एक अवैध कदम बताया है और कहा है कि इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला खतरे में पड़ सकती है। अमेरिका के वाणिज्य विभाग ने बुधवार को चीन और हांगकांग में स्थित पांच कंपनियों पर विशेष लाइसेंस लिए बिना अमेरिकी कंपनियों के साथ कारोबार करने पर प्रतिबंध लगा दिया था। अमेरिका ने उन विदेशी कंपनियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है, जिनके बारे में उसे लगता है कि वे यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की मदद कर रही हैं। इसके जरिए वह इन कंपनियों को कारोबार के लिए रूस या अमेरिका में से किसी एक को चुनने का दबाव डाल रहा है। अमेरिका ने ऐसी कंपनियों की एक सूची बनाई है, जिसमें माल्टा, तुर्की और सिंगापुर की कंपनियों समेत कुल 28 कंपनियों को रखा गया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका की कार्वाई का अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार कोई आधार नहीं है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने उसे ऐसा करने लिए अधिकृत नहीं कर रखा है। बयान में कहा गया है, यह पूरी तरह से एकतरफा प्रतिबंध है और अधिकार क्षेत्र से बाहर जाने का मामला है, जिससे व्यापार के वैध अधिकारों व हितों को गंभीर नुकसान होगा और सुरक्षा तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता पर प्रभाव पड़ेगा। चीन इसका पुरजोर विरोध करता है।

नेपाल के नए विदेश मंत्री होंगे नारायण प्रसाद सऊद

काठमांडू। नेपाली कांग्रेस के नेता नारायण प्रसाद सऊद नेपाल के नए विदेश मंत्री होंगे और वह रविवार को शपथ लेंगे। पार्टी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सऊद को विदेश मंत्री बनाने का निर्णय सीपीएन-माओवादी सेंटर के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल "प्रचंडै, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल की उपस्थिति में सत्तारूढ़ गठबंधन की बैठक के दौरान लिया गया। साठ वर्षीय सऊद नेपाली कांग्रेस की केंद्रीय समिति के सदस्य भी हैं(

Public Notice Notice is hereby givento the General public that Mrs. Amrita Kaushikis absolute owner of First Floor (without roofrights) area measuring 50 Sq. Yds., i.e., 41.80 Sq. Mtrs., bearing Property no.1/6029-A, old municipal no. 664-A, plot no. 65, out of khasra no. 20, satiatedat in the area of village Chandrawali @ Shahdara, in the abadi of Gali no. 2,Kabool Nagar, Illaqa Shahdara Delhi-110032 by way of Sale Deed dated 10.03.2023executed by Mrs. Roshani Panchal. Now, Mrs. Amrita Kaushik intending to sell the above saidproperty to Mr. Dharamveer Singh and further, Mr. Dharamveer Singh is mortgagingthe said property with Aditya Birla HousingFinance Limited & in case anyone has any objection, the same maybe raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Northex Tower, (B-08),Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636(M).

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती मीनाक्षी पाल पत्नी रजनीश पाल निवासी मकान नंबर 408, कड़कड़डूमा पूर्वी दिल्ली-110092 – मैने श्री जगदीश चंदर के पक्ष में समसाद खान द्वारा दिनांक 08/05/2001 के संबंध में निष्पादित मूल नोटरीकृत जीपीए खो दिया है और एफआईआर सं. 340806/2023, दिनांक 13/04/2023 को एफआईआर कर दिया है। यदि किसी को उपरोक्त विलेख मिलता है तो कृपया 7 दिनों के भीतर 9599183726 पर संपर्क करें (अधिवक्ता ललित कुमार कौशिक)

आर.के. लॉ कंसल्टेंट्स

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large of **Mr. Naresh Pal** S/o Mr. Jai Singh who is purchasing the **DESCRIPTION:- FLAT NO. 106 & 107, ON FIRST FLOOR, LHS, AREA MEASURING 600 SQ. FT., OUT OF KHASRA NO. 104MI, AT SIGNATURE APARTMENT-B IN THE VILLAGE OF KHORA, COLONY GHAZIABAD, (U.P).** from **Mrs. Suman Devi** w/o Late Mr. Sukhveer Singh & **Mr. Pradeep Yadav** S/o Late Mr. Sukhveer Singh who had owner through Khatauni Record, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

Lucem Legal LLP
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP - 201301; Contact # 0120-4269379

मैक्रों की अलोकप्रिय पेंशन योजना अंततः कानून बन गई

पेरिस। फ्रांस में सेवानिवृत्ति की आयु को 62 वर्ष से बढ़ाकर 64 साल करने की राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों की योजना ने शनिवार को अंतत: कानूनी रूप ले लिया। इसे एक दिन पहले ही देश के संवैधानिक प्राधिकार ने मंजूरी दी है। मैक्रों के हस्ताक्षर और फ्रांस गणराज्य के आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद यह कानून अब प्रभावी हो गया है। संविधान परिषद ने शुक्रवार को सरकार के पेंशन कानून के कुछ हिस्सों को खारिज कर दिया था, लेकिन सेवानिवृत्ति के लिए अधिकतम आयु (64 करने) को बढ़ाने को मंजूरी दे दी। यह मैक्रों की योजना का मुख्य हिस्सा था और विरोधी इसके खिलाफ थे।

ब्रिटेन ने भारतीय सैनिकों के चित्र के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया

भाषा। लंदन

आंग्ल-हंगरी चित्रकार फिलिप डी लाजलो द्वारा प्रथम विश्वयुद्ध में हिस्सा लेने वाले दो भारतीय सैनिकों के बनाए चित्र पर ब्रिटिश सरकार ने अस्थाई निर्यात प्रतिबंध लगाया है, ताकि उसे देश से बाहर ले जाने से रोका जा सके। ब्रिटेन सरकार ने देश के एक संस्थान को इस शानदार तथा संवेदनशील चित्र को खरीदने का समय देने के लिए यह प्रतिबंध लगाया है। करीब साढ़े छह करोड़ रुपए कीमत वाले इस चित्र में घुड़सवार अधिकारी रिसालदार जगत सिंह और रिसालदार मान सिंह को दर्शाया गया है, जो फ्रांस में सॉम के युद्ध में सेवा देने वाले ब्रिटिश-भारतीय सेना के एक्सपीडिशनरी फोर्स में जूनियर कमांडर थे। ऐसा माना जाता है कि दोनों युद्ध के दौरान ही वीरगति को प्राप्त हुए थे। यह चित्र काफी दुर्लभ है, जो प्रथम विश्व युद्ध में भारतीयों की सक्रिय भागीदारी को दिखाता है। ब्रिटेन के कला एवं विरासत मंत्री लॉर्ड स्टीफन पार्किंसन ने कहा, यह शानदार और संवेदनशील चित्र हमारे इतिहास के एक महत्वपूर्ण क्षण को कैद करता है, जब प्रथम विश्वयुद्ध में मदद करने के लिए दुनियाभर से सैनिकों को लाया गया था। मैं उम्मीद करता हूं कि यह शानदार तस्वीर बहादुर जवानों और उनके योगदान की कहानी बताने में मदद करने के लिए ब्रिटेन में रहे। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान करीब 15 लाख भारतीय सैनिकों को तैनात किया गया था और रिकॉर्ड के अनुसार, चित्र में मौजूद दोनों सैनिक लड़ाई के लिए फ्रांस भेजे जाने से दो महीने पहले लंदन में फिलिप डी लाजलो के सामने बैठे थे।

पासकीज : यह पासवर्ड को बताता है अतीत की बात

●बनाने में प्रभावी साबित हो सकती है

भाषा। ओमाहा (अमेरिका)

पासकीज कैसे काम करती हैं

पासकीज, सार्वजनिक-कुंजी क्रिप्टोग्राफी के जरिए बनती है। पासकीज उपयोगकर्ताओं के उपकरणों और उपयोग होने वाले ऑनलाइन अकाउंट के बीच गणितीय रूप से सुरक्षित जुड़ाव सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त रूप से एक सार्वजनिक-निजी कुंजी का उपयोग करती है। किसी हैकर के लिए पासकीज का अनुमान लगाना लगभग असंभव होगा, इसलिए पासकीज को जिस उपकरण से उपयोग किया गया है, हैकर को उसे भौतिक रूप से प्राप्त करने की आवश्यकता होगी।पासकीज में एक लंबी निजी कुंजी होती है, जो एक विशिष्ट उपकरण के लिए बनाई गई है। वेबसाइट की पहुंच पासकीज तक नहीं हो सकती है। इसके बजाय, पासकीज पुष्टि करती है कि वेबसाइट के पास संबंधित सार्वजनिक कुंजी है। हालांकि, आप किसी वेबसाइट तक पहुंचने के एक उपकरण का उपयोग करके किसी अन्य उपकरण से पासकीज का उपयोग कर सकते है। उदाहरण के लिए, आप अपने फोन से लॉगिन को अधिकृत करके अपने फोन की पासकीज के जरिए किसी वेबसाइट तक पहुंचने के लिए अपने लैपटॉप का उपयोग कर सकते है।

कन्वरसेशन) पासवर्ड जल्द ही अतीत की बात हो सकते हैं। प्रभावी पासवर्ड बोझिल होते हैं, खासकर तब जब इनकी अनिवार्यता दो-कारक की पुष्टि करने पर हो। हालांकि, वेबसाइट तक प्रमाणीकरण और सुरक्षित पहुंच की आवश्यकता हमेशा की तरह बेहद आवश्यक है। पासकीज, आपके फोन या कंप्यूटर पर संग्रहीत डिजिटल जानकारियां हैं, जो भौतिक कीज (कुंजियों) के समान हैं। आप व्यक्तिगत पहचान संख्या (पिन), स्वाइप पैटर्न, फिंगरप्रिंट या चेहरे की पहचान जैसे बायोमेट्रिक्स का उपयोग करके अपने उपकरण में अपनी पासकीज तक पहुंच सकते हैं। आप अपने ऑनलाइन अकाउंट को भरोसे के साथ खुद के फोन या कंप्यूटर में उपयोग करते हैं। आपके अकाउंट में सेंध लगाने के लिए, एक हैकर को आपके फोन या कंप्यूटर को भौतिक रूप से अपने कब्जे में लेना होगा। एक साइबर सुरक्षा शोधकर्ता के रूप में, मेरा मानना है कि किसी अकाउंट में प्रवेश करने के लिए पासकीज न केवल तेज, आसान और अधिक सुरक्षा प्रदान करती हैं, बल्कि वे पासवर्ड सुरक्षा और प्रमाणिकता चरणों में मानवीय त्रुटि को कम करती हैं। आपको प्रत्एक अकाउंट के लिए पासवर्ड याद रखने की आवश्यकता नहीं है और दो-कारक प्रमाणीकरण का उपयोग करने की भी जरूरत नहीं है। पासकीज क्यों मायने रखती हैं : पासवर्ड का अनुमान लगाया जा सकता है, इसमें सेंध लगाई जा सकती है या इसे चोरी किया जा सकता है। सुरक्षा विशेषज्ञ उपयोगकर्ताओं को ऐसे पासवर्ड बनाने की सलाह देते हैं, जिसमें संख्या, शब्द और विशेष प्रतीकों को मिलाकर बनाया गया है और पासवर्ड लंबा हो। हालांकि, इस बात भी जोर दिया जाता है कि पासवर्ड बिल्कुल सरल व आसान नहीं हो, लेकिन ऐसा हो जिसे याद रखा जा सके। यहां तक कि अगर आप अपने पासवर्ड को सुरक्षित रखने के लिए हरसंभव उपाय का पालन करते हैं, तो भी इसकी पूरे तरह सुरक्षित होने की कोई गारंटी नहीं है। पासकीज उपयोगकर्ता को अपने सभी पासवर्ड को बनाने, याद रखने और सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी से मुक्ति दिला देती हैं। एप्पल, गूगल और माइक्रोसॉफ्ट पासकीज को बढ़ावा दे रहे हैं और उपयोगकर्ताओं को पासवर्ड के बजाय पासकीज का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Sony Kumari D/o Mr. Amiri Lal Sah, R/o E 30 B, Flat-8, Chhatarpur Extension, New Delhi-110074, state that both the names Sony Kumari and Sony Shah are of the same person and I shall thereafter be known as Sony Shah for all purposes.

PD(010)A

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201-बी, द्वितीय तल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर बी 3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, थाने, महाराष्ट्र-400604

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	नरेन्द्र सिंह गुसाई, रेखा नरेन्द्र सिंह गुसाई, फ्लैट नंबर 201, प्लॉट नंबर 105, पाम विला, सेक्टर-48, द्रोणागिरि, बोकाद्विरा ताल उरान, जिला रायगड नवी मुंबई-400702 खाता नंबर LBDEL00005679498	फ्लैट नंबर 401, चतुर्थ तल, स्काई क्रीवा, प्लॉट नंबर 17, सेक्टर-50, द्रोणागिरि, नवी मुंबई-400702	09-03-2023 रू. 18,69,653/-	30-12-2022

सूचना की वैकल्पिक तामील के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 15 अप्रैल, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	पवनेश, तृतीय तल, हरिजन बस्ती, सेक्टर-37, नोएडा, नोएडा-201301 खाता नंबर :- LBDEH00005929336, LBGHZ00005989307	फ्लैट नंबर बी-जीओ 3, भू तल, रेसीजोन रेजीडेंसी, टावर-बी, मयूर विहार, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून	15-03-2023 रू. 93,15,665/- रू. 1,85,101/-	03-11-2022
2.	आशीष देव शुक्ला, सरस्वती, फ्लैट नंबर 4ए, जय जिमेश्वर, सोसायटी शाहीबाग, गुजरात, अहमदाबाद-382127 खाता नंबर :- LBFDB00005436454	फ्लैट नंबर 2001, 20वां तल, टावर सी, हमिंग फेज-1, पार्थ रिपब्लिक, ग्राम मीरांपुर पिनवाट, कानपुर रोड, लखनऊ	15-03-2023 रू. 28,61,893/-	03-11-2022

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 15 अप्रैल, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	अनु मेहता/ चेतना मेहरा/ LBNOD00002386242	फ्लैट नंबर- 1201ए, 12ए फ्लोर, (अर्थात 13वां फ्लोर) टावर-ए, प्लॉट नंबर- 1, इको सिटी मैक्सब्लिस ग्रैंड वेलिंगटन, इको सिटी सेक्टर-75, नोएडा गौतम बुद्ध नगर/ अप्रैल 12, 2023	नवंबर 30, 2022/ रु. 23,85,944/-	दिल्ली/ एनसीआर
2.	अरुण शर्मा/ मोनिका शर्मा/ LBNOD00004905002	फ्लैट नंबर- 230180, 21वीं मंज़िल, ब्लॉक-यू, गौर सिटी-2 14वां एवेन्यू, प्लॉट नंबर- जीएच-03, सेक्टर- 16सी, नोएडा/ अप्रैल 12, 2023	नवंबर 30, 2022/ रु. 9,56,310/-	दिल्ली/ एनसीआर
3.	अजीत कुमार सिंह/ रीता सिंह/ LBDEL00002453642	फ्लैट नंबर- ओ- 2503, 25वीं मंज़िल, टावर-ओ, अजनारा ले गार्डन, प्लॉट नंबर- जीएच-02, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट नोएडा/ अप्रैल 12, 2023	नवंबर 30, 2022/ रु. 26,11,957/-	दिल्ली/ एनसीआर

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अप्रैल 15, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 16 अप्रैल 2023

संबलपुर में कर्फ्यू लगाया गया, इंटरनेट सेवा निलंबन का समय बढ़ा

● हनुमान जयंती की शोभायात्राएं निकाले जाने के बाद हुई हिंसा

भाषा। भुवेश्वर

ओडिशा के संबलपुर शहर में रात में हुई हिंसा की छिटपुट घटनाओं और रहस्यमय परिस्थितियों में एक व्यक्ति की मौत के बाद शनिवार को कर्फ्यू लगा दिया गया। वहीं, सरकार ने इंटरनेट सेवा के निलंबन की अवधि और 48 घंटों के लिए बढ़ा दी है। हिंसा की घटनाएं शुक्रवार शाम को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में हनुमान जयंती की शोभायात्राएं निकाले जाने के बाद हुई।ओडिशा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सुनिक के बंसल ने कहा कि संबलपुर में और बल तैनात किए गए हैं तथा वरिष्ठ अधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा, स्थिति अब नियंत्रण में है और जल्द ही इसमें सुधार की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। उप महानिरीक्षक (उत्तर-मध्य रेंज) बृजेश कुमार राय ने कहा कि प्रशासन ने शुक्रवार रात शहर में हुई हिंसा के बाद क्षेत्र में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए कर्फ्यू लागू करने का फैसला किया है। जिला प्रशासन ने अगले आदेश तक संबलपुर शहर में तत्काल प्रभाव से एहतियातन कर्फ्य लगा दिया है। लोग सुबह आठ बजे से 10 बजे तक और अपराह्न साढ़े तीन बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच घरों से बाहर निकल सकते हैं और आवश्यक सामान खरीद सकते हैं। संबलपुर की जिलाधिकारी अनन्या दास ने बताया कि सभी शैक्षणिक संस्थान, व्यापारिक प्रतिष्ठान और सरकारी एवं निजी कार्यालय बंद रहेंगे। जिलाधिकारी ने लोगों से प्रशासन के साथ सहयोग करने और पश्चिमी ओडिशा के इस शहर में जल्द से जल्द शांति बहाली सुनिश्चित करने की अपील की। राज्य के गृह विभाग ने एक आधिकारिक आदेश में कहा कि व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया सहित इंटरनेट और डेटा सेवाओं तक पहुंच 17 अप्रैल की सुबह 10 बजे तक निलंबित रहेगी।

ठग किरण पटेल के खिलाफ धोखाधड़ी मामले में नई प्राथमिकी दर्ज

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का अधिकारी बनकर गुजरात के अहमदाबाद में एक व्यवसाई से ठगी करने के आरोप में कथित ठग किरण पटेल के खिलाफ शनिवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। किरण पटेल के खिलाफ अब तक कम से कम छह प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। शहर की अपराध शाखा ने यहां एक इवेंट मैनेजमेंट फर्म के मालिक किशोर चंद्राना की शिकायत पर पटेल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। आरोप है कि पटेल ने शिकायतकर्ता को जम्मू-कश्मीर में एक बड़ा काम दिलाने का झांसा देकर धोखाधड़ी की। अधिकारियों ने कहा कि पटेल को पहली बार मार्च में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने खुद को पीएमओ का अधिकारी बताने के लिए गिरफ्तार किया था, जिसे आठ अप्रैल को अहमदाबाद अपराध शाखा द्वारा ट्रांसफर वारंट पर उसके खिलाफ दर्ज एक अन्य धोखाधड़ी के मामले में यहां लाया गया था।

अमृतपाल को छिपने में सहायता करने वाला जोगा सिंह गिरफ्तार

भाषा। चंडीगढ

पंजाब पुलिस ने अलगाववादी अमृतपाल सिंह को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में छिपने में मदद करने और अन्य सहायता उपलब्ध कराने के आरोप में उसके एक अहम सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक (सीमा रेंज) नरेंद्र भार्गव ने पत्रकारों से कहा कि जोगा सिंह लुधियाना का निवासी है और वह पीलीभीत में एक डेरा का प्रभारी था। हरियाणा से पंजाब में दाखिल होते समय उसे फतेहगढ़ साहिब में सरहिंद से गिरफ्तार किया गया।

भार्गव ने कहा, हमने अमृतपाल के सहायक जोगा सिंह को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि अमृतसर पुलिस (ग्रामीण) और होशियारपुर पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर यह गिरफ्तारी की। उन्होंने कहा कि जोगा सिंह ने अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगी पपलप्रीत सिंह को पीलीभीत में छिपने का ठिकाना मुहैया कराया था और उनके लिए वाहन का भी इंतजाम किया था। अधिकारी ने कहा, जोगा सिंह अमृतपाल सिंह के सीधे संपर्क में था। उसने पीलीभीत में दोनों के ठहरने और उनके लिए वाहन की व्यवस्था की थी। वह उन्हें पंजाब वापस लेकर आया था। उन्होंने कहा कि आरोपी से पूछताछ की जाएगी और पुलिस उससे मिली जानकारी के आधार पर कार्वाई करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या अमृतपाल और पपलप्रीत एक वाहन में पीलीभीत से फगवाड़ा आए थे, इस पर अधिकारी ने हां में जवाब दिया। 28 मार्च को चार लोग - अमृतपाल, पपलप्रीत, जोगा और गुरसंत होशियारपुर में थे। उन्होंने बताया कि अमृतपाल को छोड़कर अन्य तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

चार अन्य भी पकड़े गए

होशियारपुर (पंजाब)। अलगाववादी अमृतपाल सिंह को शरण देने के आरोप में एक वकील सहित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। अमृतपाल सिंह और उसके संगठन वारिस पंजाब दे के खिलाफ पिछले महीने पुलिस द्वारा कार्रवाई शुरू किए जाने के बाद से वह फरार है। यह जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान होशियारपुर के बाबक गांव के वकील राजदीप सिंह, जालंधर के सर्बजीत सिंह, जालंधर के नकोदर नगर के ओंकारनाथ और स्थानीय मोहल्ला रामगढ़ के करनैल सिंह के तौर पर की गई है। उन्हे यहां एक अदालत में पेश किया गया, जिसने ओंकारनाथ को न्यायिक हिरासत में और बाकी तीन को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।पुलिस ने इससे पहले तीन व्यक्तियो - लखीमपुर खीरी के गुरवंत सिंह और होशियारपुर जिले के गांव राजपुर भैयां के भाइयो हरदीप सिंह और कुलदीप सिंह को अलगाववादी अमृतपाल को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

सूरत नगर निगम में आप के छह पार्षद भाजपा में शामिल

सूरत। गुजरात के सूरत शहर में आम आदमी पार्टी (आप) को झटका देते हुए स्थानीय निकाय में उसके छह पार्षद सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए है। पार्टी के एक पदाधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन पार्षदो ने गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी की मौजूदगी में शुक्रवार देर रात भाजपा का दामन थाम लिया। फरवरी 2021 में सूरत नगर निगम चुनाव में आप ने शानदार प्रदर्शन किया था और 120 सदस्ईय नगर निगम मे 27 सीटें जीतकर मुख्य विपक्षी दल बनी थी। भाजपा को 93 सीटें हासिल हुई थी, जबकि कांग्रेस का खाता भी नही खुल पाया था। इससे पहले, आप के पांच पार्षद फरवरी 2022 में भाजपा में शामिल हो गए थे, लेकिन उनमें से एक पार्टी में लौट आया था। अब छह और पार्षदो के सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल होने से नगर निगम में आप के सदस्यों की संख्या घटकर 17 रह गई है। स्वागत समारोह में सांघवी ने बताया कि आप पार्षदो ने अपनी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है और भाजपा में शामिल हो गए है।

सीएफए संस्थान की नई योजना

मुंबई। सीएफए इंस्टीट्यूट निवेश पेशेवरों का वैश्विक संघ विकसित करने के अपने निरंतर प्रयासों के हिस्से के रूप में सीएफए कार्यक्रम में महत्वपूर्ण वृद्धि की घोषणा की है। ये परिवर्तन आज के उम्मीदवारों के सीखने और उन्हें सफल होने के लिए तैयार करने के तरीके को संबोधित करते हैं निवेश पेशेवरों के रूप में करियर, जबकि अच्छी तरह से प्रशिक्षितए नैतिक के साथ उद्योग की आपूर्ति भी करता है पेशेवरों को इसकी आवश्यकता है। मार्गरेट फ्रैंकलिन, सीएफए, सीएफए संस्थान के अध्यक्ष और सीईओ ने टिप्पणी की , ये संवर्द्धन उद्योग में हमारे उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर का प्रतिनिधित्व करते हैं।

सेन नोटिस पर अगले सप्ताह तक जवाब देंगे

कोलकाता। विश्व भारती ने शनिवार को कहा कि उसे आशा है कि नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन विश्वविद्यालय की जमीन पर से अवैध कब्जा छोड़ने संबंधी नोटिस पर अगले सप्ताह तक जवाब देंगे। विश्वविद्यालय का दावा है कि सेन ने उसकी 13 डिसमिल जमीन पर गैरकानूनी तरीके से कब्जा किया हुआ है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय का कहना है कि वह अवैध तरीके से कब्जाई गई जमीन को वापस पाने के लिए उचित कदम उठाएगा।

देश के प्राचीन ज्ञान का पता लगाएं : भागवत

भाषा। अहमदाबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि भारत दुनिया के कल्याण के लिए बना है और देश को अपनी ताकत और प्रतिष्ठा में वृद्धि के बीच अपने ज्ञान को एक कर्तव्य के तौर पर साझा करना चाहिए। यहां गुजरात विश्वविद्यालय में एक सभा को संबोधित करते हुए, भागवत ने भारतीयों से कहा कि वे देश की प्राचीन ज्ञान व्यवस्था के प्रति अपने संदेह और अविश्वास दूर करें और इसके बजाय यह पता लगाने के लिए शोध करें कि क्या प्रासंगिक है और इसे सभी के साथ साझा करें। भागवत ने अहमदाबाद स्थित और आरएसएस से जुड़े विचार मंच पुनरुत्थान विद्यापीठ द्वारा तैयार प्राचीन भारतीय ज्ञान व्यवस्था और संबंधित विषयों के 1,051 संस्करणों के विमोचन के बाद कहा, हमारा राष्ट्र हमारे पूर्वजों की तपस्या से बना था, जो दुनिया का कल्याण चाहते थे। इसलिए (ज्ञान साझा करना) हमारा कर्तव्य है। भले ही भारत की ताकत और प्रतिष्ठा विश्व स्तर पर बढ़ रही है, लेकिन हमारे लिए यह आवश्यक है कि हम अपनी ज्ञान व्यवस्था के साथ-साथ दुनिया में मौजूद लोगों की समीक्षा करें ताकि ज्ञान के नए स्तर खोजें और इसे दुनिया को पेश करें। भारतीयों को पहले स्वयं ज्ञान प्राप्त करना चाहिए और उसके बाद इसे दुनिया के साथ साझा करने के लिए काम करना चाहिए क्योंकि बहुत से लोग संदिग्ध हैं और इस ज्ञान के बारे में अविश्वास रखते हैं। आरएसएस के सरसंघचालक ने दावा किया कि वास्तविक ज्ञान रखने वाले लोग हैं लेकिन उनके बारे में हमारा अविश्वास है क्योंकि हमारे मस्तिष्क को इस तरह का आकार दिया गया है। भारतीयों को शोध के बाद इसे साझा करने का आह्वान करते हुए, कहा, "हमें पहले यह देखना चाहिए कि अतीत में क्या मौजूद था, फिर इसे फिर से सीखना चाहिए और देश, समय और स्थिति के लिए प्रासंगिक भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार पर दुनिया के समक्ष ज्ञान का एक समग्र रूप प्रस्तुत करना चाहिए। हर किसी को ज्ञान का अधिकार है। मनुष्य ज्ञान के लिए पैदा हुआ है। ज्ञान के लिए कड़ी मेहनत करें और ज्ञान प्राप्त करें जो आपको मुक्त करेगा। आयुर्वेद और योग जैसी प्राचीन भारतीय प्रणालियों को दुनिया द्वारा स्वीकृति की सराहना करते हुए भागवत ने कहा कि कुछ लोगों ने उनके कुछ पहलुओं को पेटेंट कराने की कोशिश की थी। हालांकि, हम ऐसा (पेटेंट) कभी नहीं करेंगे। ज्ञान सभी के लिए है। यह उन सभी के लिए है जो कड़ी मेहनत करते हैं। यह जन्म, जाति, राष्ट्र, भाषा और क्षेत्र से सीमित नहीं है। कोविड-19 महामारी के बाद दुनिया चीजों को देखने का एक नया तरीका चाहती है ।

नायडू ने गरीबी उन्मूलन के लिए आंध्र प्रदेश के ईसाइयों से तेदेपा का साथ देने का आग्रह किया

भषा। मछलीपट्टनम (आंध्र प्रदेश)

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि ईसाइयों को तेदेपा के साथ आना चाहिए और आंध्र प्रदेश से गरीबी को मिटाने में मदद करने के लिए मंच के तौर पर चर्च का इस्तेमाल करना चाहिए। नायडू ने कृष्ण जिले के गुडीवाडा शहर में पादरियों को शुक्रवार को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के कथित उत्पीड़न से ईसाई समुदाय भी अछूता नहीं है। उन्होंने एक बयान में कहा, जगन ने तेदेपा सरकार द्वारा ईसाइयों के लिए शुरू की गई सभी कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि ईसाइयों को अपनी संपत्तियों और संगठनों को छोड़ने को मजबूर किया जा रहा है जबकि उनके कार्यकाल के दौरान निर्मित ईसाई भवन को कोविड महामारी के दौरान पृथक-वास केंद्र बना दिया गया। इस बीच, बैठक में हिस्सा लेने वाले पादरियों ने तेदेपा के समर्थन का आह्वान किया और दोहराया कि दलित ईसाइयों को अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि धर्मांतरण के नाम पर समुदाय का उत्पीड़न किया जा रहा है। आंध्र प्रदेश में 2024 में लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनाव भी कराए जा सकते हैं।

क्विक न्यूज

सेना के शीर्ष कमांडरों के पांच दिवसीय सम्मेलन में की जाएगी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा

नई दिल्ली। सेना के शीर्ष कमांडर सोमवार से शुरू हो रहे पांच दिवसीय सम्मेलन में चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों और बल की युद्धक क्षमता बढ़ाने के तरीकों की व्यापक समीक्षा करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि सम्मेलन में 13 लाख सैनिकों वाली सेना में सुधार की प्रक्रिया और विभिन्न उद्देश्यों के लिए कृत्रिम मेधा, रोबोटिक्स और वर्चुअल रियलिटी जैसी उच्च तकनीकों के उपयोग पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सम्मेलन में परिवर्तन वर्ष 2023 के तहत सेना की योजना, अग्निपथ योजना में हुई प्रगति और डिजिटलीकरण तथा स्वचालन पहलो पर चर्चा की जाएगी। अधिकारियो ने कहा कि चीन में भारत के राजदूत के तौर पर काम कर चुके पूर्व विदेश सचिव विजय गोखले की ओर से भारत-चीन संबंधों के भविष्य के संदर्भ में एक वार्ता भी आयोजित की जाएगी। यह सम्मेलन 17 से 21 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा जिसमें कमांडर पूर्वी लद्दाख में तीन साल से जारी गतिरोध के मद्देनजर वास्तविक नियंत्रण रेखा की समग्र स्थिति की समीक्षा करेंगे। सेना ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 19 अप्रैल को सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह उच्च प्रौद्योगिकी, नवाचार, निगरानी के लिए समाधान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, प्रशिक्षण, रोबोटिक्स, वर्चुटल रियलिटी और परिचालन रसद पर केंद्रित उपकरणों के प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे।

स्ट्रीट चिल्ड्रन के भविष्य को संवारेंगे

नई दिल्ली। इंटरनेशनल डे फॉर स्ट्रीट चिल्ड्रन मनाते हुए बाल रक्षा भारत ग्लोबली सेव द चिल्ड्रन के नाम से जाना जाता है, अपने सेविंग लाइव्स एंड सपोर्टिंग फ्यूचर्स के तहत, साउथ ईस्ट और नॉर्थ वेस्ट दिल्ली में स्ट्रीट सिचुएशन में रहने वाले और 12610 बच्चों को लाभान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध है। 2 लाख से अधिक बच्चों को लीगल आइडेंटिटी डॉक्यूमेंट प्रदान करने वाले अपने पिछले रुद इनविजिबल्स कैम्पेन से आगे बढ़ते हुए, 88000 से अधिक बच्चों को सोशल सिक्योरिटी स्कीम से जोड़ने की तैयारी कर रहा है। यह प्रोजेक्ट अब बच्चों को बचपन में ही शिक्षा से जोड़ने और युवाओं और किशोरों को स्किल डेवलप करने पर फोकस कर रहे हैं। इंटरनेशनल डे फॉर स्ट्रीट चिल्ड्रन के अवसर पर दिव्यांग किशोरों को व्हीलचेयर भी प्रदान की गई ताकि वे छोटी दूरी की यात्रा करने के लिए आत्मनिर्भर हो सकें और अपने दम पर सर्विस ले सकें। इन हॉटस्पॉट के आस.पास के कैचमेंट एरिया के छोटे बच्चों के पास अब शुरुआती शिक्षा तक पहुंच है और वे फॉर्मल एजुकेशन के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं। वहीं बड़े बच्चों और किशोरों को शिक्षा तक पहुंच और स्कूल में सफल होने और वहां बने रहने के लिए अन्य सहायता भी दी जा रही है। इस अवसर पर बाल रक्षा भारत के सीईओए सुदर्शन सुचि ने कहा कि ये बच्चें भारत के भविष्य हैं।

अदालत में पेश हुए फडणवीस

नागपु। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस 2014 के अपने चुनावी हलफनामे में कथित रूप से आपराधिक मामलों का खुलासा नही करने को लेकर उनके खिलाफ कार्वाई के अनुरोध वाली एक याचिका के सिलसिले में शनिवार को नागपुर की एक अदालत में पेश हुए। उन्होंने सभी आरोपों का खंडन किया। फडणवीस का बयान दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 313 के प्रावधान के तहत लिखित प्रारूप में दर्ज किया गया। इस प्रावधान के तहत अदालत शिकायतकर्ता के साक्ष्य के आधार पर आरोपी के समक्ष प्रश्न रखती है। फडणवीस अपने वकील के साथ दोपहर 12 बजे दीवानी न्यायाधीश वी ए देशमुख के समक्ष पेश हुए और उन्हें 35 पन्ने दिए गए, जिनमें 110 प्रश्न अंकित थे। फडणवीस ने अपने वकीलों के साथ चर्चा के बाद हर प्रश्न का उत्तर स्वयं लिखा। बाद में उनके वकील ने संवाददाताओं से कहा कि शिकायत में लगाए गए सभी आरोपों से उनके मुवक्किल ने इनकार किया है।

उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की पूर्ण संख्या अपवाद नहीं, नियमित व्यवस्था होनी चाहिए: सीजेआई

नई दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ ने कहा है कि न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या के साथ शीर्ष अदालत का संचालन कोई अपवाद वाली बात नही, बल्कि एक नियमित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने सेंटर फॉर रिसर्च एंड प्लानिंग (सीआरपी) नामक आंतरिक थिंक टैंक से कहा कि वह भविष्य के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में चयन के लिए देश के शीर्ष 50 न्यायाधीशों का डेटा एकत्र करे। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार के 13 फरवरी को शपथ लेने के बाद शीर्ष अदालत में सीजेआई सहित न्यायाधीशों की कुल संख्या 34 हो गई, जो इस न्यायालय में न्यायाधीशों की अधिकतम स्वीकृत संख्या है। सीआरपी की स्थापना 2018 में तत्कालीन सीजेआई न्यायमूर्ति रंजन गोगोई द्वारा की गई थी, ताकि शीर्ष अदालत के ज्ञान के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा सके।

सीआरपीएफ के जवानों को विमान की सुविधा क्यों नही दी गई

भाषा। नई दिल्ली

● मलिक के दावों के बाद कांग्रेस का सवाल

कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के दावों के बाद शनिवार को कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि 2019 के पुलवामा हमले की जांच का नतीजा क्या निकला और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को जाने के लिए विमान की सुविधा क्यों मुहैया नहीं कराई गई थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार न्यूनतम शासन, अधितम चुप्पी पर अमल कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक द्वारा एक साक्षात्कार में किए गए खुलासों पर टिप्पणी करनी चाहिए। मलिक के साक्षात्कार में किए गए दावों पर फिलहाल सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। रमेश ने कहा, यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब दे। कांग्रेस राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषय पर सवाल पूछती रहेगी। उन्होंने दावा किया, कल एक साक्षात्कार में मलिक ने काफी कुछ सनसनीखेज खुलासे किए हैं और इसको दबाने की पूरी कोशिश की जा रही है। जो अपने आपको सत्य का पालनहार मानते हैं, वो सत्यपाल मलिक जी के साक्षात्कार को दबाने में लगे हुए हैं, पर ए सच्चाई दबेगी नहीं और इसको हम आगे लेकर जा रहे हैं। उधर, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मलिक के इस साक्षात्कार के एक हिस्से को शेयर करते हुए ट्वीट किया, 20,000 करोड़ रुपए किसके हैं - इस सवाल का जवाब देने से प्रधानमंत्री जी इतना डरते क्यों हैं? कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा और प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी मलिक की टिप्पणी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। खेड़ा ने कहा, एक फिल्म आई थी, जिसने 300 करोड़ रुपए कमाए थे, उसका नाम कश्मीर फाइल्स था। मलिक जी ने जिस 300 करोड़ रुपए के घोटाले की बात की है, वो कश्मीर फाइल्स- पार्ट- है।भाजपा के नेता उस फिल्म पर तो बड़ा बोल रहे थे।

सरकार ने सतत मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम को मंजूरी दी

भाषा। नई दिल्ली

● गगनयान एक बार का मिशन नहीं होगा : इसरो

भारत का गगनयान मिशन एक बार का अभियान नहीं होगा क्योंकि सरकार ने सतत मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम को मंजूरी दी है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम निदेशालय के निदेशक इम्तियाज अली खान ने यहां बी इंस्पायर्ड: फेस्टिवल ऑफ आइडियाज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कि गगनयान के बाद के अंतरिक्ष मिशन में चिकित्सक और वैज्ञानिक जैसे नागरिक शामिल हो सकते हैं। अली ने कहा कि पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन को अगले साल के अंत में प्रक्षेपित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि इस उड़ान के लिए भारतीय वायु सेना के चार पायलट का चयन किया गया है और वे मिशन के लिए व्यापक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। गगनयान मिशन एक बार वाला अभियान नहीं होगा क्योंकि सरकार ने सतत मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम को मंजूरी दी है। पहले इसरो भारत की पहली सफल मानव अंतरिक्ष उड़ान को पूरा कर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करेगा, उसके बाद भविष्य के मिशन तय किए जाएंगे। बाद के मिशन के लिए गैर-पायलट लोग शामिल होंगे, जिनमें नागरिक, महिलाएं, चिकित्सक और वैज्ञानिक शामिल होंगे। अंतरिक्ष मिशन शुरू करने के लिए उम्र बहुत सख्त मानदंड नहीं है क्योंकि प्रशिक्षण सत्र के दौरान व्यक्ति को फुर्तीला, स्वस्थ और प्रक्रियाओं को आसानी से समझने में सक्षम होना चाहिए।

केरल में भाजपा नेताओं ने ईसाई समुदाय के सम्मान में जलपान दिया

भाषा। तिरुवनंतपुरम

ईस्टर डे पर ईसाइयों के घरों पर स्नेह यात्रा करने के बाद केरल में भाजपा नेताओं ने इस अल्पसंख्यक समुदाय को रिझाने का प्रयासों को जारी रखते हुए शनिवार को विशु के मौके पर ईसाई समुदाय लोगों के लिए जलपान की मेजबानी की। पूर्व केंद्रीय मंत्री और केरल के भाजपा मामलों के प्रभारी प्रकाश जावडेकर ने यहां पार्टी के जिलाध्यक्ष वी वी राजेश के घर पर जलपान पर आयोजित एक बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने प्रभावशाली ईसाई समुदाय के दो पादरियों को शॉल भेंट किया और उनके साथ जलपान ग्रहण किया। सूत्रों ने बताया कि भाजपा के स्थानीय नेतृत्व की पहल पर अन्य जिलों में भी इस तरह के जलपान कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कदम को 2024 के आम चुनाव से पहले ईसाइयों को रिझाने के प्रयास के तहत उनके साथ नजदीकी कायम करने की भाजपा की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

ओवैसी ने पिछड़ी मुस्लिम जातियों को आरक्षण देने की वकालत की

जयपुर। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए राज्य की 82 पिछड़ी मुस्लिम जातियों को आरक्षण देने की वकालत की है। उन्होंने शनिवार को यहां कहा कि वह इस बारे में एक रिपोर्ट देने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलेंगे। ओवैसी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में मुस्लिम्स इन राजस्थान रिपोर्ट के हवाले से कहा कि केवल दो प्रतिशत मुसलमानों की उच्च शिक्षा तक पहुंच है, उनके पास कम जमीन है और अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति के बाद मुसलमानों की जीवन प्रत्याशा सबसे कम है। उन्होंने कहा, अगर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मुझे समय दें तो मैं मुसलमानों की आर्थिक और शिक्षा की स्थिति के बारे में रिपोर्ट उन्हें दूंगा। इसके अनुसार, केवल दो प्रतिशत मुसलमानों की उच्च शिक्षा तक पहुंच है, उनके पास कम जमीन है और जीवन प्रत्याशा कम है और वे कुपोषण का शिकार हैं। इस स्थिति के आधार पर 82 पिछड़ी मुस्लिम जातियों को आरक्षण मिलना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए बजट को 90 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 280 करोड़ रुपए करना मुसलमानों के समग्र विकास के लिए बहुत कम है। उन्होंने आरोप लगाया कि रिपोर्ट संकेत दे रही है कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों ने अल्पसंख्यकों के लिए कुछ नहीं किया है।

टीएमसी के भ्रष्टाचार और कुशासन को बेनकाब करें

● अमित शाह ने भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई से कहा

भाषा। कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने पार्टी की बंगाल इकाई को एकजुट होकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के खिलाफ लड़ने और उसके भ्रष्टाचार एवं कुशासन को बेनकाब करने को कहा है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को यह जानकारी दी।

भाजपा नेता ने कहा कि शाह ने भाजपा की प्रदेश इकाई को पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए भी कहा। शाह राज्य के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने अपने दौरे के दौरान पार्टी के राज्य-स्तरीय नेताओं के साथ बंद कमरे में दो दौर की संगठनात्मक बैठकें कीं। उन्होंने एक बैठक शुक्रवार रात और दूसरी शनिवार सुबह की। भाजपा नेता ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर कहा, अमित शाह जी ने कहा है कि पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की जरूरत है और वह अपने संगठन के बल पर ही आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा है कि जब कोई पार्टी विपक्ष में होती है, तो उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उसे उन चुनौतियों का सामना करने के बाद विजई होकर उभरना होता है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, शाह ने 2024 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल राज्य से 35 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने पार्टी नेताओं से टीएमसी के कुशासन के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ने और सत्तारूढ़ पार्टी के "भ्रष्टाचार और अत्याचार" को बेनकाब करने को कहा। भाजपा के नेता ने कहा, अमित शाह जी ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पार्टी अगले लोकसभा चुनाव में राज्य की कुल 42 में से कम से कम 35 सीट जीते और अब से हमारा ध्यान और ऊर्जा लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अगले आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। शाह ने शुक्रवार को बीरभूम में एक रैली को संबोधित करते हुए लक्ष्य की बात कही थी और दावा किया था कि अगर यह हासिल हो जाता है, तो बंगाल में ममता बनर्जी सरकार 2025 से आगे नहीं टिक पाएगी।सागरदिघी विधानसभा सीट के लिए हाल ही में हुए उपचुनाव का जिक्र करते हुए, शाह ने पार्टी की प्रदेश इकाई से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उसके वोट में आई कमी पर बिना किसी चूक के जांच की जाए। इस उपचुनाव में भाजपा तीसरे स्थान पर खिसक गई थी। आंतरिक बैठक के दौरान, प्रदेश भाजपा के कई नेताओं ने आगामी पंचायत चुनावों के दौरान केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की। शाह ने प्रदेश इकाई को पहले संगठन को मजबूत करने की सलाह दी। भाजपा नेता ने कहा, उन्होंने (शाह) कहा कि अगर राज्य निर्वाचन आयोग केंद्रीय बलों की मांग करता है, तो इसे उपलब्ध कराने में कोई बुराई नहीं है। लेकिन उन्होंने कहा कि पहले हमें अपने संगठन को मजबूत करना चाहिए राज्य इकाई को शाह ने यह सलाह ऐसे समय में दी है, जब भाजपा की प्रदेश इकाई अंदरूनी कलह और नेताओं के पार्टी छोड़कर जाने से परेशान है।

हिमाचल डे दिवस पर लोक नृत्य करते कलाकार

घर में चूके लखनऊ के सुपर जायंट्स

●पंजाब किंग्स की दो विकेट की रोमांचक जीत

लखनऊ। अटल बिहारी इकाना स्टेडियम में सिकंदर रजा (57 रन) की अर्धशतकीय पारी के बाद आखिरी ओवरों में शाहरुख खान की 10 गेंद में नाबाद 23 रन की पारी के दम पर पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शनिवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से शिकस्त दी। लखनऊको आठ विकेट पर 159 रन पर रोकने के बाद पंजाब ने 19.3 ओवर में आठ विकेट पर 161 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। पंजाब के लिए रजा ने 41 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए जबकि शाहरुख ने दो छक्के लगाने के बाद विजई चौका जड़ा। टीम को मैथ्यू शॉट ने 22 गेंद में 34 रन बनाए। रजा ने गेंदबाजी में भी दो ओवर में 19 रन देकर एक विकेट लिया और अपने हरफनमौला खेल के लिए मैन ऑफ द मैच चुने गए। लखनऊके लिए रवि बिश्नोई ने 2.3 ओवर में 18 रन देकर दो और पदार्पण करने वाले युद्धवीर सिंह तीन ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लिए। मार्क वुड को दो जबकि कृष्णप्पा गौतम और क्रुणाल पंड्या को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले कप्तान लोकेश राहुल की 56 गेंद में 74 रन की पारी के बावजूद लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। पंजाब के नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे में चोट के कारण टीम से बाहर है और उनकी गैरमौजूदगी में सैम कुरेन टीम की अगुवाई की। कुरेन ने शानदार गेंदबाजी की और चार ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट के साथ टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उनके अलावा कागिसो रबाडा को दो जबकि अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बराड़ और सिकंदर रजा ने एक-एक विकेट चटकाए। राहुल ने काइल मायर्स (29 रन) के साथ 53 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन क्रुणाल पंड्या (18) और मार्कस स्टोइनिस (15) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। राहुल ने इस दौरान

सिकंदर रजा 57 रन

अपना 30वां रन लेते ही आईपीएल में 4000 रन पूरे किए। वह ऐसा करने वाले 14वें बल्लेबाज है। लक्ष्य का बचाव करते हुए युद्धवीर ने अपने शुरुआती दो ओवर में अथर्व तायडे (शून्य) और प्रभसिमरन सिंह (चार) को चलता कर लखनऊ को अच्छी शुरुआत दिलाई। इन विकेटों का शॉर्ट पर कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने दूसरे ओवर में आवेश के खिलाफ तीन चौके जड़ने के बाद पांचवें ओवर में युद्धवीर के खिलाफ दो चौके लगायं। उन्होंने छठे ओवर में कृष्णप्पा गौतम के खिलाफ पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन गेंद पर कवर क्षेत्र में स्टोइनिस को कैच दे बैठे। पावर प्ले में तीन विकेट गंवाने के बाद हरप्रीत सिंह और सिकंदर रजा ने संभल कर बल्लेबाजी की जिससे जरूरी रन गति बढ़ गया। हरप्रीत ने 11वें ओवर में क्रुणाल के खिलाफ चौका लगाया लेकिन एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में युद्धवीर को कैच दे बैठे।

स्कोरबोर्ड

लखनऊ सुपर जायंट्स पारी : लोकेश का (स्थानापन्न नाथन एलिस) बो अर्शदीप 74,मार्यर्स का एवं बो हरप्रीत 29, हुड्डा पगबाधा रजा 02,पंड्याका शाहरुख बो रबाडा 18,पूरन का शाहरुख बो रबाडा 00, स्टोइनिसका जितेश बो कुरेन 15, बडोनी नाबाद 05, गौतम का रजा बो कुरेन 01, सिंह का शाहरुख बो कुरेन 00, बिश्नोई नाबाद 03,अतिरिक्तः (लेग बाईः 05 , नोबॉलः 01 , वाइडः 06) 12, कुल योगः (20 ओवर में आठ विकेट पर) 159 रन, **विकेट पतन**:1-53, 2-62, 3-110, 4-111, 5-142, 6-150, 7-154, 8-154,**गेंदबाजी**:शॉर्ट 2-0-10-0,अर्शदीप 3-0-22-1,रबाडा 4-0-34-2,कुरेन 4-0-31-3,बराड़ 2-0-10-1,रजा2-0-19-1,राहुल 3-0-28-0

पंजाब किंग्स पारी:तायडे का आवेश बो युद्धवीर 00,प्रभसिमरन बो युद्धवीर 04,शॉर्टका स्टोइनिस बो कृष्णप्पा 34,हरप्रीत का युद्धवीर बो क्रुणाल 21, रजा का स्टोइनिस बो बिश्नोई 57, कुरेन का क्रुणाल बो बिश्नोई 06,शर्मा का राहुल बो वुड 02,शाहरुख नाबाद 10, बराड़ का पूरन बो वुड 06,रबाडा नाबाद 00,**अतिरिक्तः** (लेग बाईः 02 , वाइडः 05) 07, कुल योगः (19.3 ओवर में आठ विकेट पर) 161 रन,**विकेट पतन**:1-0, 2-17, 3-45, 4-75, 5-112, 6-122, 7-139, 8-153,**गेंदबाज**:युद्धवीर 3-0-19-2, खान3-0-24-0,वुड 4-0-35-2, गौतम 4-0-31-1,पंड्या 3-0-32-1, बिश्नोई2.3-0-18-2

आईपीएल-16 स्टेडियम से

बुमराह ने रिहैब शुरु किया, अय्यर अगले हफ्ते कराएंगे पीठ की सर्जरी

मुंबई। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने शनिवार को कहा कि न्यूजीलैंड में पीठ के निचले हिस्से की सफल सर्जरी के बाद भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अब दर्द से राहत है और उन्होने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन शुरु कर दिया है। बीसीसीआई ने श्रेयस अय्यर के बारे में भी अपडेट दी और कहा कि यह बल्लेबाज अगले हफ्ते पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी कराएगा। सितंबर 2022 के बाद से क्रिकेट से बाहर चल रहे बुमराह एशिया कप और टी20 विश्व कप में नही खेल पाए थे और यह देखना होगा कि वह दो महीने के अंदर ओवल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले भरत के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए फिट होंगे या नही। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक बयान में कहा, बुमराह के पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी सफल रही और उन्हें अब कोई दर्द नही है। इसके अनुसार, इस तेज गेंदबाज को विशेषज्ञो ने सर्जरी के छह हफ्ते बाद रिहैब शुरु करने की सलाह दी और इसी के अनुसार बुमराह ने शुक्रवार से बेंगलुरु में एनसीए में अपना रिहैबिलिटेशन प्रबंधन शुरु कर दिया है। जहां तक अय्यर का प्रश्न है तो कोलकाता नाइट राइडर्स के नियमित कप्तान अपनी पीठ के निचले हिस्से के उपचार के कारण मौजूदा टूर्नामेंट मे नही खेल पाए और वह अगले हफ्ते सर्जरी कराएंगे। बयान के मुताबिक, वह दो हफ्तों के लिए सर्जन की देखभाल मे रहेंगे और रिहैबिलिटेशन के लिए एनसीए लौटेंगे।

मैक्सवेल की हौसलाअफ्जाई के लिए आस्ट्रेलिया से आए चार बचपन के दोस्त

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल के बचपन के चार दोस्त उनकी हौसलाअफ्जाई करने आस्ट्रेलिया से यहां पहुंचे है। आरसीबी ने अभी तक तीन में से महज एक मैच मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीता है और दो अंक लेकर अंकतालिका में आठवे स्थान पर है। मैक्सवेल ने मुंबई के खिलाफ 12, केकेआर के खिलाफ पांच और लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 59 रन बनाए। ऐसे में उम्मीद है कि दोस्तो के आने से उनका मनोबल बढेगा और वह अपने तथा टीम के अभियान को ढे पर ला सकेंगे। आरसीबी के साथ पिछले दो साल शानदार रहे है और दोस्तो के आने से मजा और भी बढ जाएगा। आरसीबी के खिलाड़ियों में जबर्दस्त तालमेल है और हमें पता है कि तस्वीर बदलेगी। अपने दोस्तों का यहां होना वाकई बहुत खास है। उम्मीद है कि हमे आगे कामयाबी मिलेगी और आरसीबी अंकतालिका में ऊपर जाएगी। मैक्सवेल के दोस्त एंथोनी डेविस मैकेनिकल किसान है, ब्रेंडन और नाथन वाल्श स्कूल में शिक्षक है और आरोन डेनियल्स इलेक्ट्रीशियन है। मै बहुत रोमांचित हूं। इन सभी के सामने अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। उनका यहां आना मेरे लिए खास है। हमें बचपन से पता था कि ग्लेन खास है। वह काफी प्रतिभाशाली है और उसमे सकारात्मकता भरी हुई है। हम बचपन से काफी करीब है।

हमारे यही गेंदबाज फिर अच्छा प्रदर्शन करेंगे : राणा

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाज भले ही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नाकाम रहे हो लेकिन कप्तान नितिश राणा का कहना है कि आने वाले मैचों में यही गेंदबाज उन्हे जीत दिलाएंगे। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक के 55 गेद मे नाबाद 100 रन की मदद से सनराइजर्स ने चार विकेट पर 228 रन बनाए जो आईपीएल मे उनका दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। जवाब में केकेआर लक्ष्य से 23 रन पीछे रह गई। मुझे पता है कि यही गेंदबाज आने वाले मैचों में अच्छा प्रदर्शन करके जीत दिलाएंगे। हम एक गेंदबाजी ईकाई के रूप मे इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकते है। ब्रूक के लिए हमने रणनीति बनाई थी। हम उस पर 60 से 70 प्रतिशत ही अमल कर सके जिसका श्रेय बल्लेबाज को जाता है। लेकिन हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। उन्होने कहा , हम सात आठ बल्लेबाजों के साथ खेल रहे है और इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के अनुसार अतिरिक्त बल्लेबाज उतार सकते थे। गुरबाज, वेंकटेश अय्यर और मैने अर्धशतक जमाए। रिंकू सिंह ने अच्छी बल्लेबाजी की और हमें पता है कि आंद्रे रसेल क्या कर सकता है। एक ही दिन में सारे बल्लेबाज नही चल सकते। हमें बल्लेबाजी ईकाई को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नही है।

लखनऊ में मयंक यादव की जगह अर्पित गुलेरिया

लखनऊ। हिमाचल प्रदेश के दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज अर्पित गुलेरिया आईपीएल के बाकी मैचों के लिए लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम में चोटिल तेज गेंदबाज मयंक यादव की जगह लेंगे। आईपीएल द्वारा जारी बयान में चोट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। गुलेरिया को 20 लाख रूपए में लिया गया है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के लिए घरेलू क्रिकेट में पदार्पण किया और अब सेना के लिए खेलते है।

फॉर्म में चल रहे करण प्रताप ने पहली ट्राफी जीती

चंडीगढ़। युवा गोल्फर करण प्रताप सिंह ने शनिवार को यहां चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में एक करोड़ पुरस्कार राशि की पीजीटीआई प्लेयर्स चैम्पियनशिप में अपनी पहली ट्राफी हासिल की। इस 22 साल के गोल्फर ने पिछले हफ्ते नोएडा में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान हासिल किया था जिसमें वह प्लेऑफ मे हार गए थे। करण (70-70-68-70) बीती रात दूसरे स्थान पर चल रहे थे, उन्होंने चौथे दिन दो अंडर 70 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर 10 अंडर 278 रहा और वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से एक शॉट से जीत हासिल करने में सफल रहे।

कप्तान बाबर के सौवें टी20 में पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को हराया

लाहौर। पाकिस्तान ने अपने कप्तान बाबर आजम के सौवें टी20 मैच का जश्न पांच मैचो की श्रृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड को 88 रन से हराकर मनाया। तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 18 रन देकर चार विकेट लिए। न्यूजीलैंड की टीम चार ओवर बाकी रहते 94 रन पर ही आउट हो गई। उसने आखिरी पांच विकेट छह रन के भीतर गंवा दिए। इससे पहले पाकिस्तान ने 182 रन बनाए। युवा बल्लेबाज साइम अयूब और फखर जमां दोनो ने 47 रन की पारी खेली।

लाहिड़ी वियतनाम में 13वें स्थान के साथ भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ

कैम रान्ह (वियतनाम)। भारत के अनिर्बान लाहिड़ी शनिवार को यहां 20 लाख डॉलर (लगभग 16.37 करोड़ रुपए) इनामी इंटरनेशनल सीरीज वियतनाम गोल्फ प्रतियोगिता के तीसरे दौर मे पांच अंडर 67 के शानदार स्कोर के साथ संयुक्त 13वें स्थान पर पहुंच गए। लाहिड़ी ने दो बोगी के मुकाबले सात बर्डी के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होने इससे पहले दो दौर मे 69-69 का कार्ड खेला था। अन्य भारतीय खिलाड़ियों मे हनी बैसोया (72) संयुक्त 46वें स्थान पर है, जबकि एसएसपी चौरसिया (71) और एस चिक्कारंगप्पा (72) दोनो संयुक्त 56वें स्थान पर है। कार्तिक शर्मा (72) और वीर अहलावत (71) संयुक्त 62वें और करणदीप कोचर (72) संयुक्त 68वें स्थान पर है। इससे पहले जीव मिल्खा सिंह, राशिद खान, शिव कपूर, खलिन जोशी, गगनजीत भुल्लर, विराज मदप्पा और ज्योति रंधावा कट से चूक गए थे।

अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी उम्मीदों पर खरा उतराः वायुसेना प्रमुख

चंडीगढ। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने शनिवार को कहा कि मार्शल ऑफ द इंडियन एयर फोर्स अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट वास्तव में अंतरराष्ट्रीय मानकों की तुलना में खेल को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी स्तर तक बढ़ाने की अपनी उम्मीदों पर खरा उतरा है। वायुसेना प्रमुख ने कहा, यह जानकर खुशी हो रही है कि पिछले कुछ वर्षो में प्रतिभागी टीमों के खेल मानकों और कौशल के स्तर में काफी वृद्धि हुई है।

दिल्ली कैपिटल्स की लगातार पांचवी हार

●विराट कोहली का अर्धशतक, आरसीबी 23 रन से जीता,

भाषा। बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने विराट कोहली (50 रन) के अर्धशतक के बाद विजयकुमार वैशाख (20 रन देकर तीन विकेट) के शानदार पदार्पण से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से पराजित किया। दिल्ली कैपिटल्स अभी तक पांच मैचों में जीत का खाता भी नहीं खोल सकी है और लगातार पांचवीं हार से तालिका में अंतिम स्थान पर बरकरार है। कुलदीप यादव की अगुआई में दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनरों ने मध्य ओवरों में कसी गेंदबाजी की जिससे एक समय बड़े स्कोर की ओर बढ़ती दिख रही आरसीबी छह विकेट पर 174 रन ही बना सकी। कोहली (34 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के टूर्नामेंट में तीसरे अर्धशतक की बदौलत आरसीबी अच्छी स्थिति में थी। इस स्कोर में ग्लेन मैक्सवेल ने भी तीन गगनचुंबी छक्कों से जड़ित 14 गेंद की पारी में 24 रन का योगदान दिया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने दो रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे और मनीष पांडे (50 रन) की संघर्षपूर्ण अर्धशतकीय पारी के बावजूद टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 151 रन ही बना सकी। दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत काफी खराब हुई, उसने पहले तीन ओवरों में प्रत्एक में एक एक विकेट गंवाए जिससे तीन ओवर के बाद उसका स्कोर तीन विकेट पर चार रन था। पृथ्वी साव पहले ही ओवर में रन आउट हुए, दूसरे ओवर में मिचेल मार्श खाता भी नहीं खोल सके और वेन पार्नेल की गेंद पर कोहली को कैच देकर आउट हुए। तीसरे ओवर में यश धुल (01) मोहम्मद सिराज (23 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर पगबाधा आउट हुए और स्कोर था तीन विकेट पर दो रन। आरसीबी इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती थी। अब जिम्मेदारी कप्तान डेविड वॉर्नर और पांडे (38 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के कंधों पर थी। दिल्ली कैपिटल्स की स्पिन तिकड़ी कुलदीप (4-1-23-2), अक्षर पटेल (3-0-25-1) और ललित यादव (4-0-29-1) ने मध्य के ओवरों में आरसीबी की रन गति पर लगाम कसकर शानदार प्रदर्शन किया। लेकिन बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन इस मैच में भी जारी रहा। पांडे और वॉर्नर के अलावा एनरिच नोर्किया ने नाबाद 23 रन, अक्षर पटेल ने 21 रन और अमन हाकिम खान ने

स्कोरबोर्ड

दिल्ली कैपिटल्स : डेविड का कोहली बो विजयकुमार 19, साव रन आउट 00, मार्श का कोहली बो पार्नेल 00,धुल पगबाधा बो मोहम्मद सिराज 01, पांडे पगबाधा बो हसारंगा 50, पोरेल का पार्नेल बो हर्षल पटेल 05, पटेल का सिराज बो विजयकुमार 21,हाकिम खान का कोहली बो सिराज 18, यादव का मैक्सवेल बो विजयकुमार 04,नोर्किया नाबाद 23,यादव नाबाद 07,**अतिरिक्त** : 03,**कुल** : 20 ओवर में नौ विकेट पर : 151 रन,**विकेट पतन** :1-1, 2-1, 3-2, 4-30, 5-53, 6-80, 7-98, 8-110, 9-128,**गेंदबाजी** : सिराज 4-0-23-2,पार्नेल 4-0-28-1, वैशाख 4-0-20-3, अहमद 1-0-11-0,हसारंगा 3-0-37-1, पटेल 4-0-32-1

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर : कोहली का धुल बो ललित यादव 50,प्लेसिस का अमन खान बो मिचेल मार्श 22,लोमरोर का अभिषेक पोरेल बो मिचेल मार्श 26, मैक्सवेल का वॉर्नर बो कुलदीप यादव 24,पटेल का अभिषेक पोरेल बो अक्षर पटेल 06,अहमद नाबाद 20, कार्तिक का ललित यादव बो कुलदीप यादव 00, रावत नाबाद 15,**अतिरिक्त** : 11,**कुल** : 20 ओवर मे छह विकेट पर : 174 रन,**विकेट पतन** :1-42, 2-89, 3-117, 4-132, 5-132, 6-132,**गेंदबाजी** : नोर्किया 4-0-31-0, पटेल 3-0-25-1, रहमान 3-0-41-0,मार्श 2-0-18-2, यादव 4-0-29-1,कुलदीप 4-1-23-2

मुंबई के सामने केकेआर की चुनौती

भाषा। मुंबई

पूर्व चैम्पियन मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स रविवार को जब आमने सामने होंगे तो दोनों का लक्ष्य अपने अभियान को ढे पर लाने का होगा और रोहित शर्मा की टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती केकेआर के आक्रामक बल्लेबाजों को रोकने की होगी। मुंबई इंडियंस ने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर हार का सिलसिला तोड़ा जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स को ईडन गार्डंस पर विशाल स्कोर वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया। पिछला मैच जीतने के बावजूद आईपीएल की सबसे कामयाब टीम मुंबई वानखेड़े स्टेडियम पर काफी दबाव में रहेगी। इस सत्र में अभी तक रोहित शर्मा की टीम अपने चिर परिचित अंदाज में नहीं दिखी है। दो जीत और दो हार के बाद केकेआर अंकतालिका में चौथे स्थान पर है और मुंबई की तुलना में उसका रनरेट बहुत अच्छा है। मुंबई के लिए रोहित ने दिल्ली के खिलाफ 65 रन बनाए लेकिन उन्हें लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। वहीं सूर्यकुमार यादव का खराब फॉर्म लंबा होता जा रहा है। मुंबई को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की कमी खलेगी जो पहला मैच खेलने के बाद फिर कोहनी की समस्या का शिकार हो गए हैं। ऐसे में तेज गेंदबाजी का जिम्मा जासन बेहरेनडोर्फ और रिले मेरेडिथ पर होगा जबकि पीयूष चावला पिछले मैच में तीन विकेट लेने के बाद उस फॉर्म को दोहराना चाहेंगे। मुंबई को युवा ब्रिगेड टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, तिलक वर्मा और ईशान किशन से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। केकेआर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ चमत्कारिक जीत दर्ज की और सनराइजर्स के खिलाफ आखिरी गेंद तक किला लड़ाया। टाइटंस के खिलाफ आखिरी ओवर में पांच छक्के लगाने वाले रिंकू सिंह ने पिछले मैच में 58 रन बनाकर विरोधी टीमों की नींदे उड़ा दी है। उनके अलावा कप्तान नितिश राणा, वेंकटेश अय्यर, रहमानुल्लाह गुरबाज और शार्दुल ठाकुर ने भी रन बनाए हैं। केकेआर के लिए चिंता का सबब आंद्रे रसेल का खराब फॉर्म है। वह सनराइजर्स के खिलाफ चार ओवर भी पूरे नहीं कर सके।

आर्चर का खेलना संदिग्धः डेविड

मुंबई। मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में अपने चौथे मैच में रविवार को यहां जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसे एक बार फिर से तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की सेवाएं शायद ही मिले। आर्चर दो अप्रैल को टीम के पहले मुकाबले मे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ खेले थे लेकिन कोहनी में दर्द की परेशानी के कारण वह इसके बाद के मुकाबले नही खेल पाए। आर्चर की गैरमौजूदगी ने निश्चित रूप से मुंबई की परेशानियों को बढ़ा दिया है। अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी मे टीम तीन मे से सिर्फ एक मैच में जीत दर्ज कर सकी है।

रन और लय की तलाश में लगे सूर्यकुमार ने नेट पर जमकर बहाया पसीना

भाषा। मुंबई

दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के बल्ले से पिछले कुछ समय से रन नहीं निकल रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तीन पारियों में महज 15, एक और शून्य का स्कोर बनने वाले मुंबई इंडियंस के इस बल्लेबाज ने रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ खेले जाने वाले मैच से पहले जमकर बल्लेबाजी अभ्यास किया। आईपीएल से पहले मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के तीनों मैचों में वह पहली गेंद पर खाता खोले बगैर आउट हुए थे। शनिवार को इस दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने मुंबई इंडियंस के खेमे में थ्रोडाउन विशेषज्ञों के खिलाफ नेट अभ्यास में लंबा नेट सत्र बिताया। वह इस दौरान हालांकि अपने चिर-परिचित लय में नहीं दिख रहे थे। सूर्यकुमार के कुछ शॉट सीमा रेखा के अंदर गिर रहे थे तो वहीं उनके बगल में दूसरे नेट में बल्लेबाजी करने वाले कैमरून ग्रीन ने गेंद को आसानी से दर्शक-दीर्घा में भेजा। मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा, मुख्य कोच मार्क बाउचर और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने भी नेट सत्र में हिस्सा लिया और इस बल्लेबाज का हौसला बढ़ाते दिखे।

शैली ने सर्वकालिक दूसरी लंबीकूद लगाई,अमलान का दोहरा खिताबी प्रदर्शन

भाषा। बेंगलुरु

उत्तर प्रदेश की युवा शैली सिंह ने शनिवार को यहां इंडियन ग्रां प्री 4 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 6.76 मीटर की सर्वकालिक दूसरी लंबी कूद (भारतीय खिलाड़ियों में) लगाई जिससे वह स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहीं। वह इस कूद से अपनी आदर्श और मेंटोर अंजू बॉबी जॉर्ज से पीछे सर्वकालिक दूसरे स्थान पर काबिज हो गईं। शैली के प्रदर्शन के सामने असम के धावक अमलान बोरगोहेन का पुरुष वर्ग में 100 और 200 मीटर का दोहरा खिताब भी फीका पड़ गया। उन्नीस साल की शैली ने अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में 28 सेंटीमीटर का सुधार किया। इस तरह वह सर्वकालिक ऊंची कूद लगाने की सूची में ऐश्वर्या बाबू(6.73 मीटर), जेजे शोभा और नीना (6.66), मयूखा जॉनी (6.64), एम प्रजुशा, नयना जेम्स और सोजान (6.55) को पीछे छोड़कर जॉर्ज (6.83 मीटर) के बाद दूसरी सर्वश्रेष्ठ भारतीय बन गई।

बराबरी के मुकाबले में आमने सामने होंगे टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स

भाषा। अहमदाबाद

पिछले मैच में पंजाब किंग्स पर रोमांचक जीत दर्ज करने के बाद गुजरात टाइटंस का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को राजस्थान रॉयल्स से होगा तो उनका इरादा अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज होने का रहेगा। अब तक हार्दिक पंड्या की टाइटंस ने संजू सैमसन की अगुवाई वाली रॉयल्स के खिलाफ तीनों मैच जीते हैं लिहाजा मनोवैज्ञानिक रूप से उसका पलड़ा भारी होगा। टाइटंस ने आईपीएल 2022 में पदार्पण करते हुए फाइनल में 11 गेंद बाकी रहते सात विकेट से जीत दर्ज की थी। फिलहाल टीम छह अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। लखनऊ सुपर जाइंट्स और रॉयल्स के भी छह अंक हैं लेकिन नेट रनरेट के आधार पर तीनों टीमें अलग अलग पायदान पर हैं। रॉयल्स और टाइटंस बल्लेबाजी और गेंदबाजी के मामले में बराबरी की टीमें हैं लेकिन पिछले साल इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मिली तीन जीत से टाइटंस के हौसले बुलंद हैं। दूसरी ओर रॉयल्स इस सिलसिले को तोड़ने को बेताब होंगे। दोनों टीमों के कोर खिलाड़ी लगभग वहीं हैं और नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर दबाव का बेहतर सामना करने वाली टीम ही विजई होगी। रॉयल्स के पास शीर्ष क्रम में यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर और सैमसन हैं जिन्होंने पावरप्ले का बखूबी इस्तेमाल किया है। बटलर का पावरप्ले में स्ट्राइक रेट 196.6 है। वहीं जायसवाल का पावरप्ले के ओवरों में स्ट्राइक रेट 184 है। देवदत्त पड्डिकल, रविचंद्रन अश्विन, शिमरोन हेटमाएर और जैसन होल्डर के रहते रॉयल्स के बल्लेबाजी क्रम में काफी गहराई है। गेंदबाजी में उनका इकॉनामी रेट अब तक 7 . 3 रहा है जो बेहतरीन कहा जा सकता है। उसके शीर्ष तीन स्पिनरों एडम जाम्पा, अश्विन और युजवेंद्र चहल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। अब देखना होगा कि चेन्नई पर तीन रन से मिली जीत के बाद क्या वही गेंदबाजी संयोजन फिर उतारा जाता है।

गलत कैच पकड़कर चुन्नी दा को शतक पूरा नहीं करने दियाः गावस्कर

भाषा। कोलकाता

महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने शनिवार को स्वीकार किया कि उन्होंने भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान चुन्नी गोस्वामी का गलत कैच पकड़कर उन्हें रणजी ट्रॉफी मैच में शतक बनाने से वंचित कर दिया था। भारतीय फुटबॉल को बुलंदी पर पहुंचाने वाले गोस्वामी ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बंगाल का प्रतिनिधित्व किया था। गावस्कर ने शनिवार को दिग्गज फुटबॉलर के नाम पर मोहन बागान के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया। एशियाई खेल 1962 में भारतीय टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले गोस्वामी का 30 अप्रैल 2020 को 82 वर्ष की आयु में का निधन हो गया था। गावस्कर ने बंगाली नए साल की शुभकामना देने के साथ अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए कहा, मुझे उनके (चुन्नी गोस्वामी) के खिलाफ रणजी ट्रॉफी (1968-69 सत्र, मुंबई बनाम बंगाल मैच) में खेलने का सौभाग्य मिला था।

मुखेजा, नैन्सी और सांगवान राष्ट्रीय चयन ट्रायल में जीते

भाषा। भोपाल

पंकज मुखेजा ने राष्ट्रीय चयन ट्रायल निशानेबाजी में यहां पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन का खिताब अपने नाम किया जबकि नैन्सी और रिदम सांगवान की हरियाणा की निशानेबाज जोड़ी क्रमशः महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष पर रही। इक्कीस साल के पंकज ने कड़े मुकाबले में पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता स्वप्निल कुसाले को 16-12 से मात दी। क्वालीफिकेशन में स्थानीय खिलाड़ी और भारत के शीर्ष निशानेबाज (50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन) ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर 591 अंक के साथ शीर्ष पर थे। वह रैंकिंग दौर में हालांकि स्वर्ण पदक मुकाबले के लिए जगह बनाने से चूक गए। रैंकिंग दौर में उन्होंने 407.4 अंक हासिल किए जबकि स्वप्निल 408 अंक साथ दूसरे स्थान पर थे। पंकज 413.7 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में नैन्सी ने ग्रुप ए राष्ट्रीय चयन ट्रायल के तीसरे दिन पश्चिम बंगाल की मेहुली घोष को 16-10 से हराया। मेहुली क्वालीफिकेशन दौर में 42 खिलाड़ियों में 633.8 अंक के साथ शीर्ष पर थी लेकिन फाइनल में नैन्सी उन पर भारी पड़ी। रिदम सांगवान ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 25 मीटर पिस्टल के पदक मैच में 32 सटीक निशाने लगाए। उत्तर प्रदेश की नेहा 31 निशाने के साथ दूसरे और तेलंगाना की ईशा सिंह 21 निशाने के साथ तीसरे पायदान पर रहीं।